THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 296 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.4, 2082 गुरुवार, 22 जनवरी-2026

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये




मुख्यमंत्री जन आवास योजना-3A

के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एवं रेरा में पंजीकृत नितल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा विकसित आवासीय योजना

नितल
स्टूडियो और 3 बीएचके अपार्टमेंट

90% तक लोन उपलब्ध
विश्वस्तरीय क्लब हाउस व स्विमिंग पूल
केन्द्रीय व राज्य कर्मचारियों, कॉर्पोरेट्स एवं प्रवासी राजस्थानवासियों के लिए 1 लाख रुपये तक की विशेष छूट।

आवेदन की अंतिम तिथि
24 जनवरी, 2026

| उपलब्ध फ्लैट | पंजीकरण राशि | मूल कीमत |
|---|---|---|
| स्टूडियो फ्लैट | ₹66,000 | ₹23.0 लाख* |
| 3 BHK फ्लैट | ₹96,000 | ₹44.0 लाख* |

आवेदन हेतु SCAN करें
www.nitalcmjanawas.in

9785 30 7000
9772 51 1112

विकासकर्ता -
नितल इंफ्राप्रॉजेक्ट्स एलएलपी

*Terms & Conditions Apply

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

गुरुवार, 22 जनवरी, 2026 2

**सुविचार**
गलतियाँ हर एक इंसान करता है, पर गलती वही स्वीकार करता है, जो गलतियों से सीखता है!

# मंत्री अज़हरुद्दीन द्वारा रमज़ान की तैयारियों की समीक्षा

## अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं में तेजी का दिया निर्देश



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सार्वजनिक उद्यम और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अज़हरुद्दीन ने बुधवार को तेलंगाना सचिवालय में सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के साथ रमज़ान व्यवस्थाओं 2026 और प्रमुख अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की प्रगति पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में रमज़ान तैयारियों, 'शादी मुबारक योजना' के तहत फंड के उपयोग, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम परियोजनाओं की प्रगति और क्रिसमस समारोहों के कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को जानकारी दी कि जिले समय पर लाभ वितरण और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। सरकारी सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर और विभिन्न अल्पसंख्यक कल्याण संस्थाओं के अध्यक्षों ने योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी को मजबूत करने के सुझाव दिए। अज़हरुद्दीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर जिला स्तरीय रमज़ान समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं, जिसमें जिला प्रभारी मंत्री, कलेक्टर, विधायक, संबंधित विभागीय अधिकारी और धार्मिक नेता शामिल हों। उन्होंने कहा कि पेंडिंग शादी मुबारक आवेदन तुरंत निपटाए जाएं । क्रिसमस समारोहों के लिए जारी धन का उपयोग चर्च की सफाई और विद्युत कार्यों में किया जाए। मंत्री ने समय पर कार्यान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देते हुए कहा कि इसका अधिकतम लाभ राज्य के अल्पसंख्यक समुदायों को मिलना चाहिए।

### अल्पसंख्यक मंत्री अजहरुद्दीन के कार्यकाल को लेकर अनिश्चितता

**विधान परिषद सदस्यता चुनौती**

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नगर निगम चुनाव नजदीक आने के साथ ही, राज्य मंत्रिमंडल में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन के कार्यकाल के जारी रहने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने 31 अक्टूबर 2025 को मंत्री के रूप में शपथ ली थी। संवैधानिक नियमों के अनुसार, उन्हें छह महीने के भीतर विधान परिषद की सदस्यता लेनी होगी, जिसकी समय सीमा 30 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रही है। वर्तमान में विधान परिषद में स्थानीय प्राधिकरण श्रेणी में एक और मनोनीत श्रेणी में दो रिक्तियां हैं।

पिछले साल कांग्रेस सरकार ने राज्यपाल के कोटे से प्रोफेसर एम. कोडंडाराम और अजहरुद्दीन को मनोनीत किया था, लेकिन बीआरएस ने इन नियुक्तियों को चुनौती दी और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से प्रक्रियागत आधार पर उन्हें रद्द कर दिया गया। सितंबर में पुन: मनोनीत किया गया, लेकिन अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। जुबली हिल्स उपचुनाव से पहले मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने के लिए अजहरुद्दीन की उम्मीदवारी को राजनीतिक कदम माना गया। हालांकि कांग्रेस ने उपचुनाव जीत लिया, मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के जारी रहने पर अभी भी सवाल हैं।

यदि नगरपालिका चुनाव फरवरी में होते हैं, तो उन्हें एमएलसी चुने जाने के लिए स्थानीय प्राधिकरण श्रेणी में चुनाव लड़ना होगा, लेकिन उपलब्ध समय को देखते हुए यह विकल्प अव्यवहारिक है। खेल कोटे के तहत नामांकन भी संभावित है, लेकिन अजहरुद्दीन ने लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, जिससे इसकी व्यवहार्यता पर सवाल उठ रहे हैं। एमएलसी बी दयानंद, गोरेती वेंकन्ना और बसवराजू सरैया का कार्यकाल नवंबर 2026 में समाप्त होगा, लेकिन 30 अप्रैल की समय सीमा को देखते हुए यह विकल्प भी अजहरुद्दीन के लिए व्यवहार्य नहीं माना जा रहा है।

### तेलंगाना हाई कोर्ट ने बालापुर में धर्म रक्षा सभा के लिए अनुमति दी

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाई कोर्ट ने 24 जनवरी को बालापुर में होने वाली धर्म रक्षा सभा के लिए अनुमति प्रदान की है। भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के महासचिव डॉ. आर. शशिधर ने प्रेस बयान में कहा कि राज्य सरकार ने इस शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक सभा को रोकने का प्रयास किया, जो "जागो भाग्यनगर - चलो बालापुर" के नारे के तहत आयोजित हो रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य भाग्यनगर के भविष्य और देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है, जिसमें अवैध प्रवास से संबंधित चिंताएं शामिल हैं।

हाईकोर्ट द्वारा सभा को अनुमति देना संवैधानिक अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि है। "जागो भाग्यनगर" आंदोलन 24 जनवरी से बालापुर में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रूप से जारी रहेगा। महासचिव ने नागरिकों से अपील की कि वे राष्ट्रीय अखंडता, संवैधानिक मूल्यों और सार्वजनिक सुरक्षा में विश्वास रखते हुए सभा में बड़ी संख्या में भाग लें और इसे सफल बनाएं।

# सीईओ ने मतदाता रजिस्टर तक सुरक्षित नागरिक-अनुकूल पहुँच पर जोर दिया




हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सी. सुदर्शन रेड्डी ने बुधवार को कहा कि मतदाता रजिस्टर तक आसान लेकिन सुरक्षित पहुँच चुनावी पारदर्शिता और जनविश्वास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि खुलापन मजबूत डेटा-सुरक्षा उपायों के साथ संतुलित होना चाहिए। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईसीडीईएम-2026) में संबोधित करते हुए सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि मतदाता, राजनीतिक दल और नागरिक समाज संगठन व्यक्तिगत विवरणों की पुष्टि, चुनावी गतिविधियों की योजना और चुनावों की निष्पक्षता की निगरानी के लिए सटीक और समय पर मतदाता जानकारी पर निर्भर रहते हैं। मतदाता रजिस्टर तक पहुँच की सुगमता विषय पर अपनी प्रस्तुति में तेलंगाना के सीईओ ने चुनाव प्राधिकरणों द्वारा अपनाए गए व्यावहारिक तंत्रों का उल्लेख किया, जिनमें ऑनलाइन मतदाता-खोज सेवाएँ, नियंत्रित-प्रवेश कियोस्क और सीमित-विवरण वाली मतदाता सूचियाँ शामिल हैं, ताकि जानकारी सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रारूपों में उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी-सक्षम मतदाता सेवाओं से शिकायतों में कमी आई है, निर्वाचन सूचियों की सटीकता में सुधार हुआ है और चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि सुविचारित पहुँच ढाँचे व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करते हुए, लोकतांत्रिक मानकों के अनुरूप, सार्थक भागीदारी और निगरानी को बढ़ावा देते हैं। सत्र का संचालन सुदर्शन रेड्डी ने किया, जिसमें सूरीनाम और मैक्सिको के चुनाव अधिकारियों व विशेषज्ञों, हैदराबाद के शिक्षाविदों तथा भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों ने प्रस्तुतियाँ दीं। चर्चाएँ मतदाता रजिस्टर तक पहुँच से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय तुलनात्मक प्रथाओं और नीतिगत दृष्टिकोणों पर केंद्रित रहीं। आईआईसीडीईएम-2026 में 70 से अधिक देशों के लगभग 100 प्रतिनिधि शामिल हुए हैं, जहाँ चुनाव प्रबंधन से जुड़े वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं, नवाचारों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में कई विषयगत सत्र और द्विपक्षीय बैठकें निर्धारित हैं।

### नरसापुर वन क्षेत्र में युवक पर बेरहमी से हमला, हालत गंभीर

मेदक, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नरसापुर वन क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक पर उसकी प्रेमिका के परिजनों ने बेरहमी से हमला किया। घटना की जानकारी बुधवार को सामने आई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित की पहचान देव सिंह (24) के रूप में हुई है, जो हथनूरा मंडल के एक आदिवासी थंडा का निवासी है। वह संगारेड्डी जिले के कंडी मंडल स्थित बायथोल थंडा की एक युवती के साथ प्रेम संबंध में था। बताया गया है कि लड़की का परिवार इस रिश्ते का विरोध कर रहा था।

शिकायत के अनुसार, मंगलवार को लड़की के परिजनों ने युवती से देव सिंह को फोन करवाया। नरसापुर पहुंचने पर चार लोगों ने उसे कार में बैठाया और जंगल के रास्ते चकारीमेटला मंदिर क्षेत्र की ओर ले गए। आरोप है कि युवती को कार में बंद कर दिया गया और सिंह को जंगल के अंदर ले जाकर निर्वस्त्र कर लाठियों और पत्थरों से बेरहमी से पीटा गया। बेहोश होने के बाद आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए।

होश में आने के बाद देव सिंह ने स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया और राहगीरों की मदद से घर पहुंचा। इसके बाद उसके परिजनों ने बुधवार को नरसपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सब-इंस्पेक्टर जन रेड्डी ने बताया कि बीएनएस की धारा 109 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 2025 में आवासीय संपत्ति पंजीकरण में 2 प्रतिशत की गिरावट

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में वर्ष 2025 में आवासीय संपत्तियों के पंजीकरण में पिछले वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2025 में कुल 75,222 आवासीय संपत्तियों का पंजीकरण हुआ, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 76,613 थी। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पंजीकरण संख्या में गिरावट के बावजूद, इन संपत्तियों का कुल संचयी मूल्य 52,351 करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दिसंबर 2025 में आवासीय पंजीकरण में पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि पंजीकृत संपत्तियों के कुल मूल्य में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रीमियम आवास की मांग मजबूत बनी रही। इस वर्ष 1 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य वाले घरों के पंजीकरण में 35 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हुई। दिसंबर 2025 में इस खंड का पंजीकृत संपत्तियों में हिस्सा 18 प्रतिशत था, जबकि कुल लेनदेन मूल्य में 48 प्रतिशत का योगदान रहा। प्रमुख इलाकों में कोकापेट, कोंडापुर, पुप्पलागुडा, नानकरामगुडा, नरसिंगी और गगनपहाड़ शामिल हैं।

# जिला प्रभारी मंत्री और मेयर ने सर्किल कार्यालय भवनों का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के सिकंदराबाद ज़ोन के अंतर्गत दोमलगुड़ा में 10.50 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित कवाड़ीगुड़ा और मुशीराबाद सर्किल कार्यालय भवनों का बुधवार को जिला प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर और मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात डिप्टी कमिश्नरों पुष्पा और रामांजनैयुलु को उनके-उनके कक्षों में बैठाकर सम्मानित किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अनिल कुमार यादव, विधायक मुता गोपाल, डिप्टी मेयर मोते श्रीलता शोभन रेड्डी, जीएचएमसी आयुक्त आर. वी. कर्णन, स्थानीय पार्षदों सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेरेडमेट में दर्दनाक हादसा

### 8 वर्षीय छात्र की मौत, मां गंभीर घायल

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार सुबह नेरेडमेट इलाके में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ वर्षीय स्कूली छात्र की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। यह दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे आरके पुरम के पास ऑफिसर्स कॉलोनी रोड पर हुई। नेरेडमेट की ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी नीलंग तमांग (32) अपने बेटे निजेन तमांग को स्कूटर से स्कूल छोड़ने जा रही थीं। निजेन आरके पुरम स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन का छात्र था। इसी दौरान स्कूटर फिसल गया, जिससे मां-बेटा सड़क पर गिर पड़े। पुलिस के अनुसार, उसी समय पीछे से आ रही सेना की अशोक लेलैंड की मॉडिफाइड स्कूल बस बच्चे को कुचलते हुए निकल गई। हादसे में निजेन तमांग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीलंग तमांग को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मृतक के मामा राजू तमांग की शिकायत पर नेरेडमेट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने इसे अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना सड़कों पर अधिक सावधानी बरतने की कड़ी चेतावनी है। उन्होंने बताया कि बस, लॉरी और सेना के ट्रक जैसे भारी वाहनों में ब्लाइंड स्पॉट होते हैं, जिससे छोटे वाहनों को देखना मुश्किल हो जाता है। आयुक्त ने वाहन चालकों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और भारी वाहनों को बाईं ओर से ओवरटेक न करने की अपील की।

# दिव्यांगों को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन जरूरी: डिप्टी मेयर



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दिव्यांगों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है और उसे पहचान कर सभी क्षेत्रों में उन्हें उचित अवसर उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। यह बात ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की डिप्टी मेयर श्रीमती मोते श्रीलता शोभन रेड्डी ने कही। बुधवार को लालापेट स्थित जयशंकर क्रीड़ा मैदान में ब्लू फाउंडेशन, एनेबल्ड इंडिया और कैडर संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संकल्प मेला का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांगों का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। दिव्यांगों के लिए कार्य कर रही विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को एक मंच पर लाने के लिए आयोजकों के प्रयासों की उन्होंने सराहना की। डिप्टी मेयर ने कहा कि दिव्यांग केवल सहानुभूति के पात्र नहीं हैं, बल्कि उनमें विशेष क्षमताएं होती हैं।

जरूरत इस बात की है कि उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षा, रोजगार, खेल, कला और तकनीक सहित हर क्षेत्र में उन्हें समान अवसर दिए जाएं। इस अवसर पर आयोजित सभा में एनेबल इंडिया के सीओओ मोजेस चौधरी, ग्रामीण गरीबी उन्मूलन संस्था (एसईआरपी) के निदेशक कृष्णमूर्ति, तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो के डीएसपी के. सैदुलु, इंस्पेक्टर के. श्रीनिवास राव, कैडर संस्था के निदेशक हरिबाबू, प्रबंधक मल्लिकार्जुन, ब्लू फाउंडेशन के निदेशक वी. क्रांति किशोर तथा हेलन केलर संस्था के चेयरमैन उमर खान सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे। संकल्प मेले में लगभग 40 स्वयंसेवी संगठनों ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए दी जा रही सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देने हेतु विशेष स्टॉल लगाए। बड़ी संख्या में लोगों ने इन स्टॉलों का दौरा कर दिव्यांगों के लिए उपलब्ध सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं व सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की।






### मेगा जॉब फेयर 24 जनवरी को गुलजार फंक्शन हॉल में

हैदराबाद, 22 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार, 24 जनवरी को गुलजार फंक्शन हॉल, पंजेशा, गुलजार हाउज, हैदराबाद में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा।

आयोजक मन्नान खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जॉब फेयर में कई कंपनियां भाग लेंगी और फार्मा, स्वास्थ्य सेवा, आईटी और आईटीईएस, शिक्षा, बैंकिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। कुछ कंपनियां वर्क फ्रॉम होम का विकल्प भी प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि एसएससी (कक्षा 10) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र होंगे। प्रारंभिक साक्षात्कार कार्यक्रम स्थल पर ही आयोजित किए जाएंगे। जॉब फेयर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8374315052 पर संपर्क कर सकते हैं।

### फलकनुमा पुलिस ने चलाया मोबाइल फोन डिटेक्शन अभियान

### 20 खोए-चोरी हुए मोबाइल बरामद



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मोबाइल फोन चोरी को रोकने और जनता को राहत देने के लिए फलकनुमा पुलिस स्टेशन ने विशेष डिटेक्शन अभियान चलाया। अभियान के दौरान तकनीकी विश्लेषण, सीईआईआर पोर्टल, आईएमईआई ट्रैकिंग और समन्वित क्षेत्रीय जांच के माध्यम से पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से लगभग 3.5 लाख मूल्य के 20 खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइल फोन की उचित जांच के बाद उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा जा रहा है। यह पहल हैदराबाद पुलिस की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें अपराध की जांच और जनता की सेवा में तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने पर तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या संबंधित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। फलकनुमा पुलिस स्टेशन के एसएचओ ए. सीतैय्या ने अभियान में शामिल अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। इसमें डीआई जकीर हुसैन, डीएसआई बी. महेश, हेड कांस्टेबल बी. सतीश कुमार और कांस्टेबल च. दशरथ, डी. निखिल, एम. राहुल शामिल थे। एसएचओ ने जनता से अपील की कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस के साथ सहयोग जारी रखें। फलकनुमा पुलिस स्टेशन, हैदराबाद ने यह स्पष्ट किया कि तकनीक और त्वरित कार्रवाई से अपराध रोकने और सुरक्षा बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

### गांधी अस्पताल में दुर्लभ बीमारी से पीड़ित युवती की सफल हृदय सर्जरी

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गांधी अस्पताल के डॉक्टरों ने आसिफाबाद की 25 वर्षीय युवती की सफल हृदय सर्जरी कर उसकी जान बचाई है। युवती बार्डेट-बीडल सिंड्रोम से पीड़ित थी, जो एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है और शरीर के कई अंगों को प्रभावित करती है। डॉक्टरों के अनुसार, युवती के दिल में 2.5 सेंटीमीटर का बड़ा छेद था और वाल्व में भी गंभीर रिसाव हो रहा था, जिससे दिल ठीक से काम नहीं कर पा रहा था। स्थिति गंभीर होने पर कार्डियोथोरेसिक टीम ने आपातकालीन हृदय शल्य चिकित्सा की। इस दौरान टाइप-1 मधुमेह, पेट की चर्बी, आनुवंशिक नेत्र विकार और बौद्धिक अक्षमता जैसी जटिलताओं का भी सामना करना पड़ा। कई निजी अस्पतालों में इलाज असफल रहने के बाद मरीज पल्लवी को पहले एमजीएम वारंगल और बाद में गांधी अस्पताल रेफर किया गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और तेज दिल की धड़कन की शिकायत के साथ भर्ती कराया गया था।

### बीजेपी ने नगरपालिका और निगम चुनावों के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने तेलंगाना में आगामी नगरपालिका और निगम चुनावों के लिए तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की है। यह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा तेलंगाना राज्य के लिए की गई पहली नियुक्ति है। नितिन नबीन ने महाराष्ट्र के मंत्री आशिष शेलार को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि राजस्थान के पूर्व राज्य अध्यक्ष अशोक पारनामी और राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा को सह-प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राज्य अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने पहले ही घोषणा कर दी है कि पार्टी 121 नगरपालिकाओं और 10 निगमों में चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की जीत ने आगामी चुनावों में उसकी मजबूती को साबित किया है।


**NOTICE FOR REGISTRATION OF NEW POLITICAL PARTY**

(Published as per the directions of Telangana State Election Commission)

Dated : 21.01.2026

Notice is hereby given to the general public that **Smt.S.RAMADEVI President** intends to register a political party without reserved symbol with the State Election commission, Telangana, under the name and style of **VISHWA BHARATH PARTY** with location of its head office H.No.5-6-160/B NTPC, Krishna Nagar Colony, Ramagundam, Peddaally -505215 under the Registration of Political parties and Allotment of Symbols Order, 2018. The main office bearers of the Party are **1)Smt.S.RAMADEVI President; 2).Sri.S. THIRUPATHI REDDY General Secretary 3)Kum. S.NAMAYUKTHA Treasure.** Objections, if any, for such registration from the general public, shall be sent to the Secretary, State Election Commission, Telangana, 1st Floor, DTCP Building, Opp: PTI Building, A.C. Guards, Hyderabad - 500 004 within 15 days from the date of publication of this notice. If no objections are received within the time stipulated, the Commission will process to register **VISHWA BHARATH PARTY** as a Political Party to contest elections to Local Bodies (Sthanika Samsthalu) held on party basis in Telangana State. **VISHWA BHARATH PARTY** Regd. No. 56/038/2021-21/PPS-IV H.No. 5-8-160/B, NTPC, Krishna Nagar Colony, Ramagundam, Peddapally, Telangana-505215,

President
**VISHWA BHARATH PARTY**




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 296 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.4, 2082 गुरुवार, 22 जनवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## पाकिस्तान ने कुपवाड़ा बॉर्डर पर 2 राउंड फायरिंग की

### सेना ने जवाब दिया, जवान यहां हाईटेक सीसीटीवी लगा रहे थे

कुपवाड़ा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से 2 राउंड फायरिंग की गई। घटना केरन सेक्टर में देर रात हुई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन बाला इलाके में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। भारतीय सेना ने भी जवाबी फायरिंग की। इसके बाद इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों ने संभावना जताई है कि पाकिस्तान की ओर से फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई हो सकती है। इससे पहले मंगलवार रात जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था।

# बांग्लादेश को एक दिन की मोहलत

*** टी20 वर्ल्डकप-बांग्लादेश के खिलाफ 14 देशों ने वोट किया**

*** बीसीबी ने भारत आने से मना किया तो स्कॉटलैंड खेलेगा**




स्पोर्ट्स डेस्क, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी मीटिंग में 14 देशों ने वोट किया। अगर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत नहीं आया तो उनकी जगह स्कॉटलैंड को मौका मिलेगा। फिलहाल, आईसीसी ने सोचने के लिए बीसीबी को एक दिन का समय और दिया है। क्रिकइन्फो के मुताबिक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की मीटिंग में 16 में से 14 देशों ने बीसीबी के खिलाफ वोट किया। उन्हें सिर्फ पाकिस्तान ने सपोर्ट किया। हालांकि, अब 22 जनवरी को फैसला होगा कि बांग्लादेश आईसीसी टूर्नामेंट खेलेगा या नहीं। बुधवार को आईसीसी ने बीसीबी और बाकी सदस्यों के साथ मीटिंग की। आईसीसी ने कहा, अगर बांग्लादेश टूर्नामेंट खेलने के लिए भारत नहीं गया तो उन्हें दूसरी टीम से रिप्लेस कर दिया जाएगा। आईसीसी के ज्यादातर मेंबर्स ने मीटिंग में इस फैसले का समर्थन किया। जिसके बाद बीसीबी को सोचने के लिए एक दिन और समय दे दिया। आईसीसी ने यह भी कहा कि सिक्योरिटी असेसमेंट में सामने आया कि बांग्लादेश के प्लेयर्स, मीडियाकर्मी, ऑफिशियल्स और फैंस को भारत में कोई खतरा नहीं है। इसलिए वेन्यू बदलने का सवाल ही नहीं होता। बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को वर्ल्ड कप में एंट्री मिलेगी। स्कॉटलैंड की टीम यूरोपियन क्वालिफायर में नीदरलैंड और इटली के बाद नंबर-3 पर रही थी। ऐसे में उन्हें ग्रुप-सी में जगह मिलेगी और टीम बांग्लादेश के सारे मैच खेलेगी।

**7 फरवरी को बांग्लादेश का पहला मैच**

टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड से भिड़ने वाली हैं। तीनों मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। वहीं टीम का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल से होना है।

इस बीच बांग्लादेश के टी-20 कप्तान लिटन दास ने बीपीएल मैच के बाद कहा- 'वर्ल्ड कप अभी बहुत दूर है। हमें अभी यह भी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे भी या नहीं।' दास ने कहा कि उन्हें इस मामले में बीसीबी से कोई जानकारी नहीं मिली है। मेरी तरह पूरा बांग्लादेश अभी सस्पेंस में है। मुझे नहीं पता, लेकिन मुझसे कोई बात नहीं हुई है।

## आवारा कुत्तों को मारने के आरोप में सरपंच और सचिव पर केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

हैदराबाद, 21 जनवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के याचारम गांव से पशु क्रूरता का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां की ग्राम पंचायत गवर्निंग बॉडी पर करीब 100 आवारा कुत्तों को मारने का आरोप लगा है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद 'स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन' के सदस्यों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि गांव के पंचायत अधिकारियों ने इन बेजुबान जानवरों को मारने में भूमिका निभाई है। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गांव के सरपंच, वार्ड सदस्यों और पंचायत सचिव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। एफआईआर के मुताबिक, ग्राम पंचायत के सभी जिम्मेदार सदस्यों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तेलंगाना पुलिस लॉन्च करेगी नया अपराध रजिस्ट्रेशन सिस्टम

### पीड़ित का बयान घर पर ही दर्ज होगा

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में कानून व्यवस्था को सुलभ और नागरिकों के लिए आसान बनाने के लिए नया सिस्टम लाया जा रहा है। इसमें सीआईडी अपराधों के पंजीकरण के लिए नागरिक केंद्रित सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इसमें पोक्सो केस भी शामिल हैं। इसके तहत पीड़ितों को पुलिस स्टेशन जाने की ज़रूरत नहीं होगी। इसे अगले हफ्ते लॉन्च किया जाएगा। सीआईजी की एडिशनल डीजीपी चारू सिन्हा ने बताया सिस्टम को इस तरह के तैयार किया गया है, जिसमें कुछ खास तरह के आपराधों में प्राथमिकी दर्ज करके पीड़ित का बयान उसके घर या पसंद का जगह पर दर्ज किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा इसे शुरू कर दिया गया है और अधिकारियों की ट्रेनिंग चल रही है। एक हफ्ते में ट्रेनिंग पूरी होने के बाद पहल 27 जनवरी से शुरू की जाएगी।

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में, पोक्स एक्ट के तहत अपराध, एससा/एसटी (अत्याचार निवारण) एक्ट के तहत अपराध, बाल विवाह निषेध एक्ट के तहत अपराध, और तेलंगाना रैगिंग निषेध एक्ट के तहत अपराधों में, पीड़ित और सूचना देने वाले अक्सर कमज़ोर, नाज़ुक, या दर्दनाक स्थिति में होते हैं। वे शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जाने के लिए शारीरिक या मानसिक रूप से तैयार नहीं हो पाते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए तेलंगाना पुलिस ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए स्टेशन-केंद्रित मॉडल से नागरिक-केंद्रित मॉडल ला रही है। >14

### सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई

## चुनाव आयोग की दलील-यह नागरिकता की जांच नहीं, मतदाता सूची सुधार की प्रक्रिया

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। देश के अलग-अलग राज्यों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। इसी बीच अब इस मामले में चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सर्वोच्च न्यायालय में अपनी दलील दी है। आयोग ने साफ किया है कि मतदाताओं की नागरिकता की जांच सिर्फ चुनावी उद्देश्य से की जा रही है, न कि किसी गैर-नागरिक को देश से बाहर निकालने (डिपोर्ट) के लिए। यह मामला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्या कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष चल रहा है।

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि एसआईआर प्रक्रिया कोई कठोर या पुलिस-जांच जैसी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक 'लिबरल, सॉफ्ट-टच' तरीका है। उन्होंने कहा कि इसमें पुलिस की कोई भूमिका नहीं है। यह प्रक्रिया बिहार में हो चुकी है और कुछ अन्य राज्यों में जारी है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य केवल सही और वैध मतदाताओं को सूची में शामिल करना है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मतदाताओं की नागरिकता की जांच केवल चुनावी उद्देश्य से की जा रही है, इसका मकसद किसी को देश से बाहर निकालना नहीं है। आयोग ने कहा कि एसआईआर कोई सख्त या पुलिस-जांच जैसी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक लिबरल और सरल तरीका है। आयोग ने स्पष्ट किया कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में पुलिस शामिल नहीं है, पूरी जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। >14

## ब्रिटिश-मुगलों जैसे बीजेपी वाले भी चले जाएंगे : राहुल गांधी

कुरुक्षेत्र, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कुरुक्षेत्र में हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों से मुलाकात की। इसमें हरियाणा के 32 जिलाध्यक्ष और उत्तराखंड के 28 जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। 'संगठन सृजन अभियान' के तहत यह ट्रेनिंग कैंप लगाया गया था। राहुल गांधी ने करीब 4 घंटे धर्मशाला में गुजारे। इस दौरान उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को कहा कि वह गांव-गांव जाकर लोगों को अपने साथ जोड़ें। जिस तरह से देश से मुगल और ब्रिटिश चले गए, एक दिन भाजपा वाले भी चले जाएंगे।

राहुल ने कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, विधायक दल नेता भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से अलग मुलाकात की। जिसमें राहुल ने उन्हें कहा कि पार्टी में अनुशासन को सख्ती से लागू करें। इस दौरान कई जिला अध्यक्षों ने राहुल से शिकायत की कि प्रदेश के कई नेता पार्टी विरोधी बयानबाजी करते हैं। मीडिया में खबरें लीक की जाती हैं। जिससे भाजपा को बैठे-बैठाए मुद्दा मिल जाता है। राहुल ने 2027 में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चुनाव में अपने क्षेत्र में तो काम करना है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में भी पब्लिक के बीच जाना होगा।

## सुनीता विलियम्स 27 साल बाद रिटायर

### दिल्ली में बोलीं-भारत आना घर वापसी जैसा



नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए। सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका मॉडल की तर्ज पर। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की। उनकी रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू होगी।




HYDERABAD: SECUNDERABAD, AUTOFIN: QUTHBULLAPUR: 8885040011, 9177922446 | MADHAPUR, GEM: 9912458000 | KALYANI MOTORS, KARMANGHAT: 9100102763, 9100114822 | TELLAPUR: 9063126501 | MEDIPALLY, HIMAYATNAGAR MITHRA: 7799886249 | NACHARAM: 7386780127 | KOMPALLY, POPULAR VEHICLES & SERVICES: 9553264000 | BACHUPALLY, SAI SERVICE: 9160851515 | GACHIBOWLI, JAYABHERI AUTOMOTIVES: 9281105826 | HAYATNAGAR, JAYABHERI: 9100084455 | GOPANPALLE, JAYABHERI AUTOMOTIVES: 7799711226 | VARUN MOTORS - VANASTHALIPURAM: 7995024736, 7995052292 | BEGUMPET: 9100367806 | MADINAGUDA: 9052225052 | HABSIGUDA: 9052379797 | B.N.REDDY NAGAR: 9347068721, 9154855369 | BANJARAHILLS: 9989474453 | RAMPALLY: 7995024745 | NIZAMPET: 9052225052 | GACHIBOWLI: 8639880054 | ISNAPUR: 9966704555, SERILINGAMPALLY - PAVAN MOTORS: 8374459192 | SHAMSHABAD, ADARSHA AUTOMOTIVE: GURAMGUDA: 8297046633 | TRIMULGHERRY, ACER: 9154073240 | OLD ALWAL, ADARSHA AUTO WORLD: 6309888308, 9133665616.

# लालू और जगदानंद सिंह की जगह लेगी तेजस्वी और सुधाकर की जोड़ी

**पटना, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय जनता दल को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में मिली करारी हार के बाद राजद के अंदर भारी फेरबदल की तैयारी है। तेजस्वी यादव एक बार फिर ए टू जेड की शरण में जाने की सोच रहे हैं। राजद सूत्रों की माने तो तेजस्वी यादव एमवाई को सांगठनिक जिम्मेदारी तो देंगे, लेकिन एक अलग अंदाज में। हर तरह के निर्णय के लिए जो कमिटी बनेगी उससे ए टू जेड के साथ तालमेल बनाने की भरसक कोशिश होगी। साथ ही कई निषेधात्मक निर्णय भी लिए जाएंगे, जिसके कारण पार्टी में तनाव और अविश्वास का माहौल तैयार हुआ। ऐसे भी कुछ निर्णय होंगे जिससे परिवार के बीच की नाराजगी भी दूर की जाएगी। विदेश से लौटने के बाद जो समीक्षात्मक बैठक की गई उस बैठक से एक नए समीकरण की तरफ तेजस्वी यादव ने संकेत भी किया।

उस बैठक में नया यह हुआ कि बैठक भले तेजस्वी यादव के नेतृत्व में हुई। लेकिन इस बैठक की ब्रीफिंग बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने की। यहां से तेजस्वी यादव ने एक साफ संदेश दिया कि जिस तरह से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और जगदानंद सिंह की जोड़ी ने बिहार की राजनीति में राजद को मजबूत आधार दिया। अब लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव और जगदानंद सिंह के पुत्र सुधाकर सिंह की जोड़ी राजद की फंसी नैया को मझधार से निकालने सकती है। इस लिहाजा सुधाकर सिंह को कोई बड़ी जिम्मेदारी भी दी जा सकती है।

### पार्टी कार्यालय अनुशासन का पाठशाला बनेगा

आगामी चुनाव से पहले तेजस्वी यादव पार्टी कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने का पाठ पढ़ाएंगे। इसके लिए वो ज्यादा से ज्यादा समय स्वयं कार्यालय में देंगे। हर कार्यकर्ताओं से मिलने का एक खास समय निर्धारित करेंगे ताकि राज्य में पार्टी के कार्यकर्ताओं के जरिए से पार्टी के सरकार के क्रियाकलापों की जानकारी ले सकें। किसी कारणवश राजधानी से बाहर रहेंगे तो उनकी जगह कोई और कार्यकर्ताओं के हाल को जानने का काम करेगा।

### भीतरघातियों के प्रति सख्त

पार्टी के वफादार साथियों को जहां इनाम देने की तैयारी है तो वहीं भीतरघातियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल विधानसभा के अनुसार भीतरघातियों की सूची तैयार कर ली गई है। पर एक मौका उन्हें अपना पक्ष रखने का दिया जाएगा। आरोप के सही पाए जाने पर पार्टी से निकाल दिया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं

बिहार की राजनीति में युवा नेताओं के भविष्य को देखते तेजस्वी यादव अनुभवी और युवा नेता के संतुलन के जरिए मजबूत संगठन को खड़ा करने जा रहे हैं। उम्र के पड़ाव पर पहुंच चुके कुछ नेताओं को सलाहकार समिति में स्थान दे कर पार्टी के हित के लिए कदम उठा सकते है। प्रदेश नेतृत्व को इस बार प्रमुखता से युवाओं से भरा जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में राजद ने एमवाई के अलावा कुशवाहा और वैश्य को प्रमुखता दी है , इस बार राजद की टीम में सवर्ण , दलित, कुर्मी और अतिपिछड़ी जातियों को संगठन में जगह दी जाएगी।



## डीसीपी ऑफिस के ऊपर बने बैरक में कांस्टेबल ने लगाई फांसी, ड्यूटी से लौटने के बाद क्यों उठाया ये कदम?



नोएडा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क इलाके में 35 साल के शख्स ने आत्महत्या कर ली है। ये शख्स फायर डिपार्टमेंट में फायरमैन के तौर पर काम करता था। शख्स ने ड्यूटी से लौटने के बाद डीसीपी ऑफिस के ऊपर बने फायर विभाग के कार्यालय में बने बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब एक फायर कर्मी ने उसे ड्यूटी पर आने के लिए करीब 5:30 बजे फोन किया, तो उसने फोन नहीं उठाया।

इसके बाद फायरकर्मी कमरे में पहुंचा, जहां कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा खटखटाने के बाद जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई, तो दरवाजा तोड़कर देखा गया। अंदर फायरकर्मी पंखे से लटका हुआ मिला। इसके बाद घटना की जानकारी फायर विभाग के अधिकारियों को दी गई। मौके पर पुलिस भी पहुंची और मृतक को फंदे से उतारकर शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## स्कूल वैन से गिरकर मासूम छात्र की दर्दनाक मौत, सिर पर आई थी गंभीर चोट, ड्राइवर फरार

दरभंगा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा जिले में दर्दनाक हादसे की खबर है। सदर थाना क्षेत्र के लोआम गांव स्थित अमन एकेडमी स्कूल की वैन से गिरकर एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि स्कूल से करीब 6 छात्रों को लेकर वैन घर लौट रही थी। इसी दौरान एन एच 27 पर सीता पेट्रोल पंप के पास बस को मोड़ पर टर्न लेने के दौरान वैन के अंदर से एक छात्र टूटे गेट से बाहर गिर गया। गिरते ही सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छात्र की पहचान मो। चमन के बेटे मो। समर के रूप में हुई है जो तीसरी क्लास में पढ़ता था। वहीं, घायल छात्रों का इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद वैन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इधर स्थानीय लोगों के अनुसार घटना को बाद स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद जब किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया तो आक्रोशित ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और जमकर हंगामा किया।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छपरा के लिए खोला खजाना दी 537 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**छपरा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। (सारण)।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'समृद्धि यात्रा' के तहत बुधवार को छपरा पहुंचकर जिले को विकास की बड़ी सौगात दी। उन्होंने करीब 537 करोड़ रुपये की कुल 69 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर सारण के सर्वांगीण विकास का रोडमैप जनता के सामने रखा। इस अवसर पर जिले में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर जुटे। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं की सौगात दी, उनमें 450.30 करोड़ रुपये की लागत वाली 45 नई योजनाओं का शिलान्यास और 86.50 करोड़ रुपये से तैयार 24 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। ये परियोजनाएं सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, कृषि और बुनियादी ढांचे से जुड़ी हैं, जिनसे जिले की कनेक्टिविटी, चिकित्सा सुविधाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।



मुख्य कार्यक्रम छपरा हवाई अड्डा क्षेत्र स्थित बिंद टोलिया में आयोजित किया गया, जहां निर्माणाधीन नए बस स्टैंड के समीप बनाए गए मंच से मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने रिमोट के माध्यम से योजनाओं का डिजिटल उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य शहर से लेकर गांव तक संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, ताकि हर वर्ग को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की व्यापक तैयारी की थी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से छपरा को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सड़क और बिजली से जुड़ी योजनाओं से आवागमन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र की परियोजनाएं आम लोगों के इलाज को और सुलभ बनाएंगी। स्थानीय लोगों में इन घोषणाओं को लेकर खासा उत्साह देखा गया। उनका कहना है कि लंबे समय से जिन विकास कार्यों की मांग की जा रही थी, वे अब धरातल पर उतरती नजर आएंगी।

खासकर सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जिले की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। समृद्धि यात्रा के इस पड़ाव के साथ ही सरकार ने यह संदेश दिया है कि सारण को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस और बड़े निवेश किए जा रहे हैं। आने वाले समय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन से छपरा एक विकसित और सुविधासंपन्न जिले के रूप में उभर सकता है।

## लखपति दीदी अभियान को बनाएं जन आंदोलन

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखपति दीदी अभियान को जन आंदोलन बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान में विभागीय समन्वय को प्राथमिकता दी जाए, जिससे महिलाओं को प्रशिक्षण, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, विपणन सुविधा, बैंक ऋण, बीमा, डिजिटल भुगतान और उद्यमिता विकास के साथ आसानी से जोड़ा जा सके। महिलाओं को समूहों से जोड़ने के बाद आय सृजन गतिविधियां भी विकसित कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि यह अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर न केवल उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समानता और समावेशी विकास की दिशा में प्रदेश को नई गति प्रदान करेगा। अभियान के संचालन के लिए मंडल स्तर पर मंडलायुक्त, जिला स्तर पर जिलाधिकारी और ब्लाक स्तर पर खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जा रही हैं। इन समितियों में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल किए गए हैं। मंडलीय समिति द्वारा अभियान की त्रैमासिक समीक्षा की जाएगी। वहीं जिला स्तरीय समिति द्वारा मासिक और ब्लाक स्तरीय समिति द्वारा पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। अभियान में डिजिटल निगरानी व्यवस्था भी लागू की जाएगी।

## शादी से नाखुश और शराब-बीड़ी की लत', पति की जीभ काटने की वजह अंडा करी नहीं कुछ और ही निकली



गाजियाबाद, 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। जनपद के मोदीनगर की संजयपुरी कॉलोनी में एक महिला ने अपने पति की दांतों से चीभ काटकर अलग कर दी। पति का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने घर में अंडा करी बनाने से मना किया था। वहीं, घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान जिसने भी युवक की कटी जीभ को बेड पर पड़ा देखा उसकी रूह कांप गई। वहीं, घटना से गुस्सा पड़ोसियों ने आरोपी पत्नी व उसके परिवार के लोगों की धुनाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रतीक यादव की तलाक वाली पोस्ट के बीच अपर्णा यादव की सोशल टीम ने लिया बड़ा फैसला!

**लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी की नेता अपर्णा यादव ने सोशल मीडिया पर अपने सभी पोस्ट्स में कमेंट सेक्शन बंद कर दिया है। इससे पहले उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कमेंट सेक्शन पब्लिक था। माना जा रहा है कि अपर्णा की सोशल मीडिया टीम ने यह फैसला उनके पति प्रतीक यादव की तलाक वाली पोस्ट के बाद लिया है। प्रतीक यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए पत्नी अपर्णा यादव को जल्द डाइवोर्स देने का ऐलान किया था । प्रतीक यादव ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए थे।

उन्होंने अपर्णा यादव को स्वार्थी और बुरी आत्मा बताते हुए कहा कि उनकी वजह से पारिवारिक रिश्ते खराब हो गए थे। पोस्ट में अपनी पत्नी की तस्वीर शेयर करते हुए प्रतीक यादव ने लिखा था कि वह इस महिला से जल्द से जल्द डाइवोर्स लेने जा रहे हैं।प्रतीक यादव ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, मैं इस मतलबी औरत को जल्द से जल्द डाइवोर्स देने जा रहा हूं। उसने मेरे परिवार के रिश्ते खराब कर दिए। वह बस मशहूर और असरदार बनना चाहती है।

### प्रतीक ने और क्या लिखा था?



पोस्ट में आगे प्रतीक यादव ने लिखा था, अभी, मेरी मेंटल हेल्थ बहुत खराब है और उसे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उसे सिर्फ अपनी ही चिंता है। मैंने इतनी बुरी औरत कभी नहीं देखी, और मैं बदकिस्मत था कि मेरी शादी उससे हुई। इस पूरे मामले पर अभी तक अपर्णा यादव की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। परिवार के किसी अन्य सदस्य ने भी इस विवाद पर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। बता दें कि अपर्णा यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं। अपर्णा यादव ने 2022 में भाजपा का दामन थामा था। प्रतीक यादव से उनकी शादी 2011 में हुई थी। बेहद भव्य और हाई-प्रोफाइल तरीके से दोनों की शादी हुई थी।

## 2 सगे भाइयों में हुई इतनी हिंसक झड़प कि दोनों की हो गई मौत

पटना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुंगेर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। यहां 2 सगे भाइयों के बीच इतनी हिंसक झड़प हुई कि दोनों की ही मौत हो गई। इनमें से एक भाई की उम्र 45 साल और दूसरे भाई की उम्र 40 साल थी। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों के बीच दहशत फैल गई है। बिहार के मुंगेर जिले में 2 सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाइयों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसकी वजह से दोनों की जान चली गई।

मृतकों की पहचान 45 वर्षीय मुकेश सिंह और 40 वर्षीय शैलेश सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर दोनों भाइयों ने एक-दूसरे पर चाकू और खंती से हमला किया था। मामला टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के खपरा गांव का है। पुलिस ने बताया है कि मौके से हत्या में शामिल हथियारों को बरामद कर लिया गया है

## जानें कौन हैं बिहार की तान्या परवीन, जिन्हें गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रपति भवन से मिला न्योता



मोतिहारी, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी प्रखंड के सिसवा पूर्वी पंचायत की इंजीनियर मुखिया तान्या परवीन के कामों की प्रशंसा सिर्फ गांव के लोग ही नहीं कर रहे बल्कि दिल्ली तक हो रही है। इंजीनियर की डिग्री हासिल करने के बाद सरकारी नौकरी करने वाली तान्या ने गांव की दुर्दशा देख नौकरी छोड़ दी और पंचायत का चुनाव लड़ा था। मुखिया तान्या परवीन को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला है। इससे सिसवा के लोग फूले नहीं समा रहे हैं। दरअसल तान्या ने चीनी मिलों के कारण प्रदूषित हो रही मिट्टी के बाद मुखिया का चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कम उम्र में मुखिया बनीं तान्या ने अपनी सूझ-बूझ से पूरी गांव की तस्वीर ही बदल डाली है।

सिसवा पूर्वी पंचायत की मुखिया को राष्ट्रपति का निमंत्रणः यह आमंत्रण केंद्र सरकार की 'पंचायत सशक्तिकरण योजना' के तहत दिया गया है, जिसमें देशभर से उत्कृष्ट पंचायत प्रतिनिधियों को चुना जाता है। तान्या परवीन, मात्र 32 वर्ष की आयु में पंचायत की मुखिया चुनी गई थीं और पिछले तीन सालों में सिसवा पूर्वी को पिछड़ेपन की जंजीरों से आजाद कर एक आदर्श ग्राम पंचायत बना दिया है। तान्या की तारीफ खुद गांव के पूर्व सरपंच फयेजल रहमान (50) भी करते हैं।

## एमबीए पास युवक ने की आत्महत्या, तीन साल से बेरोजगारी से जूझ रहा था

दरभंगा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां मदारपुर मोहल्ले में रहने वाले एक एमबीए पास युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और परिवार गहरे सदमे में है। मृतक की पहचान अभिषेक कुमार राय (26 वर्ष) के रूप में की गई है, जो रमन राय के पुत्र थे।

सूचना मिलने के बाद लहेरियासराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच (दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल) भेज दिया गया।

# शंकराचार्य जी अगर बगैर स्नान के आएंगे तो सरकार पर भारी पड़ेगाः राकेश टिकैत

प्रयागराज, 21 जनवरी (एजेंसियां)। माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर मचा बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां शंकराचार्य मेला अधिकारियों से माफी मांगने की मांग रहे हैं, वहीं उनको नोटिस दिए जाने पर विवाद और बढ़ गया है। इस पूरे मामले में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भी शंकराचार्य का समर्थन किया है। एक वायरल वीडियो में राकेश टिकैत ने कहा- 'महाराज जी को घुमा दो। शंकराचार्य जी अगर बगैर स्नान के आएंगे तो पाप चढ़ेगा। सरकार पर भारी पड़ेगा। ये तानाशाही सरकार है। सवाल पूछने वालों पर मुकदमे दर्ज किए जाएंगे।'



# 'विवाह न कर पाना और झूठा वादा करना दो अलग बातें' पटना हाईकोर्ट ने रद्द की एफआईआर

पटना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पटना हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में विवाह के वादे पर बने सहमति संबंधों से जुड़े मामलों में निचली अदालतों के रवैये पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि दो वयस्कों के बीच सहमति से संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने एफआईआर को रद्द कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि "दो वयस्कों के बीच सहमति से बने शारीरिक संबंध को बलात्कार नहीं माना जा सकता, भले ही शादी का वादा पूरा न हुआ हो।" न्यायालय ने कहा कि "विवाह न कर पाना और झूठा वादा करना दो अलग बातें हैं। ऐसे में उसे दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है।" इसी के साथ कोर्ट ने कहा कि इस मामले को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। जस्टिस सोनी श्रीवास्तव की एकलपीठ ने मो। सैफ अंसारी द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ दर्ज बलात्कार का मामला रद्द कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि "किसी वयस्क महिला और पुरुष के बीच लंबे समय तक चला सहमति आधारित संबंध, यदि विवाह का वादा वास्तविक हो, तो केवल बाद में परिस्थितिवश उस वादे के पूरा न होने से ,उसे स्वतः बलात्कार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।"

## मजदूर को आयकर विभाग ने भेजा 7 करोड़ का नोटिस, सदमे में पूरा परिवार

हरदोई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हरदोई से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक मजदूर को आयकर विभाग से 7 करोड़ रुपये से अधिक का नोटिस मिला है। इस नोटिस को मिलने से उसके परिवार की परेशानी बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक, मजदूर गोविंद कुमार ग्राम रूदामऊ के निवासी है। उन्हें आयकर विभाग ने 7,15,92,786 रुपये से अधिक का नोटिस भेजा है। इस नोटिस में उनके बैंक खातों और अन्य दस्तावेजों की मांग की गई है। मजदूर गोविंद के लिए यह नोटिस बेहद हैरान करने वाला है। वह मजदूरी और खेती-बाड़ी से अपने परिवार का गुजारा करते हैं। आयकर विभाग की टीम 13 जनवरी को गोविंद कुमार के घर पहुंची और उनसे बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज मांगे। गोविंद ने बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता है और उसे समझ नहीं आ रहा कि इतनी बड़ी रकम का नोटिस क्यों आया है। वहीं, उनके पिता रामचंद्र कश्यप और मां कमला देवी ने बताया कि उनका बड़ा बेटा ठेली लगाता है और गोविंद मजदूरी करता है। उनके पास बहुत कम जमीन है।

# 'नफरत क्यों फैलाना चाहते हैं?' ओवैसी के हिजाब और पाक वाले बयान पर बोले इमरान मसूद

**सहारनपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने हिजाब वाली महिला के प्रधानमंत्री बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जो इसका विरोध करता है वो पाकिस्तान की भाषा बोल रहा है। ओवैसी के इस बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद की तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वो हिजाब को टारगेट करके नफरत फैला रहे हैं, ऐसी बातों से कुछ हासिल नहीं होगा। यूपी की सहारनपुर सीट से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हमें हिजाब से कोई दिक़्क़त नहीं हैं लेकिन परेशानी ये है कि आप हिजाब का टारगेट करके नफरत फैलाने की बात कर रहे हों। हिजाब पहनना कोई गुनाह नहीं है ये हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

### कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने साधा निशाना

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भी सिर पर पल्लू रखा जाता है। ये हमारी संस्कृति है। इससे ऐतराज क्यों हैं? इससे नफरत क्यों फैलाना चाहते हैं। संविधान में तो लिखा नहीं कि मुसलमान प्रधानमंत्री नहीं बन सकता। तो इस तरह की बातें करने से कुछ हासिल नहीं होता। इसकी कोई आवश्यकता नहीं है और बुनियादी मुद्दे बहुत हैं। उन पर बात करें तो बेहतर होगा।



### असदुद्दीन ओवैसी ने दिया था ये बयान

बता दें कि असदुद्दीन ओवैसी ने बुर्के वाली को लेकर एक बार फिर से बयान देते हुए सवाल उठाया इसका मुद्दा हमने तो नहीं बनाया। मैं तो बीते दो साल से कह रहा हूं कि ये मेरी इच्छा है कि एक हिजाब पहनने वाली देश की प्रधानमंत्री बने। अगर मैं ये बोल रहा हूं तो इसमें क्या गुनाह है, क्या हम ख़्वाब नहीं देख सकते हैं? ओवैसी ने कहा कि क्या भारत का संविधान इससे हमें रोकता है। नहीं रोकता।।।हम भी तो यहीं कह रहे हैं कि ख़्वाब देखो और उन्हें पूरा करने के लिए काम करो। इसमें अगर किसी को तकलीफ हो रही है तो आप तो पाकिस्तान की ज़ुबान में बात कर रहे हैं।

# गणेश जयंती माघ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाई जाती है



**गणेश जयंती 2026 शुभ मुहूर्त**

**गणेश जयन्ती 22 जनवरी 2026, गुरुवार को मनाई जाएगी। गणेश जयंती पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11:29 से दोपहर 01:37 बजे तक रहेगा। इस दिन वर्जित चन्द्रदर्शन का समय सुबह 09:22 से रात 09:19 बजे तक रहेगा। चतुर्थी तिथि का प्रारम्भ 22 जनवरी 2026 को 02:47 AM बजे होगा और समापन 23जनवरी 2026 को 02:28 AM पर होगा।**

गणेश जयंती माघ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाई जाती है। ये त्योहार मुख्य रूप से महाराष्ट्र व कोंकण के तटीय क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु उपवास रखते हैं और शुभ मुहूर्त में विधि-विधान भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इस त्योहार को महाराष्ट्र में माघ शुक्ल चतुर्थी, तिल कुंड चतुर्थी और वरद चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है।

**गणेश जयंती पूजा विधि**

गणेश जयंती के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल के पास एक चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर उस पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें।

इसके बाद बप्पा की प्रतिमा के समक्ष घी का दीपक जलाएं और व्रत का संकल्प लें। फिर बप्पा को सिंदूर या पीले चंदन का तिलक लगाएं और उन्हें जनेऊ अर्पित करें।

लाल और पीले फूल चढ़ाएं।

**मोदक, लड्डू या तिल के लड्डू का भोग लगाएं।**

21 दूर्वा अर्पित करें।

गणेश मंत्रों का जाप करें। साथ ही गणेश चालीसा भी पढ़ें।

इसके बाद गणेश जयंती की कथा सुनें।

अंत में गणेश जी की आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

**गणेश जयंती का महत्व**

गणेश जयंती का व्रत रखने से जीवन की सभी परेशानियों का अंत हो जाता है। ये व्रत जीवन में सुख-समृद्धि लाता है और भगवान गणेश की विशेष कृपा दिलाता है।

# गजकेसरी योग इन 4 राशियों के लिए खोलेगा कुबेर के द्वार



बसंत पंचमी के कुछ दिन बाद मिथुन राशि में गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है। ये योग चंद्रमा और गुरु की युति से बनेगा। ज्योतिष अनुसार इस शुभ योग से 4 राशि वालों को जबरदस्त लाभ प्राप्त होगा। चलिए जानते हैं ये कौन सी राशियां हैं।

ज्योतिष में गजकेसरी योग को बेहद शुभ माना जाता है। कहते हैं जब भी ये योग बनता है तो इसका शुभ प्रभाव लगभग सभी राशियों पर पड़ता है। 29 जनवरी को जया एकादशी के दिन चंद्रमा के मिथुन राशि में गोचर करने से इस शुभ योग का निर्माण हो रहा है जो 31 जनवरी 2026 तक बना रहेगा। ये लोग गुरु और चंद्रमा की युति से बन रहा है। 4 राशियों के लिए ये योग किसी वरदान से कम साबित नहीं होगा। चलिए जानते हैं ये कौन सी राशियां हैं जिनकी किस्मत इस योग से चमकने वाली है।

**वृषभ राशि**

वृषभ राशि वालों के लिए गजकेसरी योग बेहद शुभ साबित होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आने लगेगा।

कई माध्यमों से धन की प्राप्ति होगी। पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी। अटके काम पूरे होंगे। मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होने से आपको तगड़ी कमाई होगी। विदेश जाने का सपना भी पूरा हो सकता है।

**कन्या राशि**

गजकेसरी योग कन्या राशि वालों की किस्मत चमका देगा। पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी। पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी। निवेश के लिए समय अच्छा है। किसी काम में बड़ी सफलता मिलेगी। बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**धनु राशि**

धनु राशि के लोगों के लिए गजकेसरी योग बेहद शुभ साबित होगा। सैलरी में बड़ा उछाल देखने को मिलेगा। नई नौकरी लग सकती है। बिजनेस में भी तगड़ा मुनाफा होगा। कई माध्यमों से धन की प्राप्ति हो सकती है। माता-पिता का खूब सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि**

कुंभ राशि वालों की किस्मत 29 जनवरी से चमक जाएगी। आपके लिए जनवरी के आखिरी दिन दिन बेहद लकी साबित होंगे। इस दौरान आपके हर काम बनेंगे। अगर आप बिजनेस में हैं तो आपको तगड़ा मुनाफा होगा। वाहन खरीद सकते हैं। पैतृक संपत्ति से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# बिना तोड़फोड़, बिना खर्च शुक्रवार और मंगलवार को कर लें गुलाब का ये उपाय



गुलाब सिर्फ खुशबू ही नहीं, बल्कि घर की ऊर्जा बदलने का आसान जरिया भी है । शुक्रवार और मंगलवार को किए गए गुलाब के ये दो उपाय तनाव, पैसों की तंगी और काम में रुकावटों को कम करने में मदद करते हैं । सही तरीके और भरोसे से किया गया उपाय घर में सकारात्मक माहौल लाता है ।

घर की सुख-शांति और पैसों की तंगी दूर करने के लिए गुलाब का उपाय -अगर आपके घर में अक्सर तनाव का माहौल रहता है, छोटी-छोटी बातों पर बहस हो जाती है या पैसा आते ही खर्च हो जाता है, तो यह उपाय काफी असरदार माना जाता है । इस उपाय को करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा धीरे-धीरे खत्म होने लगती है ।

इस उपाय के लिए आपको शुक्रवार के दिन एक ताजा लाल गुलाब लेना है । ध्यान रखें कि फूल पूरी तरह खिला हुआ हो और उसमें कोई टूट-फूट न हो । अब उस गुलाब के बीच में एक छोटा सा कपूर का टुकड़ा रखें । शाम के समय, जब घर में शांति हो, तब उस कपूर को वहीं जला दें । जब कपूर पूरी तरह जल जाए, तो उस गुलाब को घर के मंदिर में माता लक्ष्मी को अर्पित कर दें । माना जाता है कि इससे घर में फैली भारी ऊर्जा बाहर निकल जाती है और धन से जुड़े रास्ते धीरे-धीरे खुलने लगते हैं । इस उपाय को लगातार पांच शुक्रवार तक करने से घर में हल्कापन महसूस होने लगता है और पैसों को लेकर चल रही परेशानियां कम होने लगती हैं ।

गुलाब के इस उपाय से अटके हुए कामों में मिलेगी सफलता -कई लोगों की शिकायत होती है कि काम बनते-बनते बिगड़ जाते हैं । ऑफिस में मेहनत करने के बाद भी पहचान नहीं मिलती या बार-बार किसी न किसी वजह से रुकावट आ जाती है । ऐसे में गुलाब से जुड़ा यह उपाय आपके लिए फायदेमंद हो सकता है ।

-इस उपाय को मंगलवार के दिन करें । आपको लाल चंदन, एक ताजा लाल गुलाब और थोड़ी सी रोली लेनी है । इन तीनों चीजों को एक साफ लाल कपड़े में बांधकर छोटी सी पोटली बना लें । अब इस पोटली को अपने घर के मंदिर में रखें और पूरे मन से हनुमान चालीसा का पाठ करें ।

पाठ पूरा होने के बाद इस पोटली को अपनी तिजोरी में या उस जगह रखें जहां आप जरूरी कागजात, पैसे या काम से जुड़ी चीजें रखते हैं । माना जाता है कि यह उपाय काम में आ रही अड़चनों को दूर करता है । गुलाब की कोमलता मन को शांत करती है और उसका लाल रंग आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है, जिससे बाहर की दुनिया में आगे बढ़ने का रास्ता आसान होता है ।

गुलाब के उपाय करते समय किन बातों का रखें ध्यान -गुलाब के इन उपायों को करते समय कुछ छोटी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, तभी इनका पूरा असर देखने को मिलता है । -सबसे पहले, उपाय करते समय मन में किसी के लिए गलत भावना न रखें । गुस्सा, जलन या नकारात्मक सोच असर को कम कर सकती है ।

हमेशा ताजा फूल का ही इस्तेमाल करें । मुरझाया, सूखा या टूटा हुआ गुलाब कभी न लें । उपाय को दिखावे के लिए न करें, बल्कि पूरे भरोसे और शांति के साथ करें । अगर किसी दिन मन बहुत अशांत हो, तो पहले खुद को शांत करें, फिर उपाय करें ।

# 250 साल पुराना माता तारा का बेहद रहस्यमयी मंदिर

## गुप्त नवरात्रि में होते हैं विशेष अनुष्ठान

गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। यह नवरात्रि सामान्य नवरात्रि से अलग और अधिक गोपनीय होती है, जिसमें साधक गुप्त रूप से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की साधना करते हैं। पहले दिन मां काली की पूजा का विधान है, जबकि दूसरे दिन मां तारा के दर्शन-पूजन का विधान है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में मां तारा देवी का प्राचीन मंदिर है, जो 250 साल से भी पुराना है। मां तारा देवी का यह मंदिर शिमला शहर से लगभग 13 किलोमीटर दूर शोघी हाईवे पर स्थित है और 7,200 फीट की ऊंचाई पर बसा हुआ है। मंदिर तक पहुंचने के लिए शोघी से एक घुमावदार लेकिन सुंदर सड़क से चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। मंदिर की स्थापना लगभग 250 साल पहले हुई थी।

**कुलदेवी के रूप में साक्षात विराजमान माता तारा**

किंवदंती के अनुसार, सेन राजवंश के राजा भूपेंद्र सेन को एक रात स्वप्न में मां तारा ने दर्शन दिए। देवी ने राजा से कहा कि वह उनके लिए एक मंदिर बनवाएं। स्वप्न को सत्य मानते हुए राजा ने तुरंत मंदिर निर्माण का कार्य शुरू करवाया। बाद में उनके वंशज बलवीर सेन ने मंदिर में अष्टधातु से बनी मां तारा की सुंदर मूर्ति स्थापित की। मान्यता है कि मां तारा यहां कुलदेवी के रूप में साक्षात विराजमान हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंचते हैं। भक्तों का विश्वास है कि मां तारा उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं और मुसीबतों से बचाती हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु विशेषकर संतान प्राप्ति, स्वास्थ्य, धन-समृद्धि और सुरक्षा की कामना लेकर आते हैं।



**प्राचीन मंदिर की वास्तुकला पहाड़ी शैली में बना है**

प्राचीन मंदिर की वास्तुकला भी देखने लायक है। यह पारंपरिक पहाड़ी शैली में बना है, जिसमें लकड़ी और पत्थर का प्रयोग किया गया है। छत स्लेट की बनी हुई है, जो हिमाचल की पुरानी इमारतों की खासियत है। मंदिर में जटिल नक्काशी और सुंदर डिजाइन स्थानीय कारीगरों की शानदार कला को दर्शाते हैं। हाल के वर्षों में हिमाचल पर्यटन विभाग ने मंदिर के पास एक नया, आधुनिक लेकिन पारंपरिक शैली में मंदिर भी बनवाया है। इस स्थान की सबसे बड़ी खासियत 360 डिग्री का पैनोरमिक नजारा है। हिमालय की बर्फीली चोटियां, हरे-भरे जंगल और घाटियां एक साथ दिखाई देती हैं, जो मन को शांति और भक्ति का अनुभव कराती हैं।

**माता तारा की चढ़ाई जाती है ये चीजें**

विशेष अवसर पर मंदिर प्रबंधन भक्तों के लिए मुफ्त सामुदायिक भंडारा भी आयोजित करता है। यहां गुप्त नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्त मां तारा को लाल फूल, चावल, सिंदूर, धूप-दीप और मिठाई चढ़ाते हैं। कई साधक इस दौरान विशेष अनुष्ठान और जप भी करते हैं। तारा देवी मंदिर ना केवल धार्मिक महत्व का है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। शिमला घूमने आने वाले पर्यटक अक्सर यहां दर्शन करने जरूर आते हैं।

# कौन हैं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ?

प्रयागराज के संगम पर मौनी अमावस्या के अवसर पर जहां करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और पुलिस प्रशासन के बीच तीखा विवाद देखने को मिला। परंपराओं, धार्मिक अधिकारों और कथित वीआईपी व्यवस्था को लेकर उपजा यह टकराव अब राजनीतिक हलकों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बना हुआ है।

मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने लगभग 200 अनुयायियों के साथ रथ और पालकी के जरिए संगम स्नान के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान पुलिस ने भारी भीड़ और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उन्हें एक बैरियर पर रोक दिया। पुलिस प्रशासन का कहना था कि मौनी अमावस्या पर किसी भी प्रकार की वीआईपी आवाजाही पर रोक लगाई गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद शंकराचार्य ने आगे बढ़ने की कोशिश की, जिससे स्थिति बिगड़ गई और करीब तीन घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दूसरी ओर, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का दावा है कि उनके समर्थकों के साथ प्रशासन ने बल प्रयोग



किया और उन्हें हिरासत में लिया गया। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया और कहा कि सही-गलत का फैसला समय करेगा।

आज अपने मुखर और सख्त रुख के लिए पहचाने जाने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का जन्म उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के ब्राह्मणपुर गांव में हुआ था। उनका मूल नाम उमाशंकर पांडे है। प्रारंभिक शिक्षा गांव में कक्षा छह तक हुई, इसके बाद वे अपने पिता के साथ गुजरात चले गए। वहीं उनकी मुलाकात काशी के संत रामचैतन्य से हुई, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी और वे संन्यास मार्ग पर अग्रसर हुए। काशी में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के सानिध्य में रहकर उन्होंने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की और गुरु के प्रिय शिष्यों में गिने जाने लगे। वर्ष 2022 में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के देहांत के बाद उन्हें ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य नियुक्त किया गया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद इससे पहले भी कई आंदोलनों और विवादों के कारण सुर्खियों में रहे हैं। वर्ष 2008 में गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए काशी में 112 दिनों का अनशन कर वे राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुए।

# क्या संकट में मदद करना पूजा तोड़ना है ?

वाराणसी में गंगा के किनारे एक गुरु जी रहते थे। उनके कई शिष्य थे। आखिर वह दिन भी आया जब शिक्षा-दीक्षा पूरी होने के बाद गुरुदेव उन्हें अपना आशीर्वाद देकर विदा करने वाले थे। सुबह गंगा में स्नान करने के बाद गुरुदेव और सभी शिष्य पूजा करने बैठ गए। सभी ध्यान कर रहे थे, तभी एक बच्चे की आवाज सुनाई पड़ी। वह नदी की ओर डूबते हुए मदद के लिए पुकार रहा था। तभी एक शिष्य अपनी जान की परवाह किए बगैर नदी की ओर दौड़ पड़ा। वह किसी भी तरह से उस बच्चे को बचाकर किनारे तक लाया। तब तक सभी शिष्य ध्यान में मग्न थे। गुरु जी यह घटनाक्रम अपनी आंखों से देख रहे थे। तब गुरु जी ने कहा, ''एक रोते हुए बच्चे की पुकार सुन तुम्हारा एक मित्र बच्चे को बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा लेकिन तुम लोग नहीं उठे।''शिष्यों ने कहा, ''उसने पूजा छोड़कर अधर्म किया है।''इस पर गुरुदेव ने कहा, ''अधर्म उसने नहीं, तुम लोगों ने किया है। तुमने डूबते हुए बच्चे की पुकार अनसुनी कर दी।

स्वतंत्र वार्ता
गुरुवार, 22 जनवरी- 2026

## राज्यपाल से बढ़ता टकराव

तमिलनाडु और केरल विधानसभाओं में राज्य सरकारों और राजभवनों के बीच बढ़ता मंगलवार को देश के सामने आ गया। संविधान का विधान है कि राज्यपाल को मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत भाषण पढ़ना होता है, न कि अपनी निजी राय व्यक्त करना। यह स्थिति संघीय व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। भारतीय संविधान में राज्यपाल का पद गरिमा, संतुलन और परंपरा का प्रतीक माना गया है। उसका काम ही संविधान के अनुसार चलना और मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना है। लेकिन तमिलनाडु और केरल विधानसभा में जो हुआ, वह राज्य सरकार और राजभवनों के बीच चल रहे टकरावों की ताजा कड़ी है। केरल में पिनराई सरकार का आरोप है कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कैबिनेट से स्वीकृत अभिभाषण न पढ़कर उन्होंने वे हिस्से छोड़ दिए, जिनमें बताया गया था कि केंद्र की नीतियों की वजह से केरल को किस तरह वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा के सालाना सत्र की शुरुआत से पहले यह कहते हुए परंपरागत उद्घाटन भाषण नहीं पढ़ा कि उसमें तथ्य सही नहीं हैं और राष्ट्रगान का सम्मान नहीं किया गया है। जबकि संविधान और परंपरा यह कहते हैं कि राज्यपाल को वही भाषण पढ़ना होता है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी हो। यह भाषण राज्यपाल का निजी विचार नहीं, चुनी हुई सरकार की नीतियों का आधिकारिक दस्तावेज होता है। संविधान के मुताबिक, राज्यपाल कैबिनेट की सलाह पर काम करते हैं। वह अपनी निजी राय या असहमति को अभिभाषण के जरिये व्यक्त नहीं कर सकते। देश की संघीय व्यवस्था में राज्यपाल से यह उम्मीद की जाती है कि वह संविधान के संरक्षक के तौर पर काम करेंगे और उनका कोई भी कदम राजनीतिक नहीं होगा। ऐसा नहीं है कि अभिभाषण पर आपत्ति पहली बार आई हो। लेकिन, पद की गरिमा यही कहती है कि उस वक्त राज्यपाल को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए था। सदन में खड़े होकर अभिभाषण को पढ़ने से इनकार करना गवर्नर की भूमिका को राजनीतिक रंग देते नजर आने लगता है। इन दोनों घटनाओं को अलग करके नहीं देखा जा सकता। देखा जा रहा है कि जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल के साथ टकराव कई बार सामने आ चुका है। तमिलनाडु के राज्यपाल इसके पहले भी कई मौकों पर अभिभाषण पूरा पढ़े बिना विधानसभा से निकल चुके हैं, जबकि केरल में लंबे समय से पेंडिंग बिल का मामला अटका पडा है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि वह विधेयकों पर राष्ट्रपति या राज्यपाल की मंजूरी के लिए कोई न्यायिक समय सीमा निर्धारित नहीं कर सकता। वह फैसला शक्तियों के संतुलन को दर्शाता है। हालात को देखते हुए ऐसा ही संतुलन सरकारों और गवर्नर को बनाए रखने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## चंबल संभाग में शय और मात का खेल



पुरुषोत्तम भदौरिया

मध्य प्रदेश के दो बड़े नेताओं में चल रहा शह और मात का खेल अब किसी से छुपा नहीं रह गया है। जाहिर है इस तरह की सियासी लडाई में नुक़सान अंततः प्रदेश की जनता को ही उठाना पड़ रहा है। यह सियासी लडाई आज की नहीं बल्कि पिछले चार वर्ष से लगातार चल रही है। यह बात दीगर है कि अब खेल खुलकर सामने आ गया है। कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार जब बनी थी तब भाजपा का प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व सकते में आ गया था। राष्ट्रीय नेतृत्व चाहता था कि प्रदेश में किसी तरह भाजपा नीत सरकार बने इसलिए प्रदेश स्तर पर कांग्रेस के उन नेताओं पर नजर रखी जाने लगी जो पार्टी से नाराज़ चल रहे थे। ऐसे नेताओं को टटोला गया तब भी कोई टूटने को तैयार नहीं था। लेकिन जब केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री बनने का सपना संजोने वाले ग्वालियर रियासत के पूर्व रियासतदार ज्योतिरादित्य पर हाथ रखने और पाले में लाने की लाइन दे दी तो सिंधिया ने सौदेबाजी शुरू की। बात बनी अपने लिए केंद्रीय मंत्रीमंडल में स्थान और समर्थक विधायकों को प्रदेश मंत्रिमंडल में स्थान। आरोप तो यह भी है कि टूटने वाले विधायकों की हैसियत नापने की भी बात की गई थी जिसे पूरा करने का आश्वासन दे दिया गया। आश्वासन के बाद सिंधिया ने जमीन और किले के स्कूल की लीज तो बढ़वा ली साथ ही करीब 300 करोड़ के आसपास का टैक्स भी माफ करा लिया। इसके पहले कमलनाथ सरकार से सभी काम कराने के बाद सिंधिया ने चाल चलनी शुरू कर दी थी। सिंधिया की चालों से वाक़िफ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ को चेताने की कोशिश की लेकिन उन्हें विश्वास था कि सिंधिया इस तरह नहीं टूटेंगे।

सिंधिया की भाजपा नेताओं से चल रही बातचीत को कमलनाथ न समझ सके लेकिन दिग्विजय सिंह समझ गए थे और उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन अचानक सिंधिया अपने समर्थक विधायकों के साथ कर्नाटक चले गए। तब कर्नाटक में भापजा की सरकार ने सिंधिया की पूरी टीम को रुकने की व्यवस्था की, वहीं सिंधिया ने भाजपा समर्थन की घोषणा कर दी। इस घोषणा के बाद कमलनाथ ने सिंधिया को वापस कांग्रेस में लाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

सिंधिया के भाजपा में आने से उनके चिर परिचित राजनीतिक प्रतिद्वंदी तत्कालीन केंद्रीय कृषिमंत्री नरेंद्र सिंह को राजनैतिक खतरे का एहसास हो गया था। दबे सुर में ही सही लेकिन उन्होंने सिंधिया के आगमन का विरोध किया। लेकिन मुखर नहीं कर सके क्यों कि सिंधिया के समर्थन के बाद उनका ही मित्र शिवराज सिंह सीएम बने थे। लेकिन नरेंद्र सिंह ने शिवराजसिंह को सिंधिया पर हल्का हार रखने की सलाह दी इस सलाह को शिवराज सिंह ने स्वीकारा इसका परिणाम हुआ कि सिंधिया अपने चहेते प्रशासनिक अधिकारियों को मनचाही जगहों पर नियुक्त नहीं करा सके । चहेते अफसरों को नियुक्ति न दिला पाने से सिंधिया भाजपा नेताओ से नाराज़ भी हुए लेकिन उनकी नाराज़गी को पार्टी ने महत्व नहीं दिया। सरकार का कार्यकाल पूरा होने और विधानसभा चुनाव में पार्टी ने सिंधिया समर्थकों को टिकट भी दिए और मंत्रीमंडल में स्थान भी दिया और संगठन में भी स्थान दिया गया। सत्ता और संगठन में स्थान मिलने से नरेंद्र सिंह को खतरे का अहसास होते ही नरेंद्र सिंह ने सिंधिया समर्थक कैलारस विधायक राम निवास रावत को लोक-सभा चुनाव के दौरान भाजपा में ले आए। रावत के भाजपा में आने से सिंधिया और नरेन्द्र सिंह के नीचे चल रहा द्वंद और तेज हो गया। रावत के इस्तीफे के बाद हुए विधानसभा उप चुनाव में रावत की हार का ठीकरा नरेंद्र सिंह समर्थकों ने सिंधिया पर फोड़ना चाहा लेकिन सिंधिया समर्थको ने उस ठीकरे को उन्हीं पर चला दिया। रावत की पराजय के बाद विधानसभा अध्यक्ष के समर्थकों ने सिंधिया के किसी कार्यक्रम में जाना बंद कर दिया।

आज स्थिति यह है सिंधिया समर्थक न तो विधानसभाध्यक्ष के कार्यक्रमों में जाते हैं और न नरेंद्र सिंह समर्थक सिंधिया के कार्यक्रमों में। सिंधिया और नरेंद्र सिंह के मध्य चल रहे शह और मात के खेल में कौन जीतता है, यह तो समय बताएगा। लेकिन नुकसान ग्वालियर संभाग वासियों को हो रहा है, इसकी चिंता किसी भी राजनेता को नहीं है।

# आंगन में उतरा वसंत, झूम रहा भारत



सुरेश गांधी

वसंत गांवों में केवल ऋतु नहीं होता, वह जीवन का उत्सव होता है। यह वह समय है, जब किसान अपने खेत को देखकर भविष्य की रेखाएं पढ़ता है, जब श्रम को सम्मान मिलता है और प्रकृति मनुष्य के सबसे करीब आ जाती है। न दिखावा, न आडंबर, बस मिट्टी, मेहनत और मुस्कान। इसीलिए कहा गया है, जब खेतों में सरसों लहराती है, तभी आंगन में वसंत उतरता है। और जब वसंत उतरता है, तब गांव केवल गांव नहीं रहता, वह आशा, प्रेम और जीवन का सबसे सुंदर चित्र बन जाता है। मतलब साफ है वसंत केवल ऋतु नहीं है, वह सनातन चेतना का उत्सव है। यह वह क्षण है जब प्रकृति अपने मौन को तोड़कर बोलने लगती है, जब धरती का कण-कण मधुरस से भर उठता है और जीवन फिर से मुस्कुराने लगता है। शिशिर की कठोरता और पतझड़ की उदासी के बाद वसंत का आगमन मानो सृष्टि का पुनर्जन्म है, जहां सूनी डालियों पर कोंपलें फूटती हैं, सरसों के खेत स्वर्णिम हो उठते हैं और आम की बौर से हवाएं इठलाने लगती हैं। बसंत पंचमी इसी सनातन प्रवाह की उजली घोषणा है। यह दिन केवल मां सरस्वती की आराधना का नहीं, बल्कि विवेक, सृजन और संतुलन के पुनर्स्मरण का पर्व है।

भारतीय दर्शन में वसंत को ऋतुराज कहा गया है, क्योंकि इसमें न अति शीत है, न अति ताप, यही संतुलन जीवन का भी आधार है। यही कारण है कि श्रीकृष्ण ने गीता में स्वयं को ऋतुओं में वसंत कहा। वसंत आते ही केवल प्रकृति ही नहीं, मनुष्य, पशु-पक्षी और संपूर्ण धरती रोमांचित हो उठते हैं। भंवरे गुनगुनाने लगते हैं, कोयल की कूक गूंजने लगती है और गांवों की पगडंडियों पर फाग-चैती के लोकगीत बहने लगते हैं। कहीं होली की रंगीन छींटें उड़ती हैं, तो कहीं खेतों में मेहनत का उत्सव पकने लगता है। वसंत जीवन को उत्सव बनाता है, साधना को सौंदर्य देता है और परंपरा को नई ऊर्जा। यही वसंत है, जो प्रकृति को निखारता है, मनुष्य को जोड़ता है और सनातन भारत की आत्मा को फिर से जगा देता. बसंत पंचमी का सूरज जब गांव की कच्ची पगडंडियों पर उतरता है, तो वह केवल रोशनी नहीं लाता, वह सदियों पुरानी स्मृतियों को जगा देता है। यह वह दिन है जब धरती सिर्फ हरी नहीं होती, गाने लगती है. खेतों में लहराती सरसों, मानो ढोलक की थाप पर पीली चुनरी लहराकर, नृत्य कर रही हो। आंगन में बैठी दादी, अनायास ही गुनगुनाने लगती है, "आइल बसंत बहार, पीली चुनरिया ओढ़े धरती हमार..." ग्रामीण भारत में बसंत पंचमी कैलेंडर की तारीख नहीं, लोकगीतों में उतर आई ऋतु है।

बसंत पंचमी हमें याद दिलाती है कि सनातन दर्शन भाषणों में नहीं, लोकगीतों में जीवित है। जब तक गांव गाएगा, धरती हरेगी, पशु-पक्षी चहचहाएंगे, तब तक यह संस्कृति अमर है। मतलब साफ हे वसंत पंचमी ग्रामीण भारत की वह तान है जिस पर पूरा जीवन नृत्य करता है, और उसी लय में होली के रंग मन को रोमांचित कर देते हैं।

**"मैं ऋतुओं में न्यारा वसंत, मैं अग-जग का प्यारा वसंत।**
**मेरी पगध्वनि सुन जग जागा, कण-कण ने छवि मधुरस मांगा..."**

कवयित्री महादेवी वर्मा की ये पंक्तियां मानो वसंत ऋतु का आत्मकथ्य हों। उनकी कविता 'स्वप्न से किसने जगाया' में वसंत केवल एक ऋतु नहीं, बल्कि चेतना का जागरण, जीवन का पुनर्जन्म और प्रकृति की मुस्कान बनकर उपस्थित होता है। वसंत के आते ही जैसे धरती की नाड़ी में फिर से रस दौड़ने लगता है। वसंत वह समय है जब मौसम और प्रकृति में होने वाले सुंदर, कोमल और संतुलित परिवर्तन मनुष्य को सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं। पतझड़ के बाद ठूंठ हो चुके पेड़-पौधे फिर से पत्तियों और फूलों से सज उठते हैं। सूनी डालियों पर नई कोंपलें फूटती हैं और उन्हीं कोंपलों की सुगंध में भंवरे और मधुमक्खियां अपने जीवन की नई धारा तलाशने पहुंचती हैं। यह दृश्य केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आशा का दर्शन है। यही कारण है कि वसंत को श्रृंगार की ऋतु और ऋतुओं का राजा कहा गया है। इसका गूढ़ अर्थ हमें श्रीमद्भगवद्गीता में मिलता है, जहां भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "ऋतूनां कुसुमाकरः", अर्थात ऋतुओं में मैं वसंत हूँ। यह कथन स्पष्ट करता है कि वसंत केवल मौसम नहीं, बल्कि सृजन, सौंदर्य और मनुष्यत्व की नयी शुरुआत का प्रतीक है।

भारतीय साहित्य की लगभग सभी भाषाओं में वसंत का उत्सव दिखाई देता है। संस्कृत के ऋतु-वर्णनों से लेकर अवधी-ब्रज के फाग, उर्दू की ग़ज़लों के मौसम-ए-गुल और आधुनिक हिंदी कविता तक, हर जगह वसंत प्रेम, उल्लास और उन्माद का पर्याय बनकर उपस्थित है। न अधिक ठंड, न तीखी गर्मी, दोनों के संतुलन से जन्मा यह सम-मौसम ही मौसम-ए-गुल कहलाता है। इस समन्वित मौसम में केवल प्रकृति ही नहीं, जीव-जंतु और मनुष्य भी एक-दूसरे के निकट आते हैं। खेतों में फसलें पककर तैयार होती हैं, आम की डालियाँ मंजरी से लद जाती हैं और बाग-बगीचे रंग-बिरंगे फूलों से सज जाते हैं। गांवों में लोकगीत गूंजने लगते हैं, तो शहरों में भी मन अनायास हल्का हो जाता है। आधुनिक संस्कृति में प्रेम के बदलते रूपों के कारण युवा पीढ़ी इस समय को वेलेंटाइन वीक के रूप में भी मनाती दिखाई देती है। परंतु भारतीय परंपरा में वसंत का प्रेम केवल व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि समष्टि-केंद्रित है, प्रकृति से प्रेम, जीवन से प्रेम और सृजन से प्रेम। वसंत वास्तव में जीवन की स्फूर्ति और चेतना का काल है।



## एआई : आंख मूंद कर भरोसा कहीं मुश्किल में न डाल दे



ज्ञान चंद पाटनी

आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का हर क्षेत्र में इस्तेमाल किया जा रहा है। चिकित्सा से लेकर कानून ही नहीं, कृषि और कारखानों तक, यह तकनीक बेहद उपयोगी और समय बचाने का साधन साबित हो रही है। साथ ही इसका बिना जांचे—परखे उपयोग करना मुसीबत का कारण भी बन रहा है। ताजा उदाहरण बॉम्बे हाईकोर्ट का है जहां एक वकील ने बिना जांचे एआई से बनी दलीलें दाखिल कीं और इससे नाराज अदालत ने 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया। इसी तरह वर्कडे की ताजा ग्लोबल रिपोर्ट बताती है कि सर्वे में शामिल 85 प्रतिशत कर्मचारी मानते हैं कि हर सप्ताह एआई से बचने वाले एक से 7 घंटों में से 40 प्रतिशत समय गलतियां सुधारने में चला जाता है। इसी तरह अमेरिका और चीन के विश्वविद्यालयों के शोध पत्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि एआई ने रिसर्च की गति तो बढ़ाई लेकिन विविधता को नुकसान पहुंचाया है। साफ है कि एआई के फायदे अपार हैं, लेकिन बिना सावधानी के उपयोग से नुकसान भी उतना ही गहरा है। इसलिए संतुलित और सही इस्तेमाल ही इसका सही मार्ग है। निश्चित ही एआई का उदय 21वीं सदी की सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति है। यह डेटा के विशाल समुद्र में डुबकी लगाती है और जरूरी जानकारी निकालती है। इसकी मदद से रिसर्चर तीन गुना अधिक पेपर प्रकाशित कर पा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में तो एआई डायग्नोसिस की सटीकता बहुत ज्यादा है। एआई तकनीक डॉक्टरों को बीमारियों का जल्द पता लगाने, जांचों का विश्लेषण करने और उपचार सुझाने में मदद करती है। एआई संचालित टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को शीर्ष अस्पतालों के विशेषज्ञों से जोड़ते हैं जिससे समय और लागत की बचत होती है। साथ ही देखभाल की गुणवत्ता में सुधार होता है। किसानों के लिए एआई एक विश्वसनीय साथी साबित हो रही है। यह तकनीक मौसम की भविष्यवाणी कर सकती है, कीटों के हमलों का पता लगा सकती है और सिंचाई व बुवाई के लिए बेहतर समय तक सुझाने लगी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई तकनीक उपयोगी है। एआई न्यायिक कार्य, शासन और लोक सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया को नया रूप दे रही है।

जाहिर है कि एआई तेजी से अर्थव्यवस्था को बदलने वाली तकनीक बन चुकी है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 15.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकती है। यह अलग बात है कि इस आर्थिक लाभ का 84 प्रतिशत से अधिक हिस्सा उत्तरी अमेरिका, चीन और यूरोप जैसे विकसित क्षेत्रों को मिलने की संभावना है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए भी यह अवसरों का सागर है। यही वजह है कि देश में एआई तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही यह भी समझना होगा कि उत्साह के साथ सतर्कता जरूरी है।

एआई की चमक के पीछे छिपे खतरे नजरअंदाज नहीं किए जा सकते। बॉम्बे हाईकोर्ट का मामला इसका जीता-जागता प्रमाण है। हार्ट एंड सोल एंटरटेनमेंट के निदेशक मोहम्मद यासीन ने एआई से तैयार दलीलें दाखिल कीं. इसमें उद्धृत एक फैसला कहीं अस्तित्व में था ही नहीं। जस्टिस एम.एम. साठये ने इसे न्याय प्रक्रिया में बाधा बताया। एआई टूल्स रिसर्च के लिए स्वीकार्य हैं लेकिन सत्यापन करना वकील या पक्षकार की जिम्मेदारी है, वे इससे बच नहीं सकते। यह घटना एआई के हैलुसिनेशन यानी मतिभ्रम जैसे खतरे को उजागर करती है। इस कारण काल्पनिक तथ्य तक गढ़ लिए जाते हैं। भारत में ही नहीं, दुनिया भर में ऐसे मामले सामने आए हैं। गत वर्ष ऑस्ट्रेलिया में एक वकील ने कोर्ट में कुछ मुकदमों का हवाला देते हुए अपने केस को मजबूत करना चाहा लेकिन जब जज ने इन मुकदमों की लिस्ट जांची तो सामने आया कि ऐसे केस तो कभी हुए ही नहीं। वकील ने बताया कि यह जानकारी एआई से मिली थी। वकील ने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। जज ने माफी तो स्वीकार की, लेकिन मामले की जांच भी शुरू कर दी। वकील का मामला विक्टोरियन लीगल सर्विसेज बोर्ड को भेजा गया। बोर्ड ने उसे निजी लॉ प्रैक्टिस करने से रोक दिया और दो साल तक किसी अनुभवी वकील की निगरानी में काम करने के निर्देश दिए । इस घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया के कोर्ट में 20 से ज्यादा ऐसे मामले सामने आए, जहां वकीलों या खुद का कोर्ट में पक्ष रखने वाले लोगों ने एआई का इस्तेमाल करके ऐसे दस्तावेज तैयार किए जिनमें गलत जानकारी थी। जाहिर है वकालत और कानून की दुनिया में एआई का इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर करना चाहिए।

वर्कडे रिपोर्ट में भी एआई के कारण होने वाली फॉल्स सेंस ऑफ प्रोडक्टिविटी' का भी उल्लेख है। जो समय बचता है, गलतियों सुधारने में उसका 40 प्रतिशत जाया हो जाता है। इसी तरह रिसर्च क्षेत्र में एआई ने गति तो बढ़ाई, लेकिन कीमत भी चुकानी पड़ी। 4.13 करोड़ शोध पत्रों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि एआई तकनीक उपयोगी है पर विषय विविधता 4.63 प्रतिशत घटी है।

गोपनीयता उल्लंघन एआई का बड़ा जोखिम है। कैम्ब्रिज एनालिटिका कांड एक बड़ा डेटा गोपनीयता घोटाला था। असल में ब्रिटिश राजनीतिक परामर्श फर्म कैंब्रिज एनालिटिका ने लाखों फेसबुक उपयोगकर्ताओं के निजी डेटा को उनकी सहमति के बिना राजनीतिक अभियानों के लिए अवैध रूप से एकत्र करके उसका उपयोग किया। इसके बाद डेटा सुरक्षा कानूनों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी पर वैश्विक बहस छिड़ी। फेसबुक पर जुर्माना भी लगा और डेटा सुरक्षा में सुधार के लिए कदम उठाए गए। माना जाता है कि डीपफेक वीडियो ने 2024 के अमेरिकी चुनाव को प्रभावित किया था। साइबर हमलों में भी एआई तकनीक मददगार बन रही है। जाहिर है विश्वसनीयता का संकट बढ़ रहा है।

एआई से नौकरियों पर संकट की बात भी बहुत जोरशोर से हो रही है। इस बात से नकारा नहीं जा सकता कि एआई से नौकरीपेशा लोगों पर खतरा है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी नौकरियां खत्म हो जाएंगी। विश्व आर्थिक मंच का अनुमान है कि डेटा एंट्री, कॉल सेंटर, सरल कोडिंग सबसे प्रभावित होंगी लेकिन एआई इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट जैसी नई नौकरियों के लिए अवसर सामने आएंगे। ऐसे में एआई के दौर में अपने आपको प्रासंगिक बनाए रखने के लिए खुद को समय के साथ अपग्रेड रखना जरूरी है। यह बात सही है कि एआई बहुत सी चीजें कर सकता है, लेकिन वह इंसान की रचनात्मकता, भावनात्मकता और सोचने-समझने की क्षमता का मुकाबला नहीं कर सकता है। एआई तकनीक लीडरशिप जैसी भूमिका नहीं निभा सकती। इसलिए एआई से डरने की बजाय अपनी रचनात्मकता और सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान दें।

तमाम खतरों के बावजूद इस तकनीक से किनारा नहीं किया जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्देश सभी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक है – एआई सहायक है लेकिन वह इंसान की जगह नहीं ले सकती। इसलिए एआई से बचें नहीं, प्रशिक्षण लें और सरकार नियमन तंत्र मजबूत करे। एआई युग में भी मानव विवेक सर्वोपरि रहेगा।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु की फाइलें और अधूरा सत्य



योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं।

दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य



दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

## चुनावी मैदान में खड़े होने के लिए सारे नेता लड़ रहे हैं



डॉ टी महादेव राव

राजनीति में इसीलिए तो आते हैं।

एक चुनाव क्षेत्र के लिए बहुत सारे लोग आवेदन कर रहे हैं।

अब आप बताओ एक पदक के लिए बहुत सारे लोग दौड़ते हैं कि नहीं? इसी तरह यह भी है। अपनी किस्मत आजमाने का सभी को हक है न?

जनता की सेवा के लिए किस्मत के इम्तिहान? यह कोई लॉटरी तो नहीं है?

राजनीति, चुनाव, परिणाम, पद सभी लॉटरी जैसे ही हैं। भाग्य की लक्ष्मी की मेहरबानी के लिए कोई भी दंगल में खड़ा हो सकता है। यह सब इस बात का सबूत है कि हमारा लोकतंत्र पूर्णतया विकसित होकर फूल बनकर अपना सुगंध चारों तरफ फैला रहा है।

लोकतंत्र का उत्सव मनाने जैसा क्या बचा हुआ है?

लोकतंत्र का मतलब ही स्वतंत्रता की पराकाष्ठा है। एक टिकट के लिए एक ही पार्टी से कई लोगों की कोशिश और अपने पार्टी के नेताओं को ही टिकट न देने और उन्हें पद बिल्कुल न देने जैसी राजनीतिक रक्त संबंध को बांटने वाले अनुयाई, स्वयं के कार्यकर्ता ही प्रत्यक्ष रूप से आवाज उठाने की जो चेष्टा कर रहे हैं, वह राजनीति में ही दिखाई देने वाला विचित्र विन्यास है। लोकतंत्र की परिणति शायद यही है। प्रजातंत्र बढ़कर नासूर बन विकसित होने पर ही इस तरह के स्वच्छ, स्वस्थ प्रगति के लक्षण बाहर आते हैं। अपने स्वयं के नेताओं का विरोध करना पीठ में छुरा घोंपने जैसा नहीं है?

वह सब अवसरों को हथियाने की आतुरता है। राजनीति में अवसर बहुत कम आते हैं। बहुत कम दरवाजा खटखटाते हैं। हमको ही चाहिए हम दरवाजा खोलकर ढूंढते जाएं। ऐसे सत्य को सारे नेताओं ने जान लिया है, जिस वजह से इस तरह की बातें हर दिन जहां कहीं आपको दिखाई पड़ती है।

लेकिन टिकट न मिलने पर राम लक्ष्मण जैसे भाई भी वाली और सुग्रीव या रावण और विभीषण जैसी शत्रुता निभाते हैं। ऐसे में मानवीय रक्त संबंधों में मधुरता का क्या होगा?

राजनीति में पद, पैसा और संपत्ति ही सबसे अधिक मायने रखती हैं। बाकी सारी तो माया है। अकेले आए थे अकेले जाएंगे। ये बंधन तो मुट्ठी बांध के आने और हाथ पसार कर जाने के बीच बने रिश्ते हैं। सारी मोह माया हमारी अपनी बनाई हुई है।

लेकिन पैसा,पद, प्रतिष्ठा और संपत्ति भी तो बीच में ही आई हैं न?

तो क्या किसी भी चीज से मोह न रखें? नागा बाबा बनके घूमे? दर दर भटकें? थोड़ी बहुत संपत्ति बना लिए तो कौन सा पहाड़ टूट पड़ा?

लेकिन जिस गीता का ज्ञान आप बता रहे हो उसमें तो साफ लिखा है की सच बोलना चाहिए, झूठ बिल्कुल नहीं होना चाहिए। लेकिन ....? गीता की तरह राजनीति ग्रंथ यानी आधुनिक गीता ज्ञान का पहला अध्याय है झूठ,असत्य और लड़ाई जिसकी बुनियाद पर आज सारी राजनीति का महल बना है।

## मां ने बेटी के सिर, छाती और पेट पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार, पति के देर से आने पर थी नाराज

लातूर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के लातूर जिले में महिला ने अपनी बेटी को सिर्फ इसलिए मार डाला क्योंकि उसका अपने पति से घर लेट आने को लेकर झगड़ा हो गया था। पुलिस के मुताबिक, 30 साल की यह महिला, लातूर के श्यामनगर इलाके में सोमवार को घटी घटना के मामले में अरेस्ट कर लिया गया है। महिला के पति की उम्र 34 साल है। वह दिहाड़ी मजदूर का काम करता है। इस हत्या से इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के मुताबिक, रविवार देर रात महिला का पति अपने घर में लौटा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पति के देर से घर लौटने की वजह से महिला नाराज थी। उसने पति के विवाद के बाद कथित तौर पर धारदार चाकू हाथ में लिया और बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला ने अपनी बेटी के चेहरे, छाती, पेट, कमर, सिर और अन्य अंगों पर अटैक किया।

# आवासीय जमीन पर कमर्शियल निर्माण का विरोध

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-बिल्डिंग प्लान पर एनजीटी नहीं दे सकता आदेश

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनजीटी उन झगड़ों पर फैसला नहीं सुना सकता, जो असल में जमीन के इस्तेमाल, जोनिंग नियमों और टाउन-प्लानिंग के नियमों के पालन से जुड़े हैं। भले ही ऐसे झगड़ों को पर्यावरण से जुड़ी चिंता के तौर पर दिखाया गया हो। जस्टिस जेबी पारदीवाला और संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि ओपन और ग्रीन स्पेस के लिए बिल्डिंग प्लान का पालन न करने से जुड़ा विवाद एनजीटी के सामने पर्यावरण का मुद्दा कोई बड़ा सवाल नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिससे इस मामले में एनजीटी द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करना सही ठहराया जा सके। बल्कि मौजूदा मामले में अपील करने वाले-एंबिएंस डेवलपर्स की जमीन के इस्तेमाल में गड़बड़ी से जुड़े पार्टियों के विवादित दावे शामिल थे, जो रेजिडेंशियल कॉलोनी बनाने में हुई।

### जमीन विवाद एनजीटी के अधिकार क्षेत्र से बाहर

उन्होंने फिर से कहा कि जहां विवाद असल में जमीन के इस्तेमाल, जोनिंग, बिल्डिंग प्लान की मंजूरी और टाउन-प्लानिंग के नियमों के पालन से जुड़ा है, यह एनजीटी एक्ट, 2010 के सेक्शन 14 के तहत एनजीटी के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। हालांकि, कोर्ट ने पाया कि मुख्य विवाद पर्यावरण को नुकसान नहीं बल्कि डी-लाइसेंसिंग की कानूनी मान्यता और टाउन-प्लानिंग कानूनों के तहत जमीन के कमर्शियल इस्तेमाल की इजाजत का था। कोर्ट ने कहा कि चूंकि ये मुद्दे पहले से ही पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में जुड़ी हुई कार्रवाई में विचाराधीन थे, इसलिए एनजीटी का दखल अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण था।

ऑरोविले फाउंडेशन बनाम नवरोज केरसप मोदी एवं अन्य, 2025 लाइवलॉ (एससी) 312 का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति मेहता द्वारा लिखे गए फैसले में कहा गया कि एनजीटी का अधिकार क्षेत्र एनजीटी अधिनियम की अनुसूची 1 में निर्दिष्ट पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विशेष कानूनों से उत्पन्न होने वाले "पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों" तक सीमित है।



### सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिया आदेश

पीठ ने एसएलपी के बैच की सुनवाई की जिसमें आरोप शामिल थे कि गुरुग्राम की एंबियंस लैगून द्वीप परियोजना में मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए लाइसेंस प्राप्त भूमि पर वाणिज्यिक निर्माण किए गए थे और इस तरह के विकास से पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। इन दावों पर कार्रवाई करते हुए, एनजीटी ने पर्यावरणीय मुआवजा लगाने के अंतरिम आदेश पारित किए थे और कथित उल्लंघनों का आकलन करने के लिए विशेषज्ञ समितियों का गठन किया था।

ऐसी ही एक समिति ने भारी दंड और कुछ संरचनाओं को ध्वस्त करने की भी सिफारिश की थी। अदालत ने उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामले के निपटारे तक एनजीटी के समक्ष लंबित कार्यवाही को स्थगित रखा 10.33 करोड़ रुपये का एनवायरनमेंटल कंपनसेशन, मुनाफे का 25-50% रोकना, और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को गिराने की संभावना पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## सोशल मीडिया से लिया वजन कम करने का नुस्खा, छात्रा ने खाया 'बोरेक्स'; मिली दर्दनाक मौत

मदुरै, 21 जनवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया से वजन घटाने का नुस्खा लेना तमिलनाडु के मदुरै में एक कॉलेज की छात्रा के लिए जानलेवा साबित हुआ। तमिलनाडु पुलिस के अनुसार मदुरै की एक प्रथम वर्ष की कॉलेज छात्रा की 'वेंकारम' (बोरेक्स) नामक पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। यह पदार्थ उसने यूट्यूब पर देखे गए एक वीडियो के सुझाव पर खरीदा और इस्तेमाल किया था। मृतका की पहचान 19 वर्षीय कलैयारसी के रूप में हुई है, जो सेलूर इलाके के मीनांबलपुरम की रहने वाली थी। वह नरिमेडु स्थित एक निजी महिला कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। परिवार के अनुसार, वह अपने वजन को लेकर चिंतित रहती थी और इसे कम करने के तरीके तलाशती रहती थी। तबीयत बिगड़ने पर उसकी मां उसे एक निजी अस्पताल ले गईं, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया।

# घना कोहरा छटा, तापमान बढ़ा और अब बारिश की बारी

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पहाड़ से मैदान तक मौसम फिर से करवट लेने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी हिमालय के इलाके में बर्फबारी और बारिश हो सकती है, तो कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में ठंड के साथ बर्फ की सफेद चादर बिछ सकती है। इसके अलावा, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई मैदानी क्षेत्रों में तेज हवाएं चल सकती हैं और यहां बारिश की भी संभावना है। ऐसे में प्रश्न है कि क्या आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ने वाली है या राहत मिल जाएगी?



### कब कहां होगी बर्फबारी?

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव की वजह से, अगले 7 में वेस्टर्न हिमालयन एरिया में बारिश हो सकती है। कश्मीर वैली में 22 और 23 जनवरी, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में 23 जनवरी को बर्फबारी और भारी बारिश की संभावना है। नॉर्थ-वेस्ट इंडिया के आस-पास के मैदानी इलाकों में 22 और 24 जनवरी के दौरान बारिश हो सकती है। वहीं, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब के कुछ इलाकों में अगले 2-3 दिन में घना कोहरा छा सकता है।

### दिल्ली-लखनऊ में कब बरसेगा पानी?

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, दिल्ली में 23 जनवरी को बारिश हो सकती है। इस दौरान, 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवा चल सकती है। वहीं, लखनऊ में 23 और 24 जनवरी को आसमानी बिजली कड़कने, बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है।

### तापमान में कितना होगा बदलाव?

नॉर्थ वेस्ट इंडिया में अगले 2 दिन में मिनिमम टेंपरेचर कुछ खास नहीं बदलेगा। हालांकि, उसके बाद 5 दिनों के भीतर तापमान धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अगले 2 दिनों में सेंट्रल इंडिया के मिनिमम टेंपरेचर में कोई खास बदलाव नहीं होगा। उसके बाद के 3 दिन में तापमान धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। उसके बाद उसमें कोई खास बदलाव नहीं दिख सकता है।

### महाराष्ट्र में बढ़ने वाला है तापमान?

महाराष्ट्र की बात करें तो अगले 24 घंटे में यहां का न्यूनतम तापमान बदलने की कोई खास बदलाव नहीं है। उसके बाद के 5 दिनों के भीतर यह धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। वहीं, देश के बाकी हिस्सों में मिनिमम टेंपरेचर कुछ खास नहीं बदलेगा।

## स्कूल में देसी पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस लेकर आया छात्र, छिपाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के रोहिणी जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पब्लिक स्कूल के अंदर से 18 साल के स्टूडेंट के पास से देसी पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। यह मामला 19 जनवरी 2026 का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस स्टेशन अमन विहार में पीसीआर पर फोन आया कि एक छात्र स्कूल के अंदर हथियार लेकर घूम रहा है। मामला बेहद संवेदनशील होने के कारण, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को स्टूडेंट की उम्र 18 साल बताई है। प्रशासन ने उसको हथियार समेत पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसके पास से एक देसी पिस्टल और 10 कारतूस बरामद हुए थे।

# संभल में एक्शन: बवाल के मास्टरमाइंड पर कसा शिकंजा

## शारिक साटा की संपत्ति की कुर्की, कोर्ट ने दिए थे आदेश

संभल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। संभल में 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में मुख्य साजिशकर्ता दीपा सराय निवासी शारिक साटा की संपत्ति कुर्क की जा रही है। भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है। कुर्की का आदेश कोर्ट से होने के बाद कार्रवाई की गई है।

हिंसा के मास्टरमाइंड शारिक के घर पर कोर्ट के आदेश पर उसकी प्रॉपर्टी अटैच करने के लिए भारी पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे हैं। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, शारिक की प्रॉपर्टी अटैच की गई है। रेवेन्यू डिपार्टमेंट और पुलिस की टीमें तैनात की गई हैं, यह प्रॉपर्टी शहर के सबसे महंगे इलाकों में से एक में है। इस बिल्डिंग में चार मंजिलें हैं, लेकिन सिर्फ फरार आरोपी की मिल्कियत वाली मंजिल को ही अटैच किया गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शारिक के घर को अटैच कर लिया है। बवाल में मुख्य साजिशकर्ता आरोपी शारिक साटा के खिलाफ धारा 209 बीएनएस के तहत तीन रिपोर्ट दर्ज की गई थीं।

यह कार्रवाई न्यायालय में हाजिर नहीं होने के चलते की जाती है। इसी क्रम में अब कोर्ट द्वारा कुर्की का आदेश किया गया है। एसपी ने बताया कि शारिक साटा के खिलाफ मुख्य अपराध संख्या 340/24 और 306/24 में हत्या की साजिश करने, बवाल की साजिश रचने व अन्य गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं।

## हिंसा प्रभावित इलाके में सेना तैनात कोकराझार में हुई थी दो लोगों की मौत

कोकराझार, 21 जनवरी (एजेंसियां)। असम के कोकराझार जिले में संवेदनशील इलाकों में सेना तैनात की गई है। यहां भीड़ हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद आगजनी और बोडो और आदिवासियों के बीच झड़पें हुईं। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। रक्षा प्रवक्ता ने पीटीआई को बताया कि सेना के जवानों ने मंगलवार रात को करीगांव और उसके आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन के साथ गश्त की। उन्होंने कहा कि विश्वास बढ़ाने के उपायों के तहत बुधवार को सेना क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी आयोजित कराएगी। प्रवक्ता ने बताया कि जिले में फिलहाल सेना की कुल चार टुकड़ियां तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है। कोकराझार और पड़ोसी चिरांग जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इससे पहले कहा था कि सेना की तैनाती के लिए व्यवस्थाएं कर ली गई हैं, जबकि भीड़ हिंसा और झड़पों के बाद रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) पहले से ही मौके पर मौजूद है। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात को करीगांव चौकी के अंतर्गत मानसिंह रोड पर तीन बोडो लोगों को ले जा रहे एक वाहन ने दो आदिवासी व्यक्तियों को टक्कर मार दी। खबरों के मुताबिक, तीनों बोडो लोगों को पड़ोसी आदिवासी ग्रामीणों ने बुरी तरह पीटा और गाड़ी में आग लगा दी।

## ईमानदारी की खौफनाक सजा: एलआईसी की इमारत में आग से नहीं जिंदा जलाकर की गई महिला की हत्या; जांच में खुला बड़ा राज



मदुरै, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बीते दिसंबर में मदुरै की एलआईसी बिल्डिंग में आग लगने से मरने वाली महिला अफसर के मामले में अब बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने कहा है कि महिला की आग में फंसकर मौत नहीं हुई थी बल्कि साजिश के तहत उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने इस मामले में सहयोगी अफसर को गिरफ्तार किया है।

महिला अफसर ने इंश्योरेंस दावों के निपटारे में हुई कथित गड़बड़ियों का खुलासा किया था और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी। पुलिस का कहना है कि इसी के चलते महिला अफसर की हत्या की गई। एलआईसी ऑफिस में लगी आग को पहले दुर्घटना मान लिया गया था। हालांकि महिला के बेटे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और इसके पीछे साजिश की आशंका जाहिर की।

उसने बताया कि आग लगने से कुछ देर पहले ही उसकी मां ने उसे फोन किया था, जिसमें वे बेहद परेशान लग रहीं थी और उन्होंने पुलिस को अलर्ट करने को कहा था।

इसके बाद पुलिस ने जांच की तो पाया कि महिला अफसर का केबिन आमतौर पर खुला रहता था, लेकिन जब उसमें आग लगी तो केबिन को बाहर से चेन लगाकर बंद किया गया था। आरोपी टी राम भी आग लगने से घायल हुआ था। पुलिस ने बताया कि जब टी राम से पूछताछ की गई तो उसने विरोधाभासी बयान दिए, जिससे पुलिस का उस पर शक गहरा गया। शक होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## एशियन वाटरबर्ड सेंसस के तहत गणना, 126 प्रजातियों के 5806 प्रवासी पक्षी मिले, कई दुलर्भ भी शामिल



देहरादून, 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में एशियन वाटरबर्ड सेंसस के तहत चल रहे प्रवासी पक्षियों की गिनती का अभियान आसन वेटलैंड में चलाया गया। इस दौरान 126 प्रजातियों की 5806 पक्षियों की गणना की गई। गणना के दौरान कुछ ऐसी प्रजातियों के पक्षी भी वेटलैंड में दिखाई दिए जो या तो दुर्लभ हैं या फिर संकटग्रस्त श्रेणी में आते हैं। गणना में भारी संख्या में पक्षी प्रेमी, स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं व वनकर्मी शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय जलपक्षी गणना के 40वें और भारतीय जलपक्षी गणना के 60वें अभियान के तहत आसन वेटलैंड में प्रवास कर रहे पक्षियों की गणना की गई। इस दौरान स्टेप ईगल, कॉमन पोचार्ड, फेरूगिनस डक, इजिप्शियन वल्चर, पालाश फिश ईगल, एशियन वूली नेक्ड स्टॉर्क, रिवर लैपविंग जैसी दुलर्भ व संकटग्रस्त प्रजातियों के पक्षी भी वेटलैंड में दिखाई दिए। सबसे अधिक संख्या में सुर्खाब वेटलैंड में नजर आया।

## दो तस्कर हथियारों सहित गिरफ्तार, गणतंत्र दिवस पर वारदात को अंजाम देने की रच रहे थे साजिश

अमृतसर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अमृतसर शहरी पुलिस ने सीमा पार से संचालित अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं, जिनमें दो ग्लॉक पिस्तौल और चार .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। इसके अलावा दो जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों और विदेशी हैंडलरों के संपर्क में थे और उनके निर्देशों पर भारत में अवैध हथियारों की सप्लाई कर रहे थे।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये हथियार विभिन्न आपराधिक गिरोहों तक पहुंचाए जाने थे, जिससे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता था। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के मौके पर भी किसी वारदात को अंजाम देने की सारी से रची जा रही थी। इस मामले में थाना इस्लामाबाद, अमृतसर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस द्वारा नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान और उनके आपराधिक संपर्कों की गहन जांच की जा रही है।

## शमशेर, मतलूब, सलमान और शाबिर... सबका दिल हसीना ने तोड़ा, बिना तलाक के 5 बार निकाह, कोर्ट ने सुनाई सजा

भोपाल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से शादी के नाम पर ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने बिना तलाक लिए एक के बाद एक पांच शादियां कीं और हर बार पति को संपत्ति हड़पने के बाद छोड़ दिया। मामले में भोपाल जिला कोर्ट ने महिला को दोषी ठहराते हुए दो साल के कठोर कारावास और 2000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत में सामने आए तथ्यों के अनुसार, महिला ने अपनी पहली शादी को कानूनी रूप से समाप्त किए बिना दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी शादी कर ली। उसने हर बार खुद को तलाकशुदा बताकर नया विवाह किया, लेकिन किसी भी पुराने विवाह या वैधानिक तलाक की जानकारी अपने पतियों को नहीं दी। कोर्ट ने इसे साफ तौर पर बहुविवाह और धोखाधड़ी का गंभीर मामला माना। जांच में यह भी सामने आया कि महिला जानबूझकर आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर पुरुषों को निशाना बनाती थी। शादी के कुछ समय बाद वह पति पर मकान या अन्य संपत्ति अपने नाम कराने का दबाव बनाती थी। जब पति इसका विरोध करता, तो वह झगड़े शुरू कर देती और झूठे गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी देकर घर छोड़ देती थी। पांचवे पति तबरेज के वकील नजर खान ने अदालत को बताया कि आरोपी महिला हसीना ने स्वयं को तलाकशुदा बताकर फरियादी को शादी का प्रस्ताव दिया था। 27 मार्च 2022 को भोपाल में निकाह के बाद वह फरियादी के घर रहने लगी। कुछ समय बाद उसने अपनी दोनों बेटियों को भी घर बुला लिया। इसके बाद घर में विवाद बढ़ने लगे। महिला ने फरियादी के बड़े भाई के साथ गाली-गलौज, मारपीट और धमकियां देना शुरू कर दिया और मकान अपने नाम कराने का दबाव बनाने लगी। विरोध करने पर झूठे आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकियां दी गईं। लगातार तनाव और घरेलू कलह का सबसे गंभीर असर फरियादी के भाई पर पड़ा।

## भागीरथपुरा में दूषित पानी से 25वीं मौत अस्पताल में भर्ती हो चुका था युवक

इंदौर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हो रही मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह अस्पताल में भर्ती एक युवक की मौत हो गई। दूषित पानी पीने के बाद एक माह पहले युवक की तबीयत खराब हुई थी। वह दो बार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती भी हो चुका था। मृतक का नाम हेमंत गायकवाड़ है। वह 22 दिसंबर को उल्टी और दस्त का शिकार होने के कारण परदेशीपुरा के वर्मा नर्सिंग होम में भर्ती हुआ था। तबीयत ठीक होने के बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया, लेकिन बाद में फिर तबीयत बिगड़ी और पंद्रह दिन पहले फिर हेमंत को अरविंदो अस्पताल में भर्ती किया गया था। तबसे उसका इलाज वहां चल रहा था। हेमंत रिक्शा चलता था। उसके परिवार में चार बेटियां है। परिवार में वह अकेला कमाने वाला था चारो बेटियां पढ़ाई करती है। परिजनों का कहना है कि हेमंत को उल्टी दस्त की शिकायत के कारण भर्ती किया गया था। तब दूसरी बामारियों का भी पता चला था। आपको बता दे कि इंदौर में दूषित पानी के कारण एक हजार से ज्यादा लोग बीमार हो चुके है। अभी भी 20 से ज्यादा लोग भर्ती है।

## 'मुझे गांव नहीं जाना' जिद पर अड़ी पत्नी, परेशान पति ने दबा दिया गला

भोपाल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के छोला थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां घरेलू विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। पत्नी की जिद से परेशान पति ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतका और आरोपी पति के बीच लंबे समय से पारिवारिक तनाव बना हुआ था। बताया जा रहा है कि पत्नी गांव में रहने को तैयार नहीं थी और भोपाल शहर में ही बसने की जिद कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। मृतका का विवाह लगभग 14 महीने पहले हुआ था। आरोपी पति चाहता था कि पत्नी रायसेन जिले में स्थित उसके पैतृक गांव में माता-पिता के साथ रहे, लेकिन पत्नी की इच्छा थी कि वह अपने पति के साथ शहर में अलग बसे। इसी मुद्दे को लेकर पति-पत्नी के बीच लगातार तनाव और विवाद की स्थिति बनी रहती थी। मृतका कंचन साहू (30) भोपाल के टीला जमालपुरा इलाके की रहने वाली थी। उसकी शादी लगभग 14 महीने पहले रायसेन जिले के ग्राम खेजड़ा स्थित राधाकृष्णा कॉलोनी निवासी हेमराज साहू से हुई थी। आरोपी हेमराज सब्जी का ठेला लगाता था। यह शादी कंचन और हेमराज दोनों के लिए दूसरी थी और दोनों पहले तलाक ले चुके थे। बताया जा रहा है कि मकर संक्रांति के दौरान जब कंचन अपने मायके गई थी, तब उसने अपनी मां को पति द्वारा गांव में रहने के लिए बनाए जा रहे दबाव के बारे में बताया था। रात भी इसी मुद्दे पर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई।

# 66 दिन रहे साथ, एक-दूसरे के खिलाफ 40 केस

## 13 साल की कानूनी लड़ाई के बाद अलग हुए दंपती!

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। शादी के बाद केवल 65 दिन साथ रहने वाले दंपती के बीच 13 सालों तक चली कड़वी कानूनी लड़ाई का आखिरकार सुप्रीम कोर्ट में अंत हो गया। हैरत की बात ये है कि 66 दिन साथ रहने वाले दंपती ने एक-दूसरे के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे दायर कर दिए। न्यायिक व्यवस्था को "जंग का मैदान" बनाने पर सुप्रीम कोर्ट ने दोनों को कड़ी फटकार लगाई और 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया।

जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए दंपती को तलाक दे दिया, ताकि "पूर्ण न्याय" किया जा सके। साथ ही अदालत ने दोनों पक्षों को भविष्य में एक-दूसरे के खिलाफ कोई भी नया मामला दायर करने से रोक दिया। पीठ ने कहा कि पक्षकार केवल 65 दिनों तक साथ रहे और पिछले एक दशक से अधिक समय में अनेक मुकदमों के जरिए एक-दूसरे से हिसाब चुकता करने में लगे रहे। ऐसे मामलों में दोनों को दंडित किया जाना जरूरी है। यह जुर्माना सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन में जमा कराया जाएगा। अदालत ने चिंता जताई कि दंपती ने 40 से ज्यादा मामले अलग-अलग अदालतों में दायर किए हैं। पीठ ने कहा, "लड़ते हुए पति-पत्नी अदालतों को अपना जंग का मैदान बनाकर न्याय प्रणाली को जाम नहीं कर सकते।



सुप्रीम कोर्ट ने मध्यस्थता (मेडिएशन) पर जोर देते हुए कहा कि विवादों के समाधान के लिए इसे मुकदमे से पहले और मुकदमे के दौरान भी अपनाया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि हाल के वर्षों में वैवाहिक विवादों में भारी बढ़ोतरी हुई है और सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर याचिकाओं से भरा पड़ा है, जो अक्सर पति-पत्नी के बीच प्रतिशोध का साधन बन जाती हैं। पीठ ने कहा कि समाज के हित में विवाह को यथासंभव बनाए रखने का प्रयास होना चाहिए, लेकिन जब यह स्पष्ट हो जाए कि शादी पूरी तरह टूट चुकी है और बचने की कोई संभावना नहीं है, तो उसे औपचारिक रूप से खत्म कर देना ही सभी के हित में होता है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि पक्षकारों की आपत्ति के बावजूद भी, यदि साथ रहने की कोई संभावना नहीं है, तो यह अदालत पूर्ण न्याय के लिए विवाह को समाप्त कर सकती है। मामले में दंपती की शादी जनवरी 2012 में हुई थी। पत्नी ने 65 दिन बाद पति और ससुराल वालों पर क्रूरता का आरोप लगाते हुए घर छोड़ दिया था।

तब से दोनों अलग रह रहे थे और दिल्ली व उत्तर प्रदेश की विभिन्न अदालतों में लगातार मुकदमेबाजी चलती रही। तलाक देते हुए पीठ ने टिप्पणी की कि शायद वे एक-दूसरे के लिए बने ही नहीं थे। आज सहनशीलता का स्तर कम हो गया है और अहंकार बढ़ गया है। एक दशक से ज्यादा की कड़वाहट के बाद अब समय को पीछे ले जाना और साथ रहना संभव नहीं है।

# ट्रम्प बोले-8 जंग रुकवाई, हर एक के लिए नोबेल मिले

> इस बार जिसे पुरस्कार मिला, उसे भी पता कि मैं असली हकदार



वॉशिंगटन, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अब तक 8 जंग रुकवाई है, उन्हें हर जंग रुकवाने के लिए अलग-अलग नोबेल मिलना चाहिए। ट्रम्प ने कहा- मैं यह बात खुद नहीं कहना चाहता, लेकिन सच यही है। अगर कोई कहता है कि मुझे नोबेल नहीं देने में नॉर्वे का कोई रोल नहीं है तो यह गलत है। नोबेल वही से दिया जाता है। इसका फैसला भी वही करते हैं। इससे पहले नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस स्टोर ने सोमवार को कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला नॉर्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी करती है। उन्होंने कहा कि यह बात ट्रम्प को भी पहले समझाई जा चुकी है। ट्रम्प ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो की भी तारीफ की।

उन्हें इस बार शांति का नोबेल दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि मचाडो ने मुझे यह प्राइज पेश किया और कहा कि ट्रम्प इसके ज्यादा हकदार हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने 10 महीनों में भारत और पाकिस्तान समेत आठ युद्ध खत्म करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हालात बेहद गंभीर मोड़ पर थे और हालात परमाणु युद्ध तक जा सकते थे, लेकिन दुनिया एक बड़े यहां तक कि न्यूक्लियर वॉर से बच गई। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाने का दावा करते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें हर युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था। अपने दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर ट्रम्प ने कहा कि उनके फैसलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई और दुनिया बड़े युद्धों से बची। ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में विरोध प्रदर्शन ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर अमेरिका के कई शहरों में उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए।

एक्टिविस्ट और आम लोग उनकी अलग-अलग नीतियों से नाराज दिखे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रम्प की नीतियों ने दुनिया भर में अमेरिका की सालों से बनी अच्छी छवि और भरोसे को नुकसान पहुंचाया है। लोगों ने पोस्टर, पुतले, खास तरह के कपड़े और नारों के ज़रिए अपना विरोध दर्ज कराया। पिछले एक साल में ट्रम्प प्रशासन को कई फैसलों की वजह से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। इनमें दूसरे देशों को टैरिफ लगाने की धमकी देना, अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए आईसीई का खुलकर इस्तेमाल करना और अमेरिका को डब्ल्यूटीओ, यूएन और नाटो जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठनों से दूर करना शामिल है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि ये नीतियां अमेरिका को और अलग-थलग कर रही हैं।

## ट्रम्प के प्लेन में तकनीकी खराबी-रास्ते से यूटर्न लिया

**एक घंटे बाद दूसरे प्लेन से स्विट्जरलैंड रवाना हुए**

जेनेवा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विमान दावोस जाते वक्त टेकऑफ के कुछ देर बाद ही वॉशिंगटन लौट आया। व्हाइट हाउस के मुताबिक विमान में तकनीकी खराबी आई थी। प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने बताया कि टेकऑफ के बाद क्रू को विमान में एक मामूली इलेक्ट्रिकल खराबी का पता चला। इसके बाद एहतियातन विमान को लौटाने का फैसला किया गया। हालांकि, ट्रम्प थोड़ी देर बाद दूसरे प्लेन से रवाना हो गए। वे आज स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में शामिल होंगे।

# जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे के हत्यारे को उम्रकैद, 4 साल बाद कोर्ट ने सजा सुनाई



टोक्यो, 21 जनवरी (एजेंसियां)। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या करने वाले आरोपी को अदालत ने बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। 8 जुलाई 2022 को नारा शहर में चुनाव प्रचार के दौरान शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

सरकारी वकील ने अदालत में कहा कि आरोपी तेत्सुया यामागामी का अपराध बेहद गंभीर है और इसके लिए सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। वहीं यामागामी की ओर से बचाव पक्ष ने दलील दी कि वह धार्मिक शोषण का शिकार था। उसके वकीलों ने बताया कि यामागामी की मां यूनिफिकेशन चर्च से जुड़ी थीं और उसी वजह से परिवार भारी कर्ज में डूब गया था। यामागामी ने अदालत में बताया कि शुरू में उसका इरादा चर्च से जुड़े अधिकारियों पर हमला करने का था। लेकिन साल 2021 में उसने शिंजो आबे का एक वीडियो देखा, जिसमें आबे का उस चर्च से जुड़ाव दिखाया गया था। इसके बाद उसने आबे को ही निशाना बनाने का फैसला किया।

**अपराधी ने खुद बनाई थी बंदूक**

अदालत के सामने यामागामी ने अपना गुनाह कबूल करते हुए कहा, "यह सब सच है। इसमें कोई शक नहीं कि मैंने यह किया।" उसने बताया कि उसने दो लोहे के पाइप और डक्ट टेप की मदद से खुद ही एक देसी बंदूक बनाई थी और उसी से फायरिंग की। घटना वाले दिन शिंजो आबे नारा शहर में चुनावी प्रचार के दौरान भाषण दे रहे थे। तभी 42 साल का हमलावर पीछे से आया और उन पर गोलियां चला दीं। दो गोलियां लगते ही आबे मंच पर गिर पड़े। उन्हें तुरंत हेलिकॉप्टर से नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने करीब छह घंटे तक उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। आबे का इलाज कर रही मेडिकल टीम में शामिल एक डॉक्टर ने बाद में बताया था कि एक गोली सीधे उनके दिल तक पहुंच गई थी।

### नेपाल में चुनावी हलचल तेज

# कार्यवाहक पीएम सुशीला कार्की की सरकार से चार मंत्रियों का इस्तीफा, लड़ेंगे आम चुनाव



काठमांडो, 21 जनवरी (एजेंसियां)। नेपाल में आगामी आम चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अगुवाई वाली सरकार के चार मंत्रियों ने चुनाव लड़ने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए इन सभी ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

विज्ञान और शिक्षा मंत्री महाबीर पुन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने के बाद म्याग्दी जिले से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सोमवार को संचार मंत्री जगदीश खरेल और खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने भी मंत्री पद छोड़कर प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

**किन मंत्रियों ने दिया इस्तीफा?**

जगदीश खरेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से ललितपुर-2 निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया है, जबकि बबलू गुप्ता ने सिराहा-1 सीट से पर्चा भरा है। इसके अलावा, ऊर्जा और जल संसाधन मंत्री कुलमान घिसिंग ने कुछ सप्ताह पहले ही इस्तीफा देकर उज्यालो नेपाल पार्टी के अध्यक्ष के रूप में राजनीति में नई भूमिका संभाली थी। घिसिंग ने मंगलवार को काठमांडू निर्वाचन क्षेत्र संख्या-3 से अपना नामांकन दाखिल किया।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल में होने वाले इस आम चुनाव में कुल एक करोड़ 89 लाख तीन हजार 689 मतदाता मतदान के पात्र हैं। इनमें 92 लाख 40 हजार 131 महिलाएं शामिल हैं।

**जेन जी आंदोलन से पूर्व पीएम केपी ओली को देना पड़ा इस्तीफा**

बीते साल सितंबर में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जेन जी ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर विरोध प्रदर्शन किए थे, जो बाद हिंसक हो गए थे। ओली के इस्तीफे के बाद 12 सितंबर को 73 वर्षीय सुशीला कार्की ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। उनकी सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा को भंग कर चुनाव की तारीख की घोषणा की थी।

# अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ : कनाडाई पीएम

## पुराना सिस्टम अब वापस नहीं आएगा; टैरिफ को हथियार बनाने का आरोप लगाया

दावोस, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में यह बात कही।

उन्होंने कहा, "दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है।" कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है। कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है।



"रूल्स-बेस्ड ऑर्डर की कहानी झूठी थी। ताकतवर देश जरूरत पड़ने पर खुद को नियमों से बाहर कर लेते थे और व्यापार नियमों को असमान तरीके से लागू किया जाता था।

**मार्क कार्नी**
प्रधानमंत्री, कनाडा

**कार्नी बोले-टैरिफ को हथियार बनाया जा रहा**

कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है और सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्नी ने कहा कि हाल के वर्षों में आए आर्थिक और राजनीतिक संकटों ने यह दिखा दिया है कि जरूरत से ज्यादा वैश्विक निर्भरता किसी भी देश के लिए खतरनाक हो सकती है।

कार्नी ने चेतावनी दी कि अब यह मान लेना गलत है कि सिर्फ पुराने गठबंधन ही सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने कहा, "जब आपसी जुड़ाव ही आपको दूसरे के दबाव में ले आए, तो आप आपसी फायदे के झूठ में नहीं रह सकते।" कार्नी ने कहा कि कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे। इसके तहत घरेलू क्षमताएं मजबूत करने और किसी एक देश पर निर्भरता घटाने के लिए व्यापारिक साझेदारों में विविधता लाने पर जोर दिया।

**वैश्विक संस्थाएं कमजोर पड़ी, देश खुद तैयार रहे**

कार्नी ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं कमजोर पड़ी हैं। ऐसे में देशों को अब खुद अपनी सुरक्षा, ऊर्जा और खाद्य जरूरतों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा, "जो देश खुद को खिला नहीं सकता, ऊर्जा नहीं दे सकता और अपनी रक्षा नहीं कर सकता, उसके पास बहुत कम विकल्प होते हैं।"

## मैक्रों ने ग्रीनलैंड में नाटो अभ्यास की उठाई मांग, ट्रंप के मंत्री बोले-फ्रांस के खस्ताहाल बजट पर दें ध्यान

पेरिस/दावोस, 21 जनवरी (एजेंसियां)। फ्रांस ने ग्रीनलैंड में नाटो के सैन्य अभियान की मांग करते हुए इसमें पूर्ण योगदान देने का दावा किया है। इस बयान को लेकर जब दावोस में ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से सवाल किया गया तो उन्होंने फ्रांस के खस्ताहाल बजट की ओर ध्यान देने की सलाह दे डाली। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को मैक्रों के कार्यालय के हवाले से ये जानकारी दी।

बताया कि उन्होंने ग्रीनलैंड में नाटो अभ्यास की मांग उठाई है। उनकी इस मांग को लेकर जब दावोस में अमेरिका के वित्त मंत्री बेसेंट से सवाल किया गया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मेरी तो यही सलाह है कि मैक्रों को अपने देश के आर्थिक हालात की फिक्र होनी चाहिए। उन्हें अपनी जनता की चिंता करनी चाहिए, खस्ताहाल बजट की ओर ध्यान देना चाहिए। मैक्रों का नाटो अभ्यास बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को विश्व आर्थिक मंच का इस्तेमाल यूरोपीय विरोध के बावजूद ग्रीनलैंड को हासिल करने की अपनी कोशिश को तेज करने के लिए कर सकते हैं।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का उद्घाटन किया

## कंपनी बोली-हमारा कोई लेना देना नहीं; सोशल मीडिया पर मजाक बना

इस्लामाबाद, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया।

लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया। सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया।



**सोशल मीडिया पर आसिफ मजाक बना**

यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, "रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं।" एक अन्य यूजर ने मजाक करते हुए लिखा, "जब पिज्जा हट खुद कह दे, यह हमारी स्लाइस नहीं है।"

## टैरिफ धमकी पर यूरोप की नाराजगी की अमेरिकी वित्त मंत्री ने की निंदा

दावोस, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ घंटों में दावोस पहुंचने वाले हैं। ट्रंप के दावोस पहुंचने पर पूरी दुनिया की नजरें हैं, जहां वे ग्रीनलैंड और यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी पर बयान दे सकते हैं। दावोस में आयोजित हो रहे वैश्विक आर्थिक सम्मेलन में अमेरिका-यूरोप के बिगड़ते संबंध, ग्रीनलैंड और मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर खतरे का मुद्दा छाया हुआ है।

इन मुद्दों को लेकर पूरी दुनिया में चिंता का माहौल है, लेकिन अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने टैरिफ को लेकर यूरोप की चिंता की निंदा की। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से जब ट्रंप की टैरिफ धमकी पर यूरोप की नाराजगी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने यूरोप की निंदा की। स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय संघ से अपील करते हुए कहा कि वे ट्रंप के दावोस पहुंचने का इंतजार करें और एक बार यूरोपीय देश ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की चिंताओं को सुन लेंगे तो वे भी राजी हो जाएंगे। वित्त मंत्री भले ही यूरोप की धमकी को कमतर करके आंक रहे हों, लेकिन ट्रंप की यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी देने के बाद अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई।

# दक्षिण कोरिया के पूर्व पीएम को 23 साल की सजा

## अदालत ने मार्शल लॉ लगाने को करार दिया विद्रोह



सियोल, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की ओर से देश में मार्शल लॉ लगाने को संविधान के खिलाफ विद्रोह करार दिया। इसी के साथ अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी और पूर्व प्रधानमंत्री हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई। यह फैसला यून प्रशासन से जुड़े विद्रोह के मामलों में पहला बड़ा दोषसिद्धि फैसला माना जा रहा है। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को दिए गए फैसले में कहा कि यून सुक-योल का मार्शल लॉ आदेश एक तरह का 'खुद का तख्तापलट' था, जिसका मकसद संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना था। अदालत ने संसद और चुनाव कार्यालयों में सेना व पुलिस की तैनाती को गंभीर अस्थिरता फैलाने वाला कदम बताया।

**हान डक-सू को क्यों मिली सजा?**

अदालत के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री हान डक-सू ने मंत्री परिषद की बैठक के जरिए मार्शल लॉ आदेश को प्रक्रियात्मक वैधता देने की कोशिश की और इस तरह विद्रोह में अहम भूमिका निभाई। उन्हें मार्शल लॉ घोषणा में हेरफेर, दस्तावेज नष्ट करने और शपथ के तहत झूठ बोलने का भी दोषी ठहराया गया। अदालत के फैसले में कहा गया कि हान ने संविधान की रक्षा करने के अपने कर्तव्य की अनदेखी की और यह मानते हुए विद्रोह का हिस्सा बने कि यह सफल हो सकता है। अदालत ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्यों से देश एक बार फिर उस दौर में लौट सकता था, जहां नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचला जाता है।

**पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की बढ़ी मुश्किलें**

सजा सुनाए जाने के बाद हान डक-सू को तुरंत जेल भेज दिया गया। इससे पहले वे हिरासत में नहीं थे। गौरतलब है कि स्वतंत्र अभियोजक ने उनके लिए 15 साल की सजा मांगी थी, ऐसे में 23 साल की सजा को अप्रत्याशित माना जा रहा है। हान इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। यह फैसला राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ चल रहे मामलों के लिए भी अहम माना जा रहा है। यून पर विद्रोह का मास्टरमाइंड होने का आरोप है और उनके खिलाफ स्वतंत्र अभियोजक मृत्युदंड तक की मांग कर चुके हैं। उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है।

## फ्रांस और कनाडा ने बड़ी ताकतों के खतरे का मुकाबला करने के लिए एकजुटता की अपील की

न्यूयॉर्क, 21 जनवरी (एजेंसियां)। स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हो रहे हैं। दूसरी तरफ, ट्रंप ने फ्रांस के पेरिस में जी7 की आपातकालीन बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जी7 में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया था, जिस पर ट्रंप ने कहा कि नहीं, मैं ऐसा नहीं करूंगा, क्योंकि इमैनुएल बहुत लंबे समय तक वहां नहीं रहने वाले हैं और वहां कोई स्थायित्व नहीं है। इससे पहले उन्होंने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के साथ अपनी बातचीत का एक स्क्रीनशॉट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। ट्रंप के ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के कदम और कनाडा पर कब्जा करने में उनकी नई दिलचस्पी को लेकर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के नेताओं ने बड़ी ताकतों के दबाव का विरोध करने की अपील की।

### भारत दौरे आएंगे स्पेन के राष्ट्रपति?

# विदेश मंत्री अल्बारेस ने कहा-विश्वसनीय देश के साथ संबंध मजबूत करना अहम

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने बुधवार को कहा कि स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज पेरेज-कास्टेजोन जल्द ही भारत की यात्रा पर जाने वाले हैं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्पेन की यात्रा कर सकेंगे।

**हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने में बहुत खुशी- अल्बारेस**

आज राजधानी में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी बैठक के दौरान अपने संबोधन में अल्बारेस ने कहा उन्होंने कहा राष्ट्रपति सांचेज जल्द ही आधिकारिक दौरे पर भारत आ रहे हैं। वहीं, मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी भी स्पेन का दौरा कर सकेंगे।

हम यूरोपीय संघ के माध्यम से और साथ ही बहुपक्षीय स्तर पर द्विपक्षीय रूप से काम करना जारी रखेंगे। हमें हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने में बहुत खुशी होगी और इसी अवसर को चिह्नित करने के लिए मैंने आपको यह पत्र भेजा है। उन्होंने कहा, हम अपने संबंधों को एक रणनीतिक सहयोग के स्तर तक उन्नत करने की अपनी इच्छा भी व्यक्त करेंगे, जो कि भारत की तरह मित्रों के साथ हमारे संबंधों का उच्चतम स्तर है। अलबारेस ने बार्सिलोना में हाल ही में हुए ट्रेन हादसे के पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए जयशंकर को धन्यवाद भी दिया, जिसमें 40 से अधिक लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि इस बेहद दुखद क्षण में स्पेन के लोगों के प्रति आपकी एकजुटता के संदेश के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। अलबारेस ने कहा कि संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दोहरे वर्ष का लोगो भारत और स्पेन के साझा दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

**दोनों देश के लिए यह साल यादगार रहेगा**

उन्होंने आगे कहा, मुझे पता है कि दोनों देश इस वर्ष को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला पर काम कर रहे हैं। मैं वास्तव में स्पेन में भी इसका प्रस्तुतीकरण देखने के लिए उत्सुक हूं। साथ ही, मुझे इस बात की भी बहुत खुशी है कि इसमें क्राउडसोर्सिंग पद्धति के माध्यम से जनता की भागीदारी शामिल है।



**भारत जैसे विश्वसनीय देश के साथ संबंध मजबूत करना महत्वपूर्ण-**

उन्होंने कहा, विश्व में इन बेहद जटिल समय में, स्पेन के लिए भारत जैसे विश्वसनीय देश के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना बहुत महत्वपूर्ण है, एक ऐसा देश जो अंतरराष्ट्रीय कानून में विश्वास रखता है, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को कायम रखता है और जो बहुपक्षवाद में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होना एक सकारात्मक संकेत होगा। आगे उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अंतिम सहमति होना एक बहुत अच्छा संकेत होगा।

# पुलिस कमिश्नर-सिस्टम...आधे जिले में होगा लागू

## रायपुर के 22 थाने कमिश्नर और 10 थाने संभालेंगे एसपी ; 2 हिस्सों में बंटेगी पुलिस

रायपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। रायपुर के आधे जिले में पुलिस कमिश्नरी सिस्टम लागू करने का फैसला किया गया है। यह व्यवस्था 23 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। रायपुर के 22 थाने कमिश्नर और 10 थाने एसपी संभालेंगे। नोटिफिकेशन जल्द ही जारी किया जाएगा।



रायपुर में कमिश्नरेट सिस्टम लागू करने के लिए शहर की पुलिस फोर्स को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। यह सिस्टम मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर में इस्तेमाल किए जा रहे मॉडल पर आधारित है, जहां शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिसिंग अलग-अलग मैनेज की जाती है।

कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने से पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा। ये अटकलें तब और तेज हो गईं जब गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस सिस्टम के लिए अपना समर्थन जताया। गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने पेश किया था।

इस मामले पर 21 जनवरी को हुई कैबिनेट मीटिंग में चर्चा होनी थी, लेकिन आईएएस लॉबी के विरोध के कारण इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। हालांकि बाद में लॉबी भोपाल और इंदौर मॉडल की तर्ज पर कमिश्नरेट सिस्टम लागू करने पर सहमत हो गई। उसी के अनुसार फैसला लिया गया।

वहीं IPS लॉबी कमिश्नरेट सिस्टम को लागू करने को फेलियर बता रही है, क्योंकि इसे पूरे जिले में लागू नहीं किया गया है। नाम न बताने की शर्त पर डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया कि अधूरे सिस्टम के लिए दो अलग-अलग स्ट्रक्चर बनाने होंगे।

डिपार्टमेंट के पास इन स्ट्रक्चर को बनाने के लिए न तो मैनपावर है और न ही रिसोर्स। नतीजतन जिले पर दो अधिकारियों का कंट्रोल होने से कमिश्नरेट सिस्टम जिले के लिए सिर्फ एक औपचारिकता बनकर रह जाएगा। कमिश्नरी सिस्टम जिले के लिए खानापूर्ति साबित होगा।

IPS अधिकारियों के मुताबिक जब जिले में कमिश्नरेट और पुलिसिंग सेटअप को एक साथ लागू किया गया, तो दोनों की सीमाएं तय की गईं। हालांकि, सीमाओं का यह बंटवारा मनमाने ढंग से किया गया था। इससे IPS लॉबी में नाराजगी देखने को मिल रही है। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण इलाका होने के बावजूद उरला इलाके को कमिश्नरी के अंदर दिया है। इसको देने के पीछे तर्क है, कि पंचायत एरिया पर नियंत्रण लग सके। इन्हीं अफसरों ने मुजगहन, समेत 10 थानों को ग्रामीण थाने में शिफ्ट किया है। यहां की पंचायतों से अफसरों को मतलब नहीं है।

### राजमहल जेल में बंदी ने की आत्महत्या सगे भाई की हत्या का था आरोप, वर्ष 2020 से बंद था

साहिबगंज, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजमहल अनुमंडलीय जेल में हत्या के आरोप में बंद एक बंदी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चामा सत्तारटोला निवासी मंसूर शेख के रूप में हुई है। मंसूर शेख ने बुधवार को जेल के अंदर फांसी लगा ली थी।

इस दौरान वार्ड में बंद अन्य कैदियों की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत जेल प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन ने आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। बंदी की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंसूर शेख वर्ष 2020 से जेल में बंद था। उस पर जमीन विवाद को लेकर अपने सगे भाई अख्तर शेख की हत्या करने का आरोप है। इस मामले में राधानगर थाना कांड संख्या 167/20 दर्ज है। आरोप है कि आपसी जमीन बंटवारे को लेकर लंबे समय से दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा था, जिसके बाद मंसूर शेख ने धारदार हथियार से अपने भाई की हत्या कर दी थी। इस घटना में अन्य लोगों के घायल होने की भी बात

# बिहार के जज की पत्नी पर झारखंड में फायरिंग मामला

### पति ने दी थी दो लाख की सुपारी, तलाक विवाद में हत्या की साजिश; 3 गिरफ्तार



गोड्डा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गोड्डा पुलिस ने पथरगामा थाना क्षेत्र के गांधीग्राम में 17 जनवरी को महिला पर हुई फायरिंग मामले का 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बिहार के एक जज की पत्नी वंदना कुमारी पर यह जानलेवा हमला तब हुआ था, जब वह गोड्डा कोर्ट से गवाही देकर लौट रही थीं।

गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने बुधवार को बताया कि घायल वंदना कुमारी का अपने पति संतोष कुमार साह के साथ तलाक का मुकदमा चल रहा था। इसी विवाद के चलते उनके पति ने पत्नी की हत्या की साजिश रची थी।

जांच में सामने आया है कि बिहार के समस्तीपुर में तैनात जज पति ने अपने छोटे भाई सुबोध कुमार साह के साथ मिलकर पत्नी से छुटकारा पाने के लिए 2 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस के अनुसार, संतोष कुमार साह घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे,उन्हें नोटिस भेजकर पूछताछ की जाएगी।

इस मामले में श्याम कुमार साह, जज के छोटे भाई सुबोध कुमार साह और सुबोध के दोस्त मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों भागलपुर जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने 17 जनवरी को इस घटना को अंजाम दिया था। वंदना कुमारी पर गोली चलाई गई थी, जिसमें उन्हें दो गोलियां लगी थीं और वह घायल हो गईं थीं। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में कुल 6 लोग शामिल थे, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

घटना को अंजाम देने के लिए कुल चार अपराधी दो बाइक पर आए थे। सुबोध अलग बाइक से आया था। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा बरामद किया था। इसके अलावा, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें, तीन हेलमेट, तीन मास्क और एक देशी कट्टा भी जब्त किया गया है। ये सभी सामान घटना के बाद आरिफ के घर में रखे गए थे।

वंदना के मुताबिक, उसकी शादी वर्ष 2019 में कहलगांव निवासी संतोष कुमार साह से हुई थी। उस समय पति कोचिंग चलाकर गुजारा करते थे। वंदना ने बताया, 'नौकरी मिलने के बाद उनका नेचर बदल गया। मुझे 15 लाख के दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। शादी के एक साल बाद 2020 में झारखंड के गोड्डा में दहेज उत्पीड़न का मैंने केस दर्ज कराया। इसके बाद पति की ओर से तलाक का केस किया गया।'

# श्मशान घाट से अस्थियां चुरा ले गईं बहन-पत्नी

### बिलासपुर में खाली कलश लेकर थाने पहुंचे बच्चे, बोले- मां-बुआ से अस्थियां दिलाइए, संपत्ति हड़पना चाह रही हैं

बिलासपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पत्नी और बहन संपत्ति के लिए श्मशान घाट से अस्थियां चुराकर ले गईं। पत्नी और बहन ने अस्थियों का विसर्जन नहीं होने दिया। श्मशान घाट से अस्थियां चुराने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

वहीं अस्थियां चोरी होने के बाद मृतक के छोटे-छोटे बच्चे खाली कलश लेकर थाने पहुंचे हैं। बच्चों का कहना है कि मां और बुआ संपत्ति हड़पना चाहती हैं। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में बाधा डाल रही हैं। अस्थियां वापस दिलाने और कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम आलोक ठाकरे है, जो भारतीय नगर के रहने वाले थे। आलोक ठाकरे ठेकेदारी का काम करते थे। उनके पिता अशोक ठाकरे और मां की मौत हो चुकी है। आरोप है कि आलोक की मौत के बाद संपत्ति के लिए अस्थियों की चोरी गई है।



दरअसल, भारतीय नगर के ठेकेदार आलोक ठाकरे का 15 जनवरी को निधन हो गया। इसके बाद बेटे प्रथमेश ने मोहल्लेवालों और केयर टेकर मयंक वर्मा के साथ मिलकर भारतीय नगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया, लेकिन अंतिम संस्कार में कोई रिश्तेदार नहीं आए। 17 जनवरी को जब बच्चे और मोहल्लेवाले अस्थि संचय के लिए मुक्तिधाम पहुंचने वाले थे। इससे पहले ही मृतक की पत्नी खुशबू ठाकुर और उसकी बहन ज्योति पाण्डेय वहां पहुंच गईं। दोनों ने मुक्तिधाम में ठंडे पड़ चुके चिता से अस्थियों को बटोरा और झोले में भरकर ले गईं।

मृतक के बेटे प्रथमेश ठाकुर ने बताया कि जब वह मोहल्लेवालों के साथ मुक्तिधाम पहुंचे, तब उन्हें अस्थियां गायब मिलीं। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी वीडियो में दोनों महिलाएं अस्थियां चोरी कर ले जाती दिखीं।

इसके बाद बच्चों ने गंगा में प्रवाहित करने अपनी मां से पिता की अस्थियां मांगी, लेकिन प्रथमेश ठाकुर की मां और बुआ ने अस्थियां देने से इनकार कर दिया। इससे परेशान होकर मृतक के बेटे प्रथमेश ने मोहल्लेवालों के साथ सिविल लाइन थाने में शिकायत की।

# सरकारी स्कूल में किराए पर टीचर रखा, हेडमास्टर सस्पेंड

### सूरजपुर डीईओ ने कराई जांच, बिना सूचना के मीटिंग में गए, इसलिए हुई कार्रवाई

सूरजपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के मोहरसोप प्राइमरी स्कूल में युवक को किराए पर टीचर रखने वाले हेडमास्टर को डीईओ ने सस्पेंड कर दिया है। हेडमास्टर ने 12वीं पास एक युवक को किराए पर रखकर अपने स्थान पर स्कूली बच्चों को पढ़ाने भेजा था। इस मामले में बीईओ ने जांच रिपोर्ट डीईओ सूरजपुर को भेजी थी। हेडमास्टर की लापरवाही मिलने पर डीईओ ने यह कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक, ओड़गी ब्लॉक के मोहरसोप प्राइमरी स्कूल में हेडमास्टर डीएस सिंह ने बच्चों को पढ़ाने के लिए किराए का शिक्षक रख लिया था। मोहरसोप का यह स्कूल एकल शिक्षक वाला है। यहां केवल एक ही हेडमास्टर पोस्टेड है। स्कूल में पहली से पांचवीं कक्षा तक कुल 52 बच्चे पढ़ते हैं। 15 जनवरी को जब मीडियाकर्मी स्कूल पहुंचे तो हेडमास्टर की जगह युवक बच्चों को पढ़ाते मिला।

इस मामले में सूरजपुर डीईओ अजय मिश्रा ने मामले की जांच कराई। ओड़गी बीईओ प्रदीप सिंह ने जांच रिपोर्ट डीईओ को भेजा। जांच में हेडमास्टर ने बिना अनुमति बाहरी युवक को किराए पर रखने, बिना अधिकारियों को जानकारी दिए ट्रेनिंग में जाने की पुष्टि हुई। हेडमास्टर की लापरवाही मिलने पर डीईओ ने हेडमास्टर डीएस सिंह को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर निर्धारित किया गया है। ओड़गी बीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि, नोटिस के जवाब में हेडमास्टर यह नहीं बता सके कि उन्होंने किसी अन्य युवक को क्यों किराए पर रखा था। डीएस सिंह के निलंबन के बाद प्रायमरी स्कूल शिक्षक विहीन हो गया है। वहां दूसरे स्कूल के शिक्षक को अटैच किया गया है, जहां दो शिक्षक पोस्टेड थे।

### बीजापुर में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच को गोली मारी, मौत

# जवानों को इनपुट देने का शक 2 महीने पहले भी किया था अटैक

बीजापुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है। मंगलवार (20 जनवरी) को ग्राम काऊरगट्टा में भीमा मड़कम (29 साल) मछली पकड़ने गए थे, नक्सलियों ने उन्हें वहीं मार डाला। मामला पामेड़ थाना क्षेत्र का है।

वारदात छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के सीमावर्ती इलाके में हुई है। जानकारी के मुताबिक, भीमा को 2 महीने पहले भी नक्सलियों ने घेरा था। उसके घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर CRPF 151 बटालियन का कैंप स्थित है। नक्सलियों को शक था कि वह जवानों को उनसे जुड़े इनपुट देता था। इसी मुखबिरी के शक में उसे गोली मार दी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि भीमा मड़कम का स्वतन्त्र प्रत्याशी के रूप में सरपंच चुने गए थे। किसी पार्टी से नहीं जुड़े थे। सरपंच रहते गांव में ही रहते थे। 2020 से 2025 तक सरपंच रहे। कावरगट्टा में सीआरपीएफ 151 बटालियन कैंप के पास उनका घर है। कैंप कोंटा रेंज के अंतर्गत आता है। ग्राम कंचाल के रहने वाले भीमा मड़कम पूर्व सरपंच है। वर्तमान में वह खेती मजदूरी का काम देखते थे। उनके घर के पास ही CRPF कैंप है। 2 महीने पहले भीमा को नक्सलियों ने घेरा था, अटैक करने की कोशिश की गई थी तो कैंप के जवानों ने उसे बचा लिया था। 20 जनवरी को भीमा मछली पकड़ने खेत की तरफ गए थे, वहां कई और लोग भी मौजूद थे। लोगों की भीड़ के बीच नक्सलियों ने उनपर गोली चलाई, जिसके बाद वह गिर पड़े। कुछ देर बाद पुलिस पहुंची तो डेडबॉडी घर लेकर गई। जहां वारदात हुई वह छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का सीमावर्ती इलाका है।

# बचपन के संविदा-इंजीनियर दोस्त ने 27 लाख ठगे

### वापस मांगने पर पत्नी से छेड़छाड़ केस में फंसाने की दी धमकी, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

दुर्ग-भिलाई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दुर्ग जिले के पाटन में 27 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बचपन के ही दोस्त ने अपनी लाचारी की दुहाई देकर व्यापार करने के लिए पहले दोस्त से 27 लाख रुपए ले लिए। जब दोस्त ने पैसे वापस मांगे तो उसे झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने लगा।

जब पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज नहीं किया तो पीड़ित दोस्त ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश के पाटन पुलिस ने आरोपी दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यह पूरा मामला पाटन थाना क्षेत्र का है।

आरोपी अनिरुद्ध ताम्रकार जनपद कार्यालय पाटन में संविदा जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थ है। पत्नी भावना ताम्रकार के नाम पर दुकान खोलने के लिए आरोपी ने दोस्त से पैसे उधार लिए थे। दोस्त को पिछले 7 महीने से वेतन न मिलने का हवाला दिया था। दोस्त ने आरोपी की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मदद की थी। लेकिन बाद में पैसे वापस न देने के लिए आरोपी बहाने बनाने लगा।

शिकायत में बताया गया कि, आकाश कुमार शर्मा साल 2017 से प्रोटीन सप्लीमेंट्स के होलसेल व्यापार से जुड़ा है। अनिरुद्ध ताम्रकार उसके बचपन का दोस्त है। साल 2021 में आरोपी ने वेतन न मिलने की बात कहते हुए आर्थिक परेशानी बताई।

अपनी पत्नी के नाम पर रिसाली (भिलाई-दुर्ग) में प्रोटीन सप्लीमेंट्स की दुकान खोलने की बात कही। सरकारी नौकरी में होने के कारण दुकान अपने नाम पर न खोल पाने की बात कहकर आरोपी ने परिवादी से सहयोग मांगा।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी की पत्नी भावना ताम्रकार के खाते से 5 अक्टूबर 2021 को 5 लाख रुपए HDFC बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए और 1 लाख रुपए कैश दिए गए। इसके बाद सितंबर से 5 अक्टूबर 2021 के बीच और 7 से 11 अक्टूबर के बीच कुल 27 लाख रुपए का प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सामान सप्लाई किया गया।

दुकान खुलने के बाद भुगतान की मांग करने पर आरोपी ने किश्तों में जून 2022 तक करीब 6 लाख रुपए लौटाए। जुलाई 2022 में आरोपी ने फिर से रकम की आवश्यकता बताते हुए 6 लाख रुपए कैश उधार ले लिए, लेकिन इसके बाद भी राशि वापस नहीं की।

लगातार पैसे की मांग करने पर आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। एक बार संपर्क होने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी और पत्नी के साथ छेड़छाड़ के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित ने 25 अक्टूबर 2025 को पाटन थाने में शिकायत की थी।

आरोप है कि पुलिस ने केवल धारा 155 के तहत हस्तक्षेप योग्य नोटिस दर्ज किया और FIR नहीं की गई। इसके बाद 28 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक दुर्ग को भी लिखित शिकायत दी गई, लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर परिवादी ने न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय ने आवेदन, दस्तावेजों और पुलिस की जांच प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुए प्रथम दृष्टया गंभीर संज्ञेय अपराध पाया। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस को अपराध दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पाटन पुलिस ने धारा 318, 296, 351(2) और 3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों, बैंक ट्रांजेक्शन और गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि सब्सिडी ठगी गिरोह का भंडाफोड़

## दो आरोपी गिरफ्तार, 100 से अधिक किसानों से की थी धोखाधड़ी

गिरिडीह, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह पुलिस ने कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दिलाने के नाम पर ग्रामीण किसानों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी पिछले पांच वर्षों से खुद को कृषि विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बताकर भोले-भाले किसानों को निशाना बना रहे थे। यह कार्रवाई 19 जनवरी 2026 को अमृत कुमार वर्मा की शिकायत के बाद शुरू हुई। गिरिडीह जिले के बेगाबाद थाना अंतर्गत पारडीह गांव निवासी अमृत कुमार वर्मा ने नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें एक मोबाइल नंबर से कॉल कर कृषि मशीन दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपए की ठगी की गई है। इस शिकायत के आधार पर, गिरिडीह नगर थाना में कांड संख्या 18/26, दिनांक 19 जनवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 316(2), 319(2), 318(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धर्मेन्द्र वर्मा, उम्र 29 वर्ष, पिता – जमुना महतो, साकिन – खुदीसार, थाना डुमरी, जिला गिरिडीह, सुनिल वर्मा, उम्र 36 वर्ष, पिता – स्व. कपीलदेव महतो, साकिन – खुदीसार, थाना डुमरी, जिला गिरिडीह के रूप में की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार सिंह (मुख्यालय-01) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

पुलिस दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डुमरी थाना क्षेत्र के खुदीसार गांव स्थित आरोपियों के आवास पर छापा मारा और सुनील वर्मा तथा धर्मेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और कई महत्वपूर्ण खुलासे किए। आरोपियों ने बताया कि वे अपने रिश्तेदारों और परिचितों के जरिए ग्रामीण किसानों के नाम और मोबाइल नंबर इकट्ठा करते थे। इसके अतिरिक्त, वे ग्राम पंचायत सचिवालयों और प्राथमिक विद्यालयों के बोर्ड पर अंकित अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर भी नोट कर लेते थे। इन्हीं जानकारियों का उपयोग कर, वे खुद को कृषि पदाधिकारी या कर्मचारी बताकर किसानों को फोन करते थे और सिंचाई पंप मशीन व अन्य कृषि यंत्र सब्सिडी पर दिलाने का झांसा देकर उनसे पैसे वसूलते थे।

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने 100 से अधिक किसानों से ठगी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब ठगी की गई कुल राशि, पीड़ितों की वास्तविक संख्या और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई है।

# 1 बोरी धान में 10 किलो मिट्टी-कंकड़ मिलाते पकड़ाए प्रभारी

## धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी; 8 हजार बोरा धान गायब मिला

सक्ती, 21 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में धान में मिट्टी और कंकड़ मिलाए जाने का मामला सामने आया है। 19 जनवरी की रात खाद्य विभाग की टीम डभरा ब्लॉक के पुटीडीह धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण के लिए पहुंची थी। जांच टीम ने पाया कि खरीदी प्रभारी प्रकाश महंत किसानों से खरीदे गए धान में 5 से 10 किलो तक मिट्टी और कंकड़ मिलाकर वजन पूरा करने का प्रयास कर रहे थे। वहीं, इस केंद्र में ऑनलाइन खरीदी के आंकड़ों की तुलना में लगभग 8000 बोरी धान की कमी भी मिली है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।



19-20 जनवरी की रात धान खरीदी व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से जिला स्तरीय जांच टीम ने डभरा ब्लॉक के पुटीडीह धान खरीदी केंद्र में अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र पर गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं।

मिट्टी और कंकड़ मिलाए जाने की सूचना मिलने के बाद जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, एसडीएम विनय कश्यप, तहसीलदार मनमोहन ठाकुर, जिला खाद्य विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का गहन निरीक्षण किया, पंचनामा तैयार किया और नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिला प्रशासन ने पहले ही प्रत्येक धान खरीदी केंद्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तीन-तीन नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। पुटीडीह केंद्र में किए गए भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन खरीदी के आंकड़ों की तुलना में लगभग 8000 बोरी धान की कमी पाई गई। इस कमी का भी पंचनामा तैयार किया गया है।

### झारखंड में फिर लौटेगा ठंड का दौर 3 डिग्री तक गिरेगा पारा

रांची, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से झारखंड में एक बार फिर ठंड बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे सुबह और रात के समय कोहरा और ठंडी हवाओं का असर ज्यादा महसूस होगा( राजधानी रांची सहित कई जिलों में दिन के समय धूप निकलने से थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन हवा में ठंडक बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इस दौरान कुछ इलाकों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो सकती है। ठंड बढ़ने के कारण लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह-शाम सड़कों पर आवाजाही कम नजर आ रही है।

# संक्रमित रक्त चढ़ने से परिवार एचआईवी पॉजिटिव

### दंपती और बच्चा संक्रमित, सदर अस्पताल के ब्लड बैंक स्टाफ पर लगाया आरोप

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम), 21 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम जिले में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक से कथित रूप से संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के बाद एक ही परिवार के तीन सदस्य पति, पत्नी और उनका बच्चा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं।

पीड़ित परिवार के अनुसार, जनवरी 2023 में महिला की पहली डिलीवरी चाईबासा सदर अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए हुई थी। प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव होने के कारण अस्पताल के ब्लड बैंक से उसे रक्त चढ़ाया गया था। परिवार का आरोप है कि उसी समय महिला को संक्रमित रक्त दिया गया, जिसके कारण पूरा परिवार बाद में संक्रमण की चपेट में आ गया।

मामले का खुलासा तब हुआ, जब जून 2025 में महिला दूसरी बार गर्भवती हुई। नियमित जांच के दौरान उसकी रिपोर्ट एचआईवी पॉजिटिव पाई गई। इसके बाद जब पति की जांच कराई गई, तो वह भी संक्रमित निकला।

2 जनवरी 2026 को महिला ने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। इसी बीच, जब उनका बड़ा बच्चा गंभीर रूप से बीमार पड़ा और उसकी जांच कराई गई, तो वह भी एचआईवी पॉजिटिव पाया गया, जिससे परिवार पूरी तरह टूट गया।

इस पूरे मामले पर पश्चिमी सिंहभूम की सिविल सर्जन डॉ. भारती गोरती मिंज ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केवल आरोपों के आधार पर ब्लड बैंक को जिम्मेदार ठहराना फिलहाल उचित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को अस्पताल बुलाया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल रिकॉर्ड, रक्त चढ़ाने की तारीख, ब्लड डोनर की जांच रिपोर्ट और ट्रांसफ्यूजन प्रक्रिया की गहन समीक्षा की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। इधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने X हेंडल पर लिखा- झारखंड में एक ही परिवार के तीन सदस्य एक महिला, उसका पति और उनकी बड़ी बेटी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, जनवरी 2023 में महिला की पहली डिलीवरी के दौरान चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक से खून चढ़ाया गया था। यह वही ब्लड बैंक है, जो पिछले वर्ष थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के एचआईवी संक्रमण के मामलों को लेकर सुर्खियों में रहा था। इससे स्पष्ट होता है कि चाईबासा सदर अस्पताल में एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने का मामला कोई नया नहीं है। आशंका है कि इस लापरवाही के कारण और भी कई लोग एचआईवी से संक्रमित हो सकते हैं।

यह पूरा मामला किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है। चिंता की बात यह है कि ब्लड बैंक को बंद करने के आदेश के बावजूद उसे बंद नहीं किया गया। चाईबासा सदर अस्पताल के प्रभारी और ब्लड बैंक संचालन की निष्पक्ष जांच सीबीआई द्वारा कराई जानी चाहिए। एक ओर मुख्यमंत्री दावोस में महंगे निजी अस्पतालों के साथ करार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य की सरकार अपने सरकारी अस्पतालों को सुचारू रूप से चलाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। हेमंत जी, यह सब कुछ दुनिया देख रही है।



# एलआईसी ने अडानी के दो शेयरों में घटाई हिस्सेदारी

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। एलआईसी, जीक्यूजी और विदेशी निवेशकों ने दिसंबर तिमाही में अडानी ग्रुप के शेयरों में अपने पोर्टफोलियो में फेरबदल किया है। इस दौरान देश के सबसे बड़े घरेलू संस्थागत निवेशक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अडानी ग्रुप की दो कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी जबकि एसीसी में अपना निवेश बढ़ाया। इसी दौरान जीक्यूजी ने अडानी ग्रुप के दो शेयरों में मुनाफावसूली की। अडानी ग्रुप देश का तीसरा सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। अडानी ग्रुप के शेयरों की शेयरहोल्डिंग पैटर्न के विश्लेषण से पता चलता है कि दिसंबर तिमाही में अडानी एंटरप्राइजेज में एलआईसी की हिस्सेदारी 52 आधार अंक घटकर 3.64% रह गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की इस बीमा कंपनी ने अडानी पोर्ट्स में भी मुनाफा कमाया और कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 7.73% से घटकर 6.79% रह गई। एसीसी (एसीसी) के मामले में एलआईसी की हिस्सेदारी 56 आधार अंक बढ़कर 9.95% से 10.51% हो गई। एलआईसी के पास अडानी एनर्जी, अडानी ग्रीन, अडानी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट में भी हिस्सेदारी है।

# वैश्विक आईटी सेवा क्षेत्र में भारत का दबदबा, शीर्ष-25 में 8 देसी कंपनियां



नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं के क्षेत्र में 2026 में भी भारतीय कंपनियों का दबदबा कायम है। खास बात है कि वैश्विक आईटी रैंकिंग में भारत और अमेरिका करीब खड़े हैं। दुनियाभर की शीर्ष-25 आईटी सेवा कंपनियों में दोनों देशों की आठ-आठ संस्थाएं शामिल हैं। ब्रांड फाइनेंस की नई रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस ने क्रमशः दुनिया के दूसरे एवं तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। एक्सेंचर 42.2 अरब डॉलर के मूल्य (वैल्यू) के साथ लगातार आठवें साल सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड चुना गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 21.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य वाले टीसीएस को प्रशंसा और विश्वसनीयता जैसे प्रमुख मानकों पर बेहद मजबूत स्कोर मिला है। यह इसे एक भरोसेमंद और विश्वसनीय कारोबारी साझेदार के रूप में स्थापित करता है। ब्रांड पर विचार और अनुशंसा के मामले में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा, जो दीर्घकालिक ग्राहक भरोसे को बनाए रखने की क्षमता दर्शाता है। 16.4 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य वाली इन्फोसिस बीते छह वर्षों में 15 फीसदी की सालाना चक्रवृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली आईटी सेवा कंपनी रही है। कंपनी को 100 में से 86.8 के स्कोर के साथ दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत आईटी सेवा ब्रांड बताया गया है।

शीर्ष-25 कंपनियों की ब्रांड वैल्यू 167.2 अरब डॉलर रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में दुनिया की शीर्ष-25 आईटी सेवा कंपनियों का संयुक्त ब्रांड मूल्य 167.2 अरब डॉलर रहा। इस सूची में आईबीएम कंसल्टिंग, कैपजेमिनी, एनटीटी डाटा, कॉग्निजेंट, ईपीएएम और जेनपैक्ट जैसी वैश्विक कंपनियां शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में भारतीय आईटी कंपनियां एचसीएल टेक और विप्रो भी शीर्ष-10 में शामिल हैं। टेक महिंद्रा 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, एलटीआई माइंडट्री, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने भी शीर्ष-25 में जगह बनाई।

# अटल पेंशन योजना 2030-31 तक बढ़ी

> एमएसएमई सेक्टर में जान फूंकने के लिए एसआईडीबीआई को 5000 करोड़ रुपये मिले




नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार ने बुधवार को दो बड़े और दूरगामी फैसले लिए। अब लाखों गरीब और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को रिटायरमेंट के बाद आगे भी हर महीने पक्की पेंशन मिलती रहेगी। सरकार ने अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को साल 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में इस पर मुहर लगी।

इस फैसले से यह भी पक्का हो गया है कि सरकार इस योजना के प्रचार-प्रसार, विकास और इसे आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए पैसा देती रहेगी। इसका मतलब है कि जिन मजदूरों के पास नौकरी के बाद पेंशन का कोई इंतजाम नहीं है, उन्हें 60 साल की उम्र के बाद हर महीने 1,000 से 5,000 रुपये तक की गारंटी वाली पेंशन मिलेगी। यह पेंशन उनके द्वारा किए गए योगदान पर निर्भर करेगी।

**क्या है यह स्कीम?**

यह योजना बुढ़ापे में इनकम की सुरक्षा देती है और खासकर गांवों और छोटे शहरों के मजदूरों को आर्थिक रूप से जोड़ने में मदद करती है। कैबिनेट मीटिंग में फैसला लिया गया कि सरकार जागरूकता फैलाने, लोगों को इस योजना के बारे में बताने और इसे और बेहतर बनाने के लिए लगातार मदद करती रहेगी। साथ ही, योजना को लंबे समय तक चलाने के लिए जरूरी आर्थिक मदद भी जारी रहेगी।

**साल 2015 में हुई थी शुरू**

अटल पेंशन योजना की शुरुआत 9 मई 2015 को हुई थी। इसका मकसद ऐसे मजदूरों को पेंशन का फायदा पहुंचाना है जो किसी फॉर्मल पेंशन सिस्टम से नहीं जुड़े हैं। यह योजना उन्हें थोड़ी-थोड़ी बचत करने के लिए प्रेरित करती है ताकि वे रिटायरमेंट के बाद आराम से रह सकें। यह भारत के सामाजिक सुरक्षा ढांचे का एक अहम हिस्सा बन गई है। 19 जनवरी 2026 तक 8.66 करोड़ से ज्यादा लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं। सरकार का कहना है कि लोगों को इस योजना के बारे में बताते रहना, इसे अच्छे से लागू करना और इसे लंबे समय तक ठीक-ठाक चलाना बहुत जरूरी है। इसलिए सरकार का सहयोग आगे भी जारी रहेगा।




# सेंसेक्स 270 अंक गिरकर 81,909 के स्तर पर बंद

**निफ्टी भी 75 अंक गिरा, बैंकिंग शेयरों में आज सबसे ज्यादा बिकवाली हुई**

मुंबई, 21 जनवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 270 अंक गिरकर 81,909 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 75 अंक गिरा, ये 25,157 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स में अपने दिन के निचले स्तर 81,124 से 1,000 अंक से ज्यादा और निफ्टी में डे लो 24,919 से 300 अंक से ज्यादा की रिकवरी देखने को मिली। वहीं बैंकिंग शेयरों में आज सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली।

# गन्ने की अधिक आपूर्ति से चीनी उत्पादन 22 फीसदी बढ़ा



नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते देश का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 फीसदी बढ़कर 1.59 करोड़ टन पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में देशभर में 1.3 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उद्योग संगठन भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने मंगलवार को बताया, इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्तूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 फीसदी बढ़कर 64.5 लाख टन पहुंच गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर बढ़कर 31 लाख टन पहुंच गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 27.5 लाख टन रहा था। संस्था ने कहा, चीनी का भंडार बढ़ रहा है और संकेत मिल रहे हैं कि गन्ने के भुगतान का बकाया बढ़ना शुरू हो गया है।

# टोल नहीं चुकाया तो गाड़ी नहीं बेच पाएंगे

**एनओसी और फिटनेस सर्टिफिकेट जारी नहीं होगा, नेशनल परमिट भी नहीं मिलेगा**

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। सरकार ने नेशनल हाईवेज पर टोल नियम सख्त कर दिए हैं। अब टोल न चुकाने वाले वाहनों को एनओसी, फिटनेस सर्टिफिकेट और नेशनल परमिट जैसी सेवाएं नहीं मिलेंगी। यह बदलाव सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स 2026 के तहत किए गए हैं। इसका मकसद इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन मजबूत करना और टोल चोरी रोकना है।

कई बार नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर गाड़ी का फास्टैग स्कैन होने पर टेक्नीकल खामी की वजह से टोल नहीं कट पाता। फास्टैग में बैलेंस कम होने पर भी गाड़ियां टोल क्रॉस कर जाती हैं। अब ऐसे वाहनों की बकाया राशि गाड़ी के रिकॉर्ड से जुड़ जाएगी।

**कौन-कौन सी सेवाएं रोकी जाएंगी?**

नए नियमों के लागू होने के बाद, अगर किसी गाड़ी पर टोल का बकाया मिलता है, तो उसकी ये सर्विसेज रोकी जाएंगी।

नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी): यदि आप अपनी गाड़ी किसी दूसरे व्यक्ति को बेचना चाहते हैं या गाड़ी को एक राज्य से दूसरे राज्य में ट्रांसफर करना चाहते हैं, तो बिना टोल क्लीयरेंस के एनओसी जारी नहीं की जाएगी।

फिटनेस सर्टिफिकेटः कॉमर्शियल और अन्य वाहनों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट का रिन्युअल या नया सर्टिफिकेट जारी करना तब तक मुमकिन नहीं होगा, जब तक पुराना टोल बकाया जमा न हो जाए। नेशनल परमिटः ट्रक और बसों जैसे कॉमर्शियल वाहनों को नेशनल परमिट जारी करने से पहले यह जांचा जाएगा कि उस वाहन पर कोई टोल बकाया तो नहीं है।

**कैसे काम करेगा यह सिस्टम?**

गाड़ी के रिकॉर्ड से टोल बकाया जुड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और ऑटोमेटेड होगी। इसे 3 स्टेप्स में समझा जा सकता है:

1. टोल प्लाजा पर लगा सेंसर और कैमराः जैसे ही आपकी गाड़ी किसी टोल प्लाजा से गुजरती है, वहां लगा आरएफआईडी (एरएफआईडी) रीडर आपके फास्टैग को स्कैन करता है। अगर फास्टैग में बैलेंस कम है या वह ब्लैकलिस्टेड है, तो सिस्टम तुरंत उस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर (वीआरएन) को रिकॉर्ड कर लेता है। भविष्य में आने वाले 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' (एमएलएफएफ) सिस्टम में तो बैरियर भी नहीं होंगे, वहां हाई-डेफिनिशन कैमरे सीधे आपकी नंबर प्लेट की फोटो खींच लेंगे।
2. एनपीसीआई और बैंक को सूचनाः टोल प्लाजा का सर्वर यह जानकारी नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) को भेजता है, जिसे एनपीसीआई (एनपीसीआई) मैनेज करता है। यहां से पता चलता है कि किस बैंक के फास्टैग से पैसा कटना था और क्यों नहीं कटा।
3. 'वाहन' पोर्टल के साथ डेटा सिंकः सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'वाहन' डेटाबेस को टोल कलेक्शन सिस्टम के साथ सिंक कर दिया है।

## तेल पर अमेरिकी बैन से रूस को झटका

# 46% गिर सकती है कमाई, भारत ने भी कम की खरीदारी




नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने रूसी तेल पर बैन लगा दिया है। इस कारण रूस से तेल का निर्यात काफी कम हो गया है। यह पिछले चार महीनों में सबसे कम है। इसकी वजह यह है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। दिसंबर में भारत ने पिछले तीन सालों से भी कम तेल खरीदा है। रूसी तेल और गैस की सप्लाई कम होने से रूस को बड़ा झटका लगने वाला है। रॉयटर्स के मुताबिक सप्लाई में कमी से रूस की तेल और गैस से होने वाली कमाई इस जनवरी में 46% तक गिर सकती है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक 18 जनवरी को खत्म हुए चार हफ्तों में रूस ने हर दिन औसतन 31.6 लाख बैरल कच्चा तेल भेजा। यह पिछले साल अगस्त के बाद से सबसे कम निर्यात है। क्रिसमस से पहले के मुकाबले यह निर्यात हर दिन करीब 7 लाख बैरल कम है। वहीं 11 जनवरी को खत्म हुए हफ्ते के मुकाबले यह 2.6 लाख बैरल हर दिन कम है।

**रूस को तेल भेजने में आ रही परेशानी**

रूस को अपने तेल को खरीदारों तक पहुंचाने में दिक्कतें आ रही हैं। भारत रूस का एक बड़ा खरीदार है, लेकिन उसने भी तेल खरीदना काफी कम कर दिया है। दिसंबर में भारत का रूस से तेल आयात पिछले तीन सालों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। यह स्थिति रूस के लिए चिंताजनक है क्योंकि तेल निर्यात उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत जैसे बड़े खरीदारों के कम खरीदने से रूस की कमाई पर असर पड़ रहा है।

**रूस की कमाई पर कितना असर?**

रूस को तेल निर्यात से मिलने वाले पैसों में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट आई है और यह एक नए स्तर पर पहुंच गया है। जनवरी में रूस को तेल और गैस से 420 अरब रूबल (करीब 490 अरब रुपये) की कमाई होगी। इसकी मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम होना और रूस की स्थानीय मुद्रा रूबल का मजबूत होना है।

दिसंबर 2025 में रूबल पिछले साल के मुकाबले 30% से ज्यादा मजबूत हुआ। इससे टैक्स के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल की रूबल में कीमत 53% तक कम हो गई। रूस के कुल बजट का लगभग 25% हिस्सा तेल और गैस इंडस्ट्री से आता है।

# सोना पहली बार 1.5 लाख रुपये पार, 7795 रुपये बढ़ा

**चांदी 10 हजार बढ़कर 3.20 लाख रुपये पर पहुंची**



नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। सोने की कीमत आज यानी 21 जनवरी को 1.50 लाख रुपए पार कर गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना आज 7,795 रुपए बढ़कर 1,55,204 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। कल ये 1,47,409 रुपए पर था। सोना इस साल अब तक 21,744 रुपए महंगा हो चुका है।

वहीं 1 किलो चांदी की कीमत आज 10,730 रुपए बढ़कर 3,20,075 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले कल ये 3,09,345 रुपए पर थी। चांदी इस साल सिर्फ 21 दिनों में ही 90,825 रुपए महंगी हो चुकी है। सोने-चांदी के दाम लगातार तीसरे दिन अपने ऑलटाइम हाई पर हैं।

# आरबीआई की रिपोर्ट : महंगे प्रीमियम के चलते बीमा पॉलिसी सरेंडर कर रहे लोग

**मैच्योरिटी तक सिर्फ 35% पॉलिसीधारक**

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। प्रीमियम महंगा होने और पॉलिसियों को गलत वादे के साथ बेचने से पॉलिसीधारक तेजी से परिपक्वता से पहले ही बीमा पॉलिसी सरेंडर कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, कभी-कभी मिलने वाला रिटर्न वादे के मुताबिक नहीं होता है। कई बार और भी कारणों से पॉलिसी फायदेमंद नहीं लगती है। इस कारण से पॉलिसी के सरेंडर में तेजी आ रही है।

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) कई वर्षों से इस समस्या पर ध्यान दिला रहा है। इसकी रिपोर्ट इस बात को दोहराती है कि जीवन बीमा क्षेत्र में गलत तरीके से बेची जाने वाली पॉलिसी बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। इसमें कहा गया है कि बीमा उत्पादों को नियमों, शर्तों या उपयुक्तता के बारे में उचित जानकारी दिए बिना बेचा जा रहा है। लेकिन गलत तरीके से बेची जाने वाली पॉलिसी से परे नए नियामक आंकड़े गहरी, अधिक संरचनात्मक समस्या की ओर इशारा करते हैं। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कुछ चिंताजनक जानकारियां और आंकड़े सामने आए हैं। ये दर्शाते हैं कि भारत की बीमा प्रणाली कैसे काम करती है और वास्तव में इससे किसे लाभ मिलता है। जीवन बीमा भुगतान में तेज वृद्धि हो रही है। पहली नजर में यह एक स्वस्थ बीमा क्षेत्र का संकेत प्रतीत हो सकता है जो अपने वादों को पूरा कर रहा है। हालांकि, सच्चाई कुछ अधिक चिंताजनक है। बीमा कंपनियों की ओर से भुगतान किए गए कुल लाभ वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 6.3 लाख करोड़ रुपये हो गए। हालांकि, इन भुगतानों का एक बढ़ता हुआ हिस्सा बीमा पॉलिसी परिपक्वता से नहीं, बल्कि समय से पहले पॉलिसी बंद करने, सरेंडर करने और पैसे की निकासी से आ रहा है। इसका मतलब यह है कि अधिक लोग समय से पहले पॉलिसी को नुकसान पर सरेंडर कर रहे हैं।




**37% लोगों ने समय से पहले किया सरेंडर**

आंकड़ों से पता चलता है कि बीमा कंपनियों ने 37 फीसदी का भुगतान (पेआउट) समय से पहले सरेंडर और निकासी वाली पॉलिसी के एवज में किया है। मृत्यु दावों के एवज में केवल 7.5 फीसदी पेआउट दिया गया है। सिर्फ 35 फीसदी पॉलिसीधारक ऐसे हैं जो मैच्योरिटी तक पॉलिसी को बनाए रखते हैं। कमीशन को बढ़ाने वाले बैंकों और एजेंटों के जाल में पॉलिसीधारक फंस रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

गृह गोचर




| गृह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | मकर | मे | मकर... 06-22 | बजे |
| चंद्र | कुंभ | मे | कुंभ.... 08-13 | बजे |
| मंगल | मकर | मे | मीन.... 09-52 | बजे |
| बुध | मकर | मे | मेष..... 11-27 | बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | वृष.... 13-11 | बजे |
| शुक्र | मकर | मे | मिथुन.. 15-14 | बजे |
| शनि | मीन | मे | कर्क... 17-25 | बजे |
| राहु | कुंभ | मे | सिंह--- 19-37 | बजे |
| केतु | सिंह | मे | कन्या-- 21-44 | बजे |
| | | | तुला--- 23-49 | बजे |
| | | | वृश्चिक.. 01-58 | बजे |
| | | | धनु..... 04-12 | बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082

शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर

सूर्योदय 06-53

सूर्यास्त. 18-01

महावीर निर्वाण संवत् -2551

कलियुग अवधि - 432000

भोग्य कलि वर्ष. - 426874

कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,

कल्पारंभ संवत् - 1972949126

सृष्टि ग्रहारंभ संवत्- 1955885126

दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले

मास - माघ शुक्ल पक्ष गुरुवार 22 January 2026

तिथि - चतुर्थी 02-28 रात तक उपरान्त पंचमी

नक्षत्र - शतभिषा 14-27 तक उपरान्त पूर्वाभाद्रपद

योग - वरियान 17-37 तक उप. परिघ

करण - वणिज 14-41 तक उप. विष्टी (भद्रा)

**वरद विनायक तिल चतुर्थी**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 13-52 15-16**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 06-53 - 08-15 | शुभ | अमृत | 18-01 - 19-41 | शुभ |
| रोग | 08-15 - 09-39 | अशुभ | चंचल | 19-41 - 21-16 | शुभ |
| उत्पात | 09-39 - 11-04 | अशुभ | रोग | 20-16 - 22-52 | अशुभ |
| चंचल | 11-04 - 12-28 | शुभ | काल | 22-52 - 00-28 | अशुभ |
| लाभ | 12-28 - 13-52 | शुभ | लाभ | 00-28 - 02-04 | शुभ |
| अमृत | 13-52 - 15-16 | शुभ | उत्पात | 02-04 - 03-39 | अशुभ |
| काल | 15-16 - 16-41 | अशुभ | शुभ. | 03-39 - 05-15 | शुभ |
| शुभ | 16-41 - 18-01 | शुभ | अमृत | 05-15 - 06-53 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आपका करियर चमकने वाला है, काम पर आपकी अंतर्ज्ञान और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ावा मिलेगा। आप आत्मविश्वास में वृद्धि का अनुभव करेंगे, जिससे आप साहसिक कदम उठा सकेंगे। मान्यता और उपलब्धि की अपेक्षा करें। लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें, सफल परिणाम सुनिश्चित करें।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपको भावनात्मक गहराई का अपने करियर पर प्रभाव देखने को मिल सकता है। आपकी विश्लेषणात्मक क्षमता में वृद्धि होगी, इसलिए अपने लक्ष्यों पर सटीकता से ध्यान केंद्रित करें। आपके लिए भाग्यशाली निर्णय आने की उम्मीद करें। हालाँकि, सावधान रहें, क्योंकि अप्रत्याशित दुर्घटनाएँ या असहिष्णुता हो सकती है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आप महत्वाकांक्षा और भावनाओं के बीच खींचतान महसूस कर सकते हैं। संघर्ष या टकराव आपके सामान्य दृष्टिकोण को चुनौती दे सकते हैं, लेकिन नए विचार सफलता दिला सकते हैं। आत्म-जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करें और पेशेवर तनावों को विकास के अवसरों में बदलें। इन पलों को अपने दृष्टिकोण को निखारने दें और काम और पढ़ाई में सफलता की ओर ले जाएँ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आज नेतृत्व स्वाभाविक लगता है, लेकिन सटीकता सफलता की कुंजी है। कार्यस्थल पर सामंजस्य चुनौतियों का सामना कर सकता है, खासकर शैली या राय में मतभेदों के कारण। अनकही अंतर्दृष्टि आपके पेशेवर मार्ग का मार्गदर्शन कर सकती है, जो अप्रत्याशित दिशा प्रदान करती है।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आपका आत्मविश्वास और रचनात्मकता काम में आपकी प्रगति में सहायक है। कार्यों को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए अपने समय पर भरोसा रखें, लेकिन कम ऊर्जा या आत्म-संदेह पर नज़र रखें। अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और चुनौतियों का सामना करने के तरीके के बारे में सावधान रहें। ध्यान और आंतरिक शक्ति के साथ, आप समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल कर सकते हैं और दिन को उत्पादक बनाए रख सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आपकी रचनात्मकता और नए विचार आपको काम पर अलग पहचान दिलाने में मदद करते हैं। अपने पेशेवर रिश्तों में सामंजस्य पर ध्यान दें, क्योंकि यह विकास और सफलता का समर्थन करता है। किसी भी तनाव को शांत और विचारशील संचार का उपयोग करके सावधानी से संभालें। एक संतुलित, निष्पक्ष दृष्टिकोण आपको आज पढ़ाई और काम दोनों को सुचारू रूप से प्रबंधित करने में मदद करेगा।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आपकी रचनात्मकता काम पर चमकती है, जिससे आपको दूसरों से अलग दिखने में मदद मिलती है। नए विचार आपके दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करते हैं, और स्पष्ट संचार आपकी प्रगति को बढ़ावा देता है। सहकर्मियों के साथ सहायक संबंध टीमवर्क को आसान बनाते हैं। अपने विचारों को खुलकर साझा करने से संबंध मजबूत होते हैं।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज आप अपने काम से भावनात्मक रूप से ज़्यादा जुड़े हुए महसूस कर सकते हैं। आत्मविश्वास आपको चमकने में मदद करता है, लेकिन विचारों या कार्यों के साथ अति करने से सावधान रहें। रिश्तों को अच्छी तरह से संभालने के लिए विचारशील संचार महत्वपूर्ण है।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आज आप एक ऐसे सफल पेशेवर से मिल सकते है जो आपका कार्य करने के लिए उपलब्ध सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है , लेकिन उसके साथ साझेदारी के गठन से पहले थोड़ा सावधान रहे , संभावना है कि वह कार्य के मध्य में अपनी दरों में वृद्धि कर सकता है । सर्वश्रेष्ठ विकल्प ये होगा की आप ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करे जिसमे दरें गतियमान की बजाय स्थायी हो ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन के मेल से आपका कार्य जीवन सुचारू रूप से चलता रहेगा। आप केंद्रित और स्पष्ट सोच महसूस करेंगे, जिससे कार्यों को निपटाना और समस्याओं का समाधान करना आसान हो जाएगा। यह आंतरिक सामंजस्य उत्पादक सहयोग और निर्णय लेने में सहायक होता है।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपका करियर दिग्गजों से प्रभावित होगा। आपमें कर्तव्य की भावना बढ़ सकती है। धैर्य रखना ज़रूरी होगा, संभवतः इससे आंतरिक तनाव पैदा हो सकता है। किसी भी बाधा से निपटने के लिए कूटनीति महत्वपूर्ण है। संकोच और बीमारी के प्रति सतर्क रहें, और अपने काम की ज़िम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित रखें।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आपका करियर गतिशील रहेगा। आपके सामने कई अवसर आ सकते हैं, जिससे आप विभिन्न परिस्थितियों में काम कर सकेंगे। हालाँकि, संभावित असहिष्णुता और बेहद ईमानदार संचार की आवश्यकता के प्रति सचेत रहें। अपने काम और पढ़ाई के दौरान अपने कार्यों की कीमत के प्रति भी सावधान रहें।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

## मैप पर भरोसा पड़ा भारी, निर्माणाधीन पुल से 40 फीट की ऊंचाई से गिरे दो बाइक सवार

खंडवा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में पिछले आठ वर्षों से निर्माणाधीन तीन पुलिया ओवर ब्रिज एक बार फिर से हादसे की वजह बना है। सिविल लाइन क्षेत्र स्थित इस अधूरे ओवर ब्रिज से बाइक समेत दो युवक करीब 40 फीट नीचे गिर गए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मैप ने युवकों को रास्ता दिखाया था। जिस कारण से युवक इस अधूरे ब्रिज पर चढ़ गए और जानलेवा दुर्घटना का शिकार हो गए। दोनों घायल युवक खरगोन जिले के रहने वाले हैं। वे खालवा के सिरपुर क्षेत्र से अपने घर खरगोन लौट रहे थे। रास्ते में खंडवा पहुंचने पर मैप में उन्हें खंडवा जाने के लिए दो रास्तों का संकेत मिला। एक मार्ग पर वाहनों की अधिक भीड़ थी, जबकि दूसरा रास्ता सुनसान नजर आया।

# मद्रास हाईकोर्ट से उदयनिधि स्टालिन को झटका

## हाई कोर्ट ने रद्द किया अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर

**चेन्नई, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

चुनावी साल में मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के डेप्युटी सीएम उदयनिधि स्टालिन और सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी को बड़ा झटका दिया है, सनातन धर्म को लेकर उदयनिधि स्टालिन के बयान को कोर्ट ने हेट स्पीच माना और कहा ऐसे भड़काऊ बयान से सनातन धर्म का पालन करने वालों को खतरा हो सकता है। उदयनिधि के इस विवादास्पद बयान की बीजेपी नेता अमित मालवीय ने विरोध किया था जिसके बाद अमित मालवीय के खिलाफ दर्ज केस दर्ज किया गया।

इसी मामले पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने मालवीय के खिलाफ दायर एफआईआर को रद्द कर दिया है। अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि मंत्री का भाषण 80% हिंदुओं के खिलाफ था और नफरत भरे भाषण के दायरे में था। अदालत ने कहा कि मालवीय, जो एक सनातनी थे और इस तरह के नफरत भरे भाषण के शिकार थे, ने केवल सनातन धर्म का बचाव किया था और यह आईपीसी के किसी भी प्रावधान को आकर्षित नहीं करेगा। कोर्ट ने आगे कहा कि उदयनिधि के भाषण से नरसंहार का मतलब निकल सकता है। न्यायमूर्ति एस श्रीमति ने कहा कि मालवीय ने केवल मंत्री द्वारा दिए गए भाषण पर प्रतिक्रिया दी थी और इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए उनके खिलाफ कोई भी कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा और इससे उन्हें अपूरणीय क्षति और चोट पहुंचेगी। अदालत ने यह भी दर्ज किया कि मामले में नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए मंत्री के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था, लेकिन यह दुखद था कि इस पर प्रतिक्रिया देने वाले व्यक्ति के खिलाफ नफरत फैलाने वाला भाषण का मामला दर्ज किया गया था।

### मालवीय के खिलाफ क्यों दर्ज हुआ मामला?

मालवीय के खिलाफ मामला यह था कि सम्मेलन के बाद उन्होंने भाषण का वीडियो अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था, भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश किया था और ऐसी टिप्पणी की थी जैसे कि मंत्री ने भारत में सनातन धर्म का पालन करने वाले 80% लोगों के नरसंहार का आह्वान किया हो। डीएमके -एडवोकेट विंग, त्रिची दक्षिण के जिला संगठक केएवी दिनाकरन ने एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मालवीय के खिलाफ आईपीसी की धारा 153, 153 ए और 505 (1) (बी) के तहत दंडनीय अपराध दर्ज किया गया था। मालवीय ने इस एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।





### क्यों हुआ ये पूरा विवाद?

दरअसल, यह मुद्दा 2023 में तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' नामक एक सम्मेलन में भाग लेने के दौरान मंत्री द्वारा दिए गए भाषण से उत्पन्न हुआ है, जहां मंत्री ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था। मंत्री के खिलाफ मद्रास उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में मामले दायर किए गए थे।

### मालवीय ने क्या तर्क दिया?

मालवीय ने तर्क दिया कि उन्होंने केवल मंत्री का भाषण निकाला था, जो पहले से ही मीडिया में था, और भाषण के उद्देश्य और उद्देश्य पर सवाल उठाते हुए इसके बारे में अपनी समझ व्यक्त की थी। उन्होंने तर्क दिया कि मंत्री का भाषण गंभीर प्रकृति का था और इसमें सनातन धर्म का पालन करने वाले भारत के अधिकांश नागरिकों के खिलाफ नफरत भड़काने और हिंसा को प्रोत्साहित करने की क्षमता थी। इस प्रकार उन्होंने तर्क दिया कि उनके खिलाफ आरोप झूठे, बेतुके और राजनीति से प्रेरित हैं।

## क्या जम्मू-कश्मीर का होगा बंटवारा

### इस मुद्दे पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने क्या कहा?



जम्मू, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कश्मीर में बीते कुछ दिनों से प्रदेश के फिर से बंटवारे पर विवाद हो रहा है। लोगों के मन में सवाल है कि क्या जम्मू-कश्मीर का एक बार फिर से विभाजन होगा। इन चर्चाओं के बीच इस मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का बयान भी सामने आया है। उमर अब्दुल्ला ने विभाजन की बात को सिरे से नकार दिया है। उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि जब तक जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस का झंडा लहराता रहेगा, तब तक कोई भी ताकत क्षेत्रीय या धार्मिक आधार पर इस क्षेत्र का बंटवारा करने की हिम्मत नहीं करेगी।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के दो दिवसीय ब्लॉक अध्यक्ष सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की एकता अपरिवर्तनीय है। उमर अब्दुल्ला ने भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा जम्मू-कश्मीर के नए सिरे से विभाजन की मांग को भ्रामक बताया और कहा कि ये आखिर में जम्मू क्षेत्र के हितों को ही नुकसान पहुंचाएगी।

## सुनिश्चित करें अवैध खनन ना हो: अरावली विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, 100 मीटर नियम पर रोक को रखा बरकरार

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर एक बार महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम "अपूर्णीय और दूरगामी" होते हैं, जिन्हें बाद में सुधारना संभव नहीं होता।

**हाईपावर्ड कमेटी का होगा गठन**

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी दोहराया कि अरावली की वैज्ञानिक और स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए एक हाई-पावर्ड कमेटी बनाई जाएगी। इस समिति में पर्यावरण, वानिकी, भू-विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। अदालत ने सभी पक्षों, जिसमें एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं, से समिति के संभावित सदस्यों के नाम और सुझाव चार हफ्ते में पेश करने को कहा है।

**100 मीटर नियम पर रोक बरकरार**

कोर्ट ने अपने उस पुराने फैसले पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश थी। पर्यावरण मंत्रालय की समिति की इस सिफारिश को अदालत ने पहले ही पुनर्विचार योग्य बताते हुए स्थगित कर दिया था। अदालत का मानना है कि यह मुद्दा संवेदनशील है और इसे जल्दबाजी में तय नहीं किया जा सकता। इसलिए नई विशेषज्ञ समिति तथ्यात्मक और वैज्ञानिक आधार पर नई परिभाषा की सिफारिश देगी।

**अवैध खनन के मुद्दे पर भी हुई चर्चा**

सुनवाई के दौरान एक वकील ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में लगातार चल रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया। इस पर न्यायालय ने राजस्थान सरकार के वकील को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि अरावली जैसा पर्यावरणीय क्षेत्र किसी भी प्रकार की लापरवाही का भार नहीं उठा सकता। अदालत ने साथ ही कहा कि अवैध खनन भविष्य की पीढ़ियों के पर्यावरण अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है, इसलिए न्यायालय इस पूरे मामले में सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले साल दिसंबर में पारित अंतरिम आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा।

साथ ही, हस्तक्षेपकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वे एमिकस क्यूरी से संपर्क कर अपनी टिप्पणियां और रिपोर्ट सौंपें। एमिकस क्यूरी को इन सभी सुझावों को अपनी व्यापक रिपोर्ट में शामिल करने का निर्देश दिया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी, जिसमें समिति गठन और आगे की प्रक्रिया पर अदालत फैसला ले सकती है।

## तूफान की रफ्तार से दौड़ाई लैम्बॉर्गिनी पुलिस ने जब्त की कार

बंगलूरू, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बंगलूरू में एक तेज रफ्तार लैम्बॉर्गिनी सड़क पर स्टंटबाजी करती नजर आई। ड्राइवर की इस हरकत से पैदल चलने वालों में दहशत फैल गई। वहीं, सड़क पर चल रही गाड़ियों को भी खतरनाक तरीके से लहराती लैम्बॉर्गिनी के चलते दुर्घटना की संभावना से जूझना पड़ा। पुलिस के मुताबिक बंगलूरू की व्यस्त मैसूरु रोड पर केंगेरी मेट्रो स्टेशन के पास एक हरी लैम्बॉर्गिनी कार तेज गति से सड़क पर दौड़ती दिखी। घटना का वीडियो ऑनलाइन वायरल होने पर बंगलूरू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वाहन मालिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें सार्वजनिक सड़कों पर लापरवाही से वाहन चलाना/सवारी करना शामिल है जिससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है, साथ ही भारतीय मोटर वाहन अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

## संत पंचमी पर नमाज का समय तय करने की दिग्विजय सिंह की मांग

### शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**भोपाल/धार, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

धार जिले की ऐतिहासिक भोजशाला एक बार फिर प्रशासन और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने है। वर्ष 2026 में बसंत पंचमी शुक्रवार यानि 23 जनवरी को पड़ रही है। यह संयोग पहले भी तीन बार 2006, 2013 और 2016 में बन चुका है और उन सभी मौकों पर क्षेत्र में तनावपूर्ण हालात देखने को मिले थे। ऐसे में इस बार पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास सतर्कता बरती जा रही है। इस वर्ष बसंत पंचमी का त्योहार शुक्रवार को आ रहा है। पूर्व में भी आया है और केंद्र सरकार के निर्णय अनुसार धार जिला प्रशासन ने उसे शांति से दोनों पक्षों से मिल कर मनाने की व्यवस्था की थी। मैं प्रशासन व सरकार से ये कहना चाहूँगा कि एएसआई द्वारा 2003, 2013 व 2016 में पहले ही अपने



दिए गए आदेश में यह सपष्ट कर चुका है कि जब भी कभी बसंत पंचमी का त्योहार और शुक्रवार की नमाज़ साथ में होती है तो बसंत पंचमी की पूजा सूर्योदय से लेकर 1 तक और उसके बाद 3:30 बजे से सूर्यास्त तक की जाएगी और दोपहर 1 - 3 का समय शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए छोड़ा जाएगा। इस स्थिति में सरकार व प्रशासन की ये ज़िम्मेदारी है एएसआई द्वारा पारित किए गए आदेश की पूर्ण पालन किया जाए और धार में अमन शांति का पैग़ाम दिए जाने की पूरी कोशिश करते हुए सांप्रदायिक उन्माद व अफ़वाह फैलाने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाए। मैं सभी हिन्दू मुसलमान भाइयों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील करता हूँ। हमारा प्रदेश अमन का प्रतीक है और सरकार व प्रशासन की ये नैतिक ज़िम्मेदारी है कि इस अमन को क़ानूनी रूप से स्थापित किया जाए।

**जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों से लगातार संवाद किया जा रहा है। रविवार को एहतियात के तौर पर करीब 2000 जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला । इसके साथ ही भोजशाला और आसपास के इलाकों में ड्रोन कैमरों और करीब एक हजार सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

## बहन के सास-ससुर की कर दी हत्या, दोषी एनआरआई को उम्रकैद की सजा

लुधियाना, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब के लुधियाना में अपनी बहन के ससुराल वालों की हत्या के आरोप में अदालत ने एक एनआरआई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडिशनल सेशन जज अमनदीप कौर की अदालत ने 39 साल के चरणजीत सिंह, जो कि यूके का नागरिक है, को दोहरे हत्याकांड का दोषी पाया और उसे बिना किसी छूट के उम्रकैद की सजा सुनाई। 4 मई, 2022 को दोषी चरणजीत सिंह ने अपनी बहन के ससुर सुखदेव सिंह और सास गुरमीत कौर की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने 7 मई 2022 को हत्या के आरोप में चरणजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचा और अब अदालत ने उसे सजा सुनाई है। शिकायतकर्ता वकील रमन कौशल और परोपकार घुम्मन ने बताया कि 4 मई, 2022 को सराभा नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। मृतक जोड़े की बेटी रुपिंदर कौर के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

# तुर्कमान गेट हिंसा मामला

## आरोपी उबैदुल्लाह को मिली सशर्त जमानत, माननी होंगी कोर्ट की बातें

**नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)।**

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने चांदनी महल थाना क्षेत्र के एक मामले में आरोपी मोहम्मद उबैदुल्लाह को नियमित जमानत दे दी है। यह आदेश एडिशनल सेशन जज जोगिंदर प्रकाश नाहर ने सुनाया। मामला एफआईआर संख्या 17/2026 से जुड़ा है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराएं और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। तीस हजारी कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि आरोपी तुर्कमान गेट, दिल्ली का रहने वाला है और घटना स्थल उसके घर से महज 50 मीटर की दूरी पर है। बचाव पक्ष की दलील थी कि आरोपी का घटना में कोई सीधा रोल नहीं है और पुलिस द्वारा जो फोटो पेश की गई है, उसमें आरोपी सिर्फ अपने घर के पास खड़ा दिखाई देता है जो स्वाभाविक है। इसके अलावा, आरोपी के खिलाफ कोई वीडियो सबूत या कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी पेश नहीं किया गया जिससे उसकी संलिप्तता साबित हो सके।



**दिल्ली पुलिस ने आरोपी की जमानत का किया विरोध**

तीस हजारी कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि आरोपी अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है। उसके पिता पैरालिसिस से पीड़ित हैं और उनकी देखभाल की पूरी जिम्मेदारी आरोपी पर ही है। आरोपी 8 जनवरी 2026 से न्यायिक हिरासत में था। दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि मामला गंभीर धाराओं से जुड़ा है, लेकिन यह भी स्वीकार किया गया कि इस समय आरोपी की पुलिस हिरासत की जरूरत नहीं है।

**तीस हजारी कोर्ट ने मामले में सुनाया अहम फैसला**

तीस हजारी कोर्ट ने सभी दलीलों को सुनने के बाद यह माना कि जमानत अर्जी इस अदालत में सुनवाई योग्य है और मामले के तथ्यों को देखते हुए आरोपी को जमानत दी जा सकती है। कोर्ट ने साफ किया कि यह आदेश मामले के मेरिट पर कोई राय नहीं है। कोर्ट ने आरोपी को 25 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

**कोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए लगाई अहम शर्तें**

तीस हजारी कोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए कई सख्त शर्तें भी लगाईं गईं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा आरोपी को नियमित रूप से कोर्ट में पेश होना होगा जांच में पूरा सहयोग करना होगा, किसी भी गवाह को प्रभावित नहीं करेगा और बिना अनुमति देश से बाहर नहीं जाएगा। इसके अलावा आरोपी को पीड़ित/शिकायतकर्ता के घर से 50 मीटर के दायरे में जाने से भी रोक दिया गया है।

## जेल भेजे गए 13 में से 7 किन्नर एचआईवी पॉजिटिव निकले

प्रतापगढ़, 21 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला जेल से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया जब हाल ही में जेल भेजे गए 13 किन्नरों में से 7 की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट एचआईवी पॉजिटिव आई। इस खुलासे के बाद सनसनी फैल गई है और प्रशासन द्वारा जेल में सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के अचलपुर का है, जहां रविवार को किन्नरों के दो गुटों- मिस्बा और अंजलि के बीच वर्चस्व को लेकर हिंसक झड़प हुई थी।

पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जेल मैनुअल के तहत जब आरोपियों का मेडिकल परीक्षण और एचआईवी टेस्ट कराया गया, तो नतीजे चौंकाने वाले थे। प्रारंभिक स्क्रीनिंग में 7 किन्नरों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। पुष्टि के लिए उनके ब्लड सैंपल को विस्तृत जांच हेतु लैब भेजा गया है।

## जगन्नाथ मंदिर को निशाना बनाने की साजिश

# सोशल मीडिया पर बम की धमकी के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा





पुरी, 21 जनवरी (एजेंसियां)। पुरी के जगन्नाथ मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर बम धमकी मिलने के बाद मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, सामने आए एक फेसबुक पोस्ट में न केवल जगन्नाथ मंदिर को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी, बल्कि बीजद के राज्यसभा सांसद सुभाषिश खुंटिया और पुरी के एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर हमले की बात भी कही गई थी। धमकी के बाद मंदिर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की गहन जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं।

**जांच में क्या आया सामने?**

अधिकारी ने बताया कि जिस महिला के सोशल मीडिया अकाउंट से यह पोस्ट किया गया था, उसने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। महिला का दावा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी यूजर आईडी बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश की हो सकती है। महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए उठाया है। मामले में पुरी के साइबर पुलिस थाने में केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि मंदिर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा इंतजाम और मजबूत किए गए हैं।

**सांसद खुंटिया ने की तत्काल कार्रवाई की मांग**

इस बीच, सांसद सुभाषिश खुंटिया ने कहा कि उन्होंने पुरी के पुलिस अधीक्षक से बात कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति से धमकी भरा फोन कॉल भी मिला है।

## कोबरा के जहर की तस्करी के आरोप में 7 गिरफ्तार, एक एमएल की कीमत 90 लाख रुपये

सूरत, 21 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत में पुलिस ने बड़ी कामयाबी दर्ज करते हुए कोबरा का 6.5 मिलीलीटर जहर जब्त किया है। इस जहर की बाजार में कीमत करीब 5 करोड़ 85 लाख रुपये है। सूरत पुलिस की एसओजी ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपियों ने कोबरा सांप के जहर को कमीशन पर बेचने की प्लानिंग की थी। पुलिस ने जाल बिछाकर गिरोह को पकड़ने में कामयाबी पाई। फिलहाल जहर को फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है। सूरत एसओजी को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ शख्स सांप के जहर का सौदा करने सूरत में घूम रहे हैं। एसओजी ने खुद ग्राहक बनकर जाल बिछाया और ज्यादा रुपयों का लालच देकर सांप का जहर खरीदने की बात कही।

लालच में आकर गिरोह के सदस्यों ने सूरत के सरथाना क्षेत्र की पटेल लाइफ पार्टनर मैरेज ब्यूरो में मीटिंग फिक्स की। तभी वहां एसओजी ने छापा मारकर सभी को रंगे हाथ पकड़ लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोबरा के जहर को अहमदाबाद के एक जौहरी के यहां से सूरत लाया गया था, लेकिन इससे पहले की कोई सौदा हो पाता, सूरत पुलिस की एसओजी ने जहर तस्करों को पकड़ लिया।

## 'बहू प्रिया ने शोक के 13 दिन में किया पूरा खेल' दिल्ली एचसी में संजय कपूर की मां का आरोप'

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। संजय कपूर की मां रानी कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया कि उनकी बहू प्रिया कपूर ने परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर एक फर्जी ट्रस्ट का इस्तेमाल करके उनकी पूरी जायदाद, पारिवारिक विरासत और सोना ग्रुप की खास कंपनियों में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी को गैर-कानूनी तरीके से दूसरी जगह कर दिया है। उन्होंने ट्रस्ट को खत्म करने, एसेट्स वापस करने, अकाउंट्स वापस करने और डिफेंडेंट को विवादित ट्रस्ट पर काम करने या उससे फायदा उठाने से रोकने के लिए परमानेंट रोक लगाने की भी मांग की है।

शिकायत के अनुसार, रानी कपूर अपने स्वर्गीय पति डॉ सुरिंदर कपूर की पूरी संपत्ति की अकेली बेनिफिशियरी और वारिस हैं, जिनका जून 2015 में निधन हो गया था। वे सोना ग्रुप के फाउंडर और प्रमोटर थे। बताया कि डॉ कपूर ने छह फरवरी, 2013 को एक वसीयत बनाई थी, जिसमें उन्होंने अपनी सारी चल और अचल संपत्ति सिर्फ अपनी पत्नी के नाम कर दी थी। बताया कि सोना ग्रुप की कंपनियों में उनकी शेयरहोल्डिंग भी शामिल है। साथ ही बताया कि जनवरी 2016 में संजय कपूर समेत उनके तीनों बच्चों की तरफ से बिना किसी आपत्ति के वसीयत को सही तरीके से प्रोबेट किया गया



था। संजय कपूर की मौत के बाद रानी कपूर ने बहू प्रिया कपूर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि संजय कपूर की मौत के कुछ ही दिनों के अंदर यानी शोक के समय के दौरान प्रिया कपूर ने बिना किसी नोटिस या प्लेनटिफ की सहमति के सोना ग्रुप की मुख्य कंपनियों में जरूरी मैनेजरियल और बोर्ड-लेवल के पद हासिल करने के लिए तेजी से कदम उठाए। उन्होंने कहा कि इससे कंट्रोल को मजबूत करने की पहले से प्लान की गई कोशिश का पता चलता है। संजय कपूर की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर विवाद और गहरा गया।

इससे पहले संजय कपूर के बच्चों ने वसीयत की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए दावा किया था कि इसका कोई सबूत नहीं है। संजय कपूर की पूर्व पत्नी करिश्मा कपूर के बच्चों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने वसीयत पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि यह उनके पिता द्वारा नहीं लिखी गई थी, क्योंकि इसमें उनके नाम के लिए स्त्रीवाचक सर्वनाम का प्रयोग किया गया है।

# जैकी श्रॉफ ने बेटी कृष्णा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं
## भाई टाइगर ने लिखा- 'भाईजान मुबारक हो'



जैकी श्रॉफ की बेटी और टाइगर की बहन कृष्णा श्रॉफ आज 21 जनवरी को अपना 33वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। कृष्णा के जन्मदिन पर उनके पिता और भाई ने कई अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं और खास नोट भी लिखा।

### जैकी श्रॉफ का पोस्ट

कृष्णा के जन्मदिन पर पिता जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में कृष्णा और जैकी एक साथ तस्वीर के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर कृष्णा के बचपन की है। तीसरी तस्वीर में पिता-बेटी फिर से तस्वीर के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। चौथी तस्वीर कृष्णा के बचपन की है। पांचवीं तस्वीर में कृष्णा अपने मिट्टी में सने हाथों को दिखाती नजर आ रही हैं। बाकी की सभी तस्वीरों में कृष्णा का क्यूट लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। जैकी ने बेटी की इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी बर्थडे।'

### टाइगर श्रॉफ

टाइगर श्रॉफ ने अपनी बहन कृष्णा को जन्मदिन की बधाई देते हुए इंस्टाग्राम पर कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ ही टाइगर ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'भाईजान जनमदीन मुबारक हो।'

### सेलेब्स के कमेंट्स

जैकी की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने भी कृष्णा को जन्मदिन की बधाई दी है। अहान पांडे की मां डीन पांडे, अनन्या की मां भावना ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं।

वहीं मौनी रॉय ने लिखा, 'हमारी कृष्णु सबसे प्यारी है।', शिल्पा शिरोडकर ने लिखा, 'प्रिय कृष्णा, जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, हमेशा प्यार और आशीर्वाद।' कृष्णा की मां आयशा ने लिखा, 'बहुत सुंदर'। इस सभी के प्यार भरे कमेंट्स पर कृष्णा जैकी श्रॉफ ने लिखा, 'सबसे प्यारे बीड़, ये तस्वीरें मुझे बहुत पसंद आईं।'

# 'काम नहीं मिल रहा, तो वापस हिंदू बन जाएं'
## विवाद के बीच अनूप जलोटा ने दी रहमान को सलाह



मशहूर संगीतकार एआर रहमान ने हाल ही में एक बयान दिया, जिस पर काफी विवाद हो रहा है। कई सेलेब्स ने उनके बयान पर प्रतिक्रिया दी है। कई लोग उनके सपोर्ट में हैं, तो कुछ लोग उनके खिलाफ हैं। इसी कड़ी में सिंगर अनूप जलोटा ने संगीतकार के बयान पर अपनी राय दी है। उन्होंने एआर रहमान को दोबारा हिंदू बनने की सलाह दी है।

### क्या बोले थे एआर रहमान?

हाल ही में ऑस्कर विजेता कंपोजर एआर रहमान ने बीबीसी एशियन नेटवर्क से बातचीत में कहा कि उन्हें काम के मौके कम मिल रहे हैं, जिसके बाद यह चर्चा शुरू हुई। उन्होंने कहा कि ऐसा इंडस्ट्री की लीडरशिप में बदलाव की वजह से हो सकता है। उन्होंने अंदरूनी सांप्रदायिक कारणों की ओर भी इशारा किया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा भेदभाव खुलकर सामने नहीं आया।

### अनूप जलोटा ने एआर रहमान को दी सलाह

एआर रहमान के बयान पर जवाब देते हुए अनूप जलोटा ने कहा, 'म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान पहले हिंदू थे और बाद में उन्होंने इस्लाम अपना लिया। उसके बाद, उन्होंने बहुत काम किया और लोगों के दिलों में जगह बनाई। अगर उन्हें अब लगता है कि हमारे देश में मुसलमान होने की वजह से उनको फिल्में नहीं मिल रहीं, तो वह फिर से हिंदू हो जाएं। हिंदू धर्म में कंवर्ट होने से उन्हें फिर से फिल्में मिलना शुरू हो जाएंगी। यही तो उनका मतलब है। मेरा सुझाव है कि वह हिंदू हो जाएं फिर कोशिश करें कि उनको फिर से फिल्में मिलती हैं कि नहीं।'

### सेलेब्स ने किया कमेंट

कई दूसरे सेलेब्स ने रहमान की बातों पर प्रतिक्रिया दी थी। अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने रहमान के बयान की आलोचना की थी। सिंगर शान ने भी रहमान के बयान पर कहा था कि कलाकारों के काम का धर्म से कोई मतलब नहीं है।

### रहमान ने शेयर किया वीडियो

अपने बयान पर आलोचना होने के बाद एआर रहमान ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें भारतीय होने पर गर्व है। इसके अलावा उन्होंने भारत में कई बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा होने पर आभार जताया था। इस वीडियो के बाद परेश रावल उनके सपोर्ट में आए थे।



# कपूर खानदान की बेटी ने पहन ली तोते जैसी रंग की ड्रेस, शनाया ने कैमरे के सामने दिखाया नया रूप

दर्जनों सितारों की भीड़ मुंबई में आए दिन लगती है। बीती रात जब इवेंट हुआ तो भी कई सितारे पहुंचे। कपूर खानदान की बेटी शनाया कपूर ने भी जलवा दिखाया। लुक को सबसे अलग बनाने के लिए उन्होंने तोते जैसी हरे रंग की ड्रेस पहनी ली। शनाया को देखते ही सारे कैमरामैन उनकी फोटोज क्लिक करने लगे।

मुंबई में जब कोई इवेंट होता है तो हीरोइनों की भीड़ लग जाती है। इस दौरान सभी एक दूसरे से अलग और स्टाइलिश दिखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। कोई हसीना कंधे दिखाती ड्रेस पहन लेती है, तो कोई छोटी और टाइट ड्रेस। लेकिन कई बार एक्ट्रेस अलग दिखने के लिए लुक में कोई ऐसा एलिमेंट भी जोड़ लेती हैं कि उनकी चर्चा चारों तरफ होने लग जाती है। बॉलीवुड के कपूर खानदार की बेटी शनाया कपूर ने भी बीते दिन कुछ ऐसा ही किया। काले, नीले और पीले जैसे रंगों को छोड़कर वो हरे रंग की ड्रेस पहनकर जैसे कैमरामैन के सामने पहुंचीं तो सभी उनकी तस्वीरें क्लिक करने लग गए।

### हरे रंग से बना दिया शनाया का लुक सबसे अलग

'DDLJ ' में काजोल ने हरे रंग का एक लहंगा पहना था तो लोगों ने उनके लुक पर अलग-अलग रिएक्शन दिए थे। रिएक्शन जैसा भी रहा हो, लेकिन काजोल के उस लुक को आजतक तोते जैसे हरे रंग के वजह से याद किया जाता है। ठीक ऐसा ही कुछ अब शनाया करती दिखीं। उन्होंने ग्रीन आउटफिट चुनकर लुक को यूनिक बनाया और बाकी सबको पीछे छोड़कर सारी लाइमलाइट अपने नाम कर ली।

### किस ब्रांड का है ये आउटफिट?

संजय कपूर की बेटी हर बार किसी नए ब्रांड का आउटफिट चुनती हैं। इस दफा उन्होंने christopheres-ber ब्रांड की ड्रेस चुनी है, जिसकी ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, 42,921 रुपये कीमत है। अटायर को बनाने के लिए 100 परसेंट रेयॉन कपड़ा इस्तेमाल हुआ है। यह फैब्रिक बहुत आरामदायक, सॉफ्ट और कंफी होता है। तभी शनाया की ड्रेस बॉडी से चिपकी हुई और एलिगेंट दिख रही है।

कलर के साथ शनाया की ड्रेस का डिजाइन भी देखने लायक है। प्लंजिंग नेकलाइन लुक में ग्लैम ऐड कर रही है। जबकि स्लीवलेस डिजाइन डीवा के शोल्डर को हाइलाइट कर रहा है। साथ में फ्रंट पर दिया गया ड्रेपिंग वाला एलिमेंट भी स्टनिंग दिखा। आउटफिट का बॉडी हगिंग डिजाइन होने की वजह से शनाया का फिगर भी हाइलाइट हो रहा है।

### लोगों ने ले लिए शनाया के मजे

शनाया का लुक देखने के बाद कई लोगों ने तो उनकी तारीफ की। डीवा को 'स्टनिंग' बता दिया। पर कुछ ने मजेदार रिएक्शन दिए। पहले यूजर ने लिखा, 'क्रोकोडाइल ने सही एक्टिंग की है।' तो किसी ने लिखा, 'सुखी हुई शिमला मिर्च लग रही हैं आप तो।'

अब शनाया की हरी ड्रेस वाली फोटो इंटरनेट पर आग की तरह फैल गई हैं। डीवा की फोटोज हर बार इसी तरह सोशल मीडिया पर छा जाती हैं।

# शाहरुख खान को 'अंकल' बोलने पर सामने आए टर्किश अभिनेत्री की प्रतिक्रिया, वायरल पोस्ट को बताया फर्जी



सुपरस्टार शाहरुख खान हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में आयोजित जॉय अवॉर्ड्स में शामिल हुए। उन्होंने कैटी पेरी, मिली बॉबी ब्राउन और अन्य कलाकारों के साथ लैवेंडर कार्पेट पर वॉक किया। शाहरुख कार्यक्रम में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुए थे। लेकिन शाहरुख खान तब ज्यादा सुर्खियों में आ गए जब तुर्की की अभिनेत्री हांडे एर्सेल की उनको लेकर एक स्टोरी वायरल हुई। जिसमें उन्होंने शाहरुख को पहचानने से इनकार करते हुए बॉलीवुड एक्टर को अंकल कह दिया। भारतीय फैंस टर्किश अभिनेत्री की इस स्टोरी से नाराज हो गए। लेकिन अब टर्किश अभिनेत्री ने इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया दी है। जानिए तुर्की की अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी और शाहरुख को अंकल कहने पर क्या कुछ कहा।

### शाहरुख का फैन बताने पर टर्किश अभिनेत्री ने बोला अंकल

जॉय अवॉर्ड्स में शाहरुख खान मिस्र की अभिनेत्री अमीना खलील के साथ स्टेज पर प्रेजेंटर के तौर पर पहुंचे थे। जब शाहरुख स्टेज पर पहुंचे तब नीचे बैठी टर्किश अभिनेत्री हांडे एर्सेल इस मूमेंट को अपने फोन के कैमरे में कैद करती नजर आईं। इसके बाद सोशल मीडिया पर ये क्लिप काफी वायरल हुई और लोगों ने हांडे एर्सेल को शाहरुख की फैन बताया। ये वीडियो वायरल होने पर हांडे एर्सेल ने इसको लेकर एक स्टोरी अपने इंस्टाग्राम पर साझा की। इसी स्टोरी में हांडे ने शाहरुख को पहचानने से भी इनकार करते हुए उन्हें अंकल कहा। टर्किश अभिनेत्री ने अपनी स्टोरी पर लिखा, 'ये अंकल कौन हैं? मैं तो बस अपनी दोस्त अमीना खलील का वीडियो बना रही थी। मैं उनकी फैन नहीं हूं!! कृपया गलत जानकारी फैलाना बंद करें!!'

### अभिनेत्री ने स्टोरी को बताया फर्जी

टर्किश अभिनेत्री की शाहरुख को अंकल बताने वाली स्टोरी वायरल हो गई। इसके बाद इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक ओर जहां इसे शाहरुख की बेज्जती बताया जाने लगा। वहीं दूसरी ओर लोग इसको लेकर टर्किश अभिनेत्री को निशाने पर लेने लगे। हालांकि, बात ज्यादा वायरल होने पर टर्किश अभिनेत्री ने एक्स पर की गई एक पोस्ट पर कमेंट करते हुए इसे फर्जी बताया। हांडे ने शाहरुख खान को कभी भी अंकल कहने से इनकार करते हुए उनकी स्टोरी के स्क्रीनशॉट को फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई ऐसी स्टोरी शेयर नहीं की। हांडे ने एक्स पर एक यूजर द्वारा वायरल पोस्ट के रिप्लाई में ये बात कही।

### मेट गाला में भी पहचान को लेकर चर्चा में आए थे शाहरुख

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब शाहरुख खान ग्लोबल स्तर पर अपनी पहचान को लेकर चर्चाओं में आए हों। इससे पहले पिछले साल 2025 मेट गाला में विदेशी पत्रकारों में से कुछ ने शाहरुख खान को तुरंत नहीं पहचाना।

जिसके बाद एक वायरल वीडियो सामने आया जिसमें उन्होंने विनम्रता से अपना परिचय देते हुए कहा, 'मैं शाहरुख हूं।' यह वीडियो भी काफी वायरल हुआ था और लोगों ने इसे शाहरुख खान की इन्सल्ट करार दिया था।

# शाहिद ने की पत्नी की तारीफ, बोले- मुझे उस पर गर्व है



शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चाओं में हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद एक अलग अंदाज में नजर आएंगे। उन्होंने पिता, पति और परिवार के रूप में अपनी भूमिका पर खुलकर कहा। साथ ही पत्नी मीरा के बिजनेस के बारे में भी बताया।

### मेरे बच्चे मुझे बुली करते हैं

शाहिद ने मुस्कुराते हुए कहा कि घर में अक्सर बच्चे ही उन पर हावी हो जाते हैं। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'सच कहूं तो मुझे नहीं पता। कई बार घर में बच्चे मुझ पर हावी हो जाते हैं। मुझे लगता है कि मेरे बच्चे मुझे बुली कर देते हैं। पिता बनने के बाद मेरा नजरिया बदल गया है। अब अपनी जिम्मेदारियों का एक अलग ही एहसास होता है।'

### जो संघर्ष हमने झेले वो बच्चे न झेलें

शाहिद ने बताया कि पैरेंटिंग को लेकर उनकी सोच काफी हद तक अपने माता-पिता को समझने से निकली है। हर मां-बाप की इच्छा होती है कि उनके बच्चे वे संघर्ष न झेलें जो उन्होंने खुद देखे हों। आप हमेशा चाहते हैं कि आपके बच्चों को एक बेहतर आधार मिले। मुझे लगता है कि मेरे माता-पिता ने भी अपने तरीके से यही सोचा होगा कि जो संघर्ष उन्होंने झेले, वो उनके बच्चे न झेलें। उन्हें ऐसी शुरुआत मिले जहां से वे अपनी जिंदगी में और मजबूती से आगे बढ़ सकें। लेकिन बच्चों को हमेशा सुरक्षित रखना ही सही तरीका नहीं है।

### चुनौतियां बच्चों को मजबूत बनाती हैं

शाहिद का मानना है कि चुनौतियों का सामना करना बच्चों को मजबूत बनाता है। एक मजबूत आधार देने के बाद बच्चों को थोड़ा खुला छोड़ देना चाहिए, ताकि वे खुद मजबूत बन सकें। इंसान तब ही मजबूत बनता है जब वह मुश्किलों का सामना करता है। लेकिन साथ ही जरूरी है कि बच्चों को हमेशा पता रहे कि वे कहीं भी जाएं, उनके माता-पिता उनके साथ हैं। घर उनके लिए एक सुरक्षित जगह है।

### मुझे मीरा पर गर्व है

जब बात पत्नी मीरा की आई तो शाहिद का लहजा बदला। उन्होंने कहा कि मीरा ने बहुत कम उम्र में जो कुछ संभाला, वह आसान नहीं था। मुझे उस पर बहुत गर्व है। उसकी सारी उपलब्धियां उसकी अपनी हैं और वह अपनी अलग पहचान वाले इंसान की तरह जीती है। पिछले 10 साल हमारे लिए एक साथ की गई जर्नी रहे हैं। हम हमेशा एक-दूसरे के पार्टनर रहे हैं और मुझे उसके हर काम पर गर्व है, क्योंकि मैंने देखा है कि बहुत कम उम्र में उसने कितनी जिम्मेदारियां संभालीं और कितनी सारी चीजो को एक साथ बैलेंस किया।

### जिम्मेदारियां निभाते हुए बनाई खुद की पहचान

आगे मीरा की तारीफ करते हुए शाहिद ने कहा कि मीरा ने बहुत कम उम्र में शादी की थी। वह 22 साल की उम्र में मां बनीं और 25 तक उनके दो बच्चे हो चुके थे, जो किसी के लिए भी बहुत मुश्किल होता है। अब 30 की उम्र में वह एक स्थापित वर्किंग एंटरप्रेन्योर हैं। वह बहुत काम करती हैं, कई एंडोर्समेंट करती हैं। इन 10 साल में उसने दो बच्चों को पाला, शहर बदले, एक एक्टर के साथ जीवन जिया और पत्नी और मां की जिम्मेदारियां निभाते हुए अपनी खुद की पहचान बनाई। मुझे लगता है कि यह बेहद शानदार है। मैं यह सब उतना अच्छे से नहीं कर पाता, जितना उसने किया। बिल्कुल नहीं।

### कभी भी साथ में नहीं करेंगे कोई फिल्म

स्क्रीन शेयर करने की बात पर शाहिद हंस दिए और बिना सोचे-समझे जवाब दिया कभी नहीं। ऐसी गलती हम कभी नहीं करेंगे। वह जहां है, वहीं अच्छी है। मैं जहां हूं, वहीं ठीक हूं। यही सबसे सही तरीका है।

### 2015 में हुई थी शाहिद-मीरा की शादी

शाहिद कपूर ने साल 2015 में मीरा राजपूत से शादी की थी। आज दोनों दो बच्चों के माता-पिता हैं। मीरा राजपूत अपने स्टाइल और प्रोफेशनल कामों की वजह से अक्सर चर्चा में रहती हैं। कुछ समय पहले उन्होंने मुंबई में एक वेलनेस सेंटर खोला। इसके अलावा मीरा स्किनकेयर इंडस्ट्री में भी सक्रिय हैं।

# सलमान खान के पीछे पड़ी चीनी कंपनी
## दिल्ली हाईकोर्ट ने सुपरस्टार के नाम भेजा नोटिस



बॉलीवुड सितारों के 'पर्सनैलिटी राइट्स' और एआई कंपनियों के बीच कानूनी तकरार बढ़ने लगा है. सलमान खान के अलावा अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, नागार्जुन समेत कई अन्य सेलिब्रिटीज भी इसी मुद्दे पर कोर्ट पहुंचे हैं. सलमान खान ने अपनी पहचान (आवाज, नाम, स्टाइल) के कमर्शियल इस्तेमाल को रोकने के लिए कानून का सहारा लिया था, ताकि कोई भी उनकी अनुमति के बिना उनके 'ब्रांड' का फायदा न उठा सके. चीनी कंपनी ने अब बॉलीवुड सुपरस्टार की सोच आपत्ति जताते हुए याचिका दायर की थी, जिसके चलते दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें नोटिस भेजा है.

सलमान और एआई पर आधारित चीनी प्लेटफॉर्म के बीच तकरार की वजह अभिव्यक्ति की आजादी, तकनीकी इनोवेशन (AI) और किसी व्यक्ति के अपने नाम, आवाज और पहचान पर अधिकार के बीच संतुलन कायम करना है. एआई पर आधारित ऐसी कंपनियां तर्क देती हैं कि एआई वॉइस मॉडल बनाना एक तकनीकी विकास है और इस पर पूरी तरह बैन लगाने से इनोवेशन रुक सकता है या फिर उनके मॉडल सीधे तौर पर एक्टर की इमेज का दुरुपयोग नहीं कर रहे हैं.

### 27 फरवरी को अगली सुनवाई

अब सलमान खान को 4 हफ्ते के भीतर अपना पक्ष रखना होगा. एक रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट 27 फरवरी को मामले में सुनवाई करेगी जो कई मामलों में अहम होगी. यह तय करेगी कि क्या AI प्लेटफॉर्म्स को मशहूर हस्तियों की आवाज का इस्तेमाल करने की अनुमति मिलनी चाहिए या फिर पब्लिसिटी राइट्स को तवज्जो दी जाएगी.

### डीपफेक कॉन्टेंट के खिलाफ कोर्ट का आदेश

सलमान खान ने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए जब हाईकोर्ट का रुख किया था, तब 11 दिसंबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में अंतरिम ऑर्डर जारी किया, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और अन्य वेबसाइट्स को निर्देश दिया गया कि वे सलमान की अनुमति लिए बिना इस्तेमाल किए गए कॉन्टेंट को हटाएं या सीमित करें. यह आदेश डीपफेक कॉन्टेंट, एआई से बनी आवाजें, फर्जी एंडोर्समेंट और बिना इजाजत के उनके नाम से बिकने वाले सामान पर रोक लगाने के लिए दिया गया था.

### अंतरिम आदेश को रद्द करने की मांग

गौरतलब है कि चीन की एआई वॉयस जनरेशन कंपनी ने कोर्ट में अर्जी दी है कि इस अंतरिम आदेश को खत्म किया जाए. कंपनी का कहना है कि सिंथेटिक आवाजें बनाना उसकी सर्विसेज का अहम हिस्सा है और मौजूदा पाबंदियां उसके बिजनेस पर असर डाल रही हैं. कंपनी चाहती है कि दिसंबर का आदेश रद्द हो जाए, ताकि वह बिना कानूनी अड़चन के अपना काम जारी रख सके. हाईकोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और सलमान खान को नोटिस जारी कर उनसे विस्तार में जवाब की मांग की है. अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी.



# भजनलाल कैबिनेट के बड़े फैसले : बनेंगे हवाई जहाज, होंगे चिप डिजाइन और हाईटेक निवेश बढ़ेगा



जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अशांत क्षेत्रों में किराएदारों के अधिकारों के संरक्षण के लिए विधेयक लाने, एयरोस्पेस एवं रक्षा विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में नई नीतियों के अनुमोदन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

बैठक के बाद मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और मंत्री जोगाराम पटेल ने संयुक्त रूप से प्रेस को जानकारी दी और सरकार की नई औद्योगिक व तकनीकी योजनाओं का खाका पेश किया। मंत्रियों ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही राजस्थान एयरोस्पेस और डिफेंस पॉलिसी लागू की जाएगी।

दि राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इम्मूवेबल प्रॉपर्टी एंड प्रोविजन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेंट्स फ्रॉम एविक्शन फ्रॉम प्रिमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल, 2026' के प्रारूप को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। देखा जा रहा है कि राज्य के कई क्षेत्रों में जनसंख्या असंतुलन की स्थिति बनने से सार्वजनिक व्यवस्था, सद्भाव एवं मेलजोल से रहने के सामुदायिक चरित्र पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे उस क्षेत्र में अशांति की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में उस क्षेत्र के स्थायी निवासियों को अपनी स्थायी संपत्तियां कम दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है।

इस विधेयक के पारित होने के बाद राज्य में अशांत क्षेत्रों में स्थायी निवासियों की संपत्तियों एवं उक्त संपत्तियों पर किरायेदारों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया जा सकेगा एवं राज्य में सामुदायिक सद्भावना एवं सामाजिक संरचना कायम रखी जा सकेगी। इस विधेयक को अब विधानसभा के आगामी सत्र में रखा जाएगा।

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी-2025 का अनुमोदन किया गया।

यह नीति प्रदेश में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयरोस्पेस और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण हब बनाने की दिशा में सहायक होगी।

इस क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नवाचार-आधारित इकोसिस्टम के विकास पर केंद्रित यह नीति आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगी।

प्रदेश की पहली राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2025 को आज कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई। यह नीति राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजाइन, पैकेजिंग तथा संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस नीति का प्रमुख उद्देश्य सेमीकंडक्टर और सेंसर्स के क्षेत्रों में एंकर निवेश को आकर्षित करना, विश्व-स्तरीय सेमीकंडक्टर पार्कों का विकास करना तथा फैबलेस डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है।

इसके साथ ही सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी एवं कौशल संवर्धन, रिसर्च एवं डेवलपमेंट तथा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को भी इस नीति के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यावरणीय परियोजनाओं की लागत का 50 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति, कैप्टिव पावर प्लांट हेतु सात वर्षों तक विद्युत शुल्क से शत-प्रतिशत छूट तथा राजस्थान ग्रीन रेटिंग सिस्टम के अंतर्गत प्रमाणित इकाइयों को सहमति शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा सकेगी।

इसके साथ ही रोजगार सृजन प्रोत्साहन, स्किल एवं ट्रेनिंग इंसेंटिव, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी क्रिएशन इंसेंटिव और क्वालिटी सर्टिफिकेशन इंसेंटिव जैसे अन्य लाभ भी नीति में देय होंगे।

राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2025 राज्य में एक प्रतिस्पर्धी और मजबूत सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र का विकास करने में सहायक होगी। यह नीति निवेशकों को आकर्षित कर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देगी और उच्च तकनीक-आधारित रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी।

# कांग्रेस के विधायक अभिमन्यु पूनिया ने ज्ञापन फाड़कर एसडीएम के मुंह पर फेंका



जोधपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस विधायक और यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने एसडीएम पंकज जैन पर ज्ञापन फाड़कर मुंह पर फेंक दिया। युवक कांग्रेस की ओर से मनरेगा बचाओ महासंग्राम पदयात्रा निकाली गई थी। इस दौरान कार्यकर्ता ज्ञापन देने की मांग पर अड़ गए थे। उन्होंने कलक्टर और अतिरिक्त कलक्टर को गेट पर आकर ज्ञापन लेने की मांग की थी।

राजस्थान युवा कांग्रेस की ओर से आयोजित 'मनरेगा बचाओ महासंग्राम पदयात्रा' ने जोधपुर शहर की राजनीति और प्रशासनिक महकमे में हलचल मचा दी। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी के बीच पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी की मौजूदगी में माहौल और गरमा गया। इसी दौरान विधायक अभिमन्यु पूनिया ने एसडीएम पंकज जैन के सामने ज्ञापन को फाड़ दिया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

इसके बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट परिसर में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने सख्ती से रोक दिया। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने केवल एक प्रतिनिधिमंडल को ही भीतर जाकर ज्ञापन देने की अनुमति दी, जिसके बाद स्थिति कुछ हद तक नियंत्रण में आई। पदयात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया कर रहे थे। आंदोलन में विधायक गीता बरवड़, पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी, कांग्रेस नेता राजेंद्र सोलंकी, संगीता बेनीवाल, कीर्ति सिंह भील, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार वर्मा, बलदेव बेनीवाल, रुबीना खान, विमला जलवाणिया, दिव्या चौधरी, पुखराज दिवराया, विक्रम बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# 'पंचायत चुनाव की चिंता छोड़िए, जेल जाने की तैयारी करें'

## मदन दिलावर का डोटासरा पर तीखा पलटवार



जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के पंचायत चुनावों को लेकर दिए गए बयान पर तीखा पलटवार किया है। मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि डोटासरा पंचायत चुनाव की चिंता नहीं करें। वे भर्ती घोटाले में जेल जाने की तैयारी करें।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा के पंचायत चुनाव पर दिए गए बयान पर कहा कि कांग्रेस के शासन में परिसीमन में गड़बड़ी की गई थी। उन्होंने डोटासरा को चेतावनी दी कि वे पंचायत चुनाव की चिंता करने की बजाय भर्ती घोटाले में जेल जाने की तैयारी करें। जिस प्रकार जलदाय विभाग में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले में कांग्रेस के अन्य नेता जेल गए।

वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बोलते पहले हैं और सोचते बाद में, इसी कारण उनके बयान स्तरहीन और असंसदीय होते जा रहे हैं। एक जिम्मेदार विधायक होने के बावजूद वे शब्दों का चयन नहीं कर पा रहे हैं, जो उनकी राजनीतिक गिरावट और हताशा को दर्शाता है। राठौड़ ने बयान जारी कर कहा कि परिसीमन कभी भी राजनीतिक आधार पर नहीं होता। परिसीमन पूरी तरह निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जाता है, इसमें किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पंचायती राज के वार्डों के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन तय समय पर नहीं होने को लेकर भाजपा पर हमला बोला था। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा ने पंचायती राज और परिसीमन प्रक्रिया को पूरी तरह हाईजैक कर रखा है।

डोटासरा ने कहा था कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद वार्डों के परिसीमन की अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2025 थी। बाद में बढ़ाकर दो सप्ताह में प्रकाशन का आश्वासन दिया गया। इसके बावजूद, चुनाव आयोग द्वारा 31 दिसंबर 2025 को पंचायती राज चुनाव प्रक्रिया शुरू करने और हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद भी 8 जनवरी को होने वाला अंतिम प्रकाशन 20 जनवरी तक नहीं हो पाया।

# पद संभालने के 7वें दिन सागवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष फिर निलंबित, स्वायत्त शासन विभाग से आदेश जारी




बांसवाड़ा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। सागवाड़ा नगरपालिका में अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है। 14 जनवरी को कोर्ट के स्थगन आदेश के तहत अध्यक्ष पद संभालने वाले कांग्रेस पार्षद नरेंद्र खोड़निया को स्वायत्त शासन विभाग ने फिर से निलंबित कर दिया है। विभाग के निदेशक जे.पी. चंद्रशेखर ने खोड़निया के निलंबन का आदेश जारी किया है। उनके आदेश में कहा गया है कि अध्यक्ष पद का दुरुपयोग कर खोड़निया ने कई अनियमितताएं की हैं। इसमें क्षेत्रीय उप निदेशक, उदयपुर द्वारा कराई गई जांच रिपोर्ट का हवाला दिया गया है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, खोड़निया ने खुद की अध्यक्षता में गठित एम्पावर्ड कमेटी में स्वयं के नाम का पट्टा (69ए) जारी कर दिया। अतिरिक्त शुल्क लिए बिना पट्टे जारी किए गए। नरेश कुमार पाठक, अखिलेश पाठक, मोतीलाल पटेल और अन्य को अनैतिक लाभ पहुंचाने के लिए कंकू, मीना, राधा सहित अन्य व्यक्तियों की जमीन, ग्रीन बेल्ट और नाले की जमीन पर कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर आवासीय पट्टे जारी किए गए।

सागवाड़ा में अलग-अलग खसरों की कुल 2.06 बिस्वा (4462 वर्गगज) जमीन को 90बी के तहत प्लान किया गया था। इसके अलावा 2 अन्य खसरों में 7275 वर्गगज जमीन का भी प्लान सत्यापित किया गया। खोड़निया ने इस जमीन को कूटरचना कर अपने भाई संतोष कुमार खोड़निया और बेटे सुमित खोड़निया के नाम से पट्टे जारी कर दिए। उन्होंने पद का दुरुपयोग कर मूल सत्यापित प्लान में 30 फीट सड़क को शामिल कर भाई और भतीजे को अनैतिक लाभ पहुँचाया।

### अध्यक्ष पद के लिए दो कुर्सियां

15 जनवरी को सागवाड़ा नगर पालिका कार्यालय में कांग्रेस के खोड़निया और भाजपा के आशीष गांधी के लिए अध्यक्ष कार्यालय में पास-पास कुर्सियां लगाई गईं। दोनों ने खुद को अध्यक्ष बताया। कार्यालय में लगी अध्यक्ष के कार्यकाल की सूची में 14 जनवरी से खोड़निया का नाम अंकित था और उनके कमरे के बाहर नेमप्लेट भी लगाई गई थी। नरेंद्र खोड़निया को नौ माह पहले भी निलंबित किया गया था। 2 मई 2025 को राज्य सरकार ने भाजपा पार्षद आशीष गांधी को सागवाड़ा नगरपालिका का अध्यक्ष मनोनीत किया था। 14 जनवरी को निलंबित अध्यक्ष खोड़निया ने हाईकोर्ट से स्टे आदेश मिलने के बाद खुद को अध्यक्ष घोषित कर कुर्सी पर बैठ गए। आशीष गांधी ने कहा कि राज्य सरकार से आदेश मिलने तक वे ही अध्यक्ष के रूप में मान्य हैं।

# सरसों के खेत से नवविवाहिता का अपहरण, थार में डालकर ले गए बदमाश

अलवर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अलवर जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े नवविवाहिता के अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। छह माह पूर्व प्रेम विवाह करने के बाद पति के साथ रह रही नवविवाहिता को सरसों के खेत के पास से जबरन उठा लिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। पीड़िता के पति ने गोविंदगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी शौच के लिए पहली पत्नी के साथ घर से निकली थी। इसी दौरान कस्बे की ओर से तेज गति से एक थार गाडी आई। गाडी को देखकर महिलाएं सड़क किनारे हो गईं। तभी सरसों के खेत में पहले से छिपकर बैठे एक युवक ने अचानक बाहर निकलकर नवविवाहिता को गोद में उठा लिया और जबरन थार गाड़ी में डाल दिया। इसके बाद चालक ने थार गाड़ी को तेजी से भगाकर मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपहरण के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया जाएगा।

# अब 3 तलाक नहीं चलेगा, 5 बच्चों की मां को छोड़ दूसरी शादी करने वाले 'कालू' पर भड़के विधायक बालमुकुंदाचार्य



जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जयपुर के हवामहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालमुकुंदाचार्य के पास पहुंची पीड़िता ने बड़ा खुलासा किया। पीड़िता ने अपने पति की दूसरी शादी की बात बताई और बताया कि वह खर्चा भी नहीं देता है। इस पर विधायक ने थानाधिकारी से बात कर उन्हें तुरंत नियमानुसार एक्शन लेने के लिए कहा। वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

विधायक के पेज से सामने आए विडियो में विधायक महिला के सामने थाना पुलिस से बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। विधायक ने फोन पर पुलिस अधिकारी को बताया कि पीडिता महिला की उम्र 28 साल है, 18 साल की उम्र में शादी हुई थी। अब तक पांच बच्चे पैदा कर दिए हैं। इसके पति कालू ने इसे छोड़ दिया है और 18 साल की युवती के साथ दूसरी शादी कर वह भट्टा बस्ती में ही रह रहा है। उससे भी बच्चा पैदा किया है। कालू की उम्र करीब 36 या 37 साल है।

विधायक ने फोन पर पुलिस अधिकारी को कहा कि वे कानून के हिसाब से काम करें और पीडिता को उसका हक दिलाएं। उन्होंने कहा कि अब तीन तलाक जैसा सिस्टम नहीं चलेगा, कानून के अनुसार ही काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि विधायक पहले भी चर्चा में रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस के सीनियर लीडर गोविंद सिंह डोटासरा के साथ भी उनका एक वीडियो सामने आया था।

# सवारियों से भरी जीप पलटी 3 लोगों की मौत, मची चीख-पुकार

उदयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र के जोगीवड़ गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 जने गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर कोटड़ा पुलिस व 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को कोटड़ा अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार, जीप बिलवन से सवारियां लेकर कोटड़ा आ रही थी। इसी दौरान जीप जोगीवड़ गांव से गुजर रही थी कि चालक का संतुलन बिगड़ गया और जीप पलट गई। हादसे की सूचना पर कोटड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से कोटड़ा अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 17 घायलों का उपचार जारी है। हादसे में घायल हुए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने जीप को जब्त कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# बर्थडे का सड़क पर जश्न, सरेआम फायरिंग के टशन से फैली दहशत, 4 आरोपी गिरफ्तार



जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी में सोशल मीडिया पर रौब जमाने और दहशत फैलाने की कोशिश अब अपराधियों को भारी पड़ने लगी है। बर्थडे पार्टी के नाम पर सड़क के बीच सरेआम फायरिंग कर वीडियो वायरल करने वाले युवकों पर पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने शिकंजा कस दिया है। झोटवाड़ा, शास्त्री नगर और हरमाड़ा थाना इलाकों में की गई सिलसिलेवार कार्रवाई में पुलिस ने कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन हथियार, 4 कारतूस और मैगजीन बरामद की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ वीडियो अपलोड कर समाज में भय का माहौल पैदा कर रहे थे। बर्थडे पार्टी के दौरान सड़क के बीच 3 राउंड फायर कर वीडियो डालने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि विशेष पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश के निर्देशन में सीएसटी टीम ने पहली कार्रवाई झोटवाड़ा थाना इलाके में की। यहां दोस्त की बर्थडे पार्टी में फायरिंग करने के मामले में नाहरी का नाका, शास्त्री नगर निवासी रियासत अली (39) और संजय नगर डी, झोटवाड़ा निवासी शहजाद खान (29) को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद की गई है। जांच में सामने आया कि दोनों ने बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान सड़क पर सरेआम 3 राउंड फायर किए और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया।

# टोंक के सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पेट्रोलिंग करते समय खाई में गिरे

## कॉल कर कहा था- एक महीने की छुट्टी लेकर आऊंगा, इस साल करने वाले थे बेटे की शादी



टोंक, 21 जनवरी (एजेंसियां)। टोंक के सीआरपीएफ इंस्पेक्टर भंवरलाल मीणा का छत्तीसगढ़ में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। पेट्रोलिंग करते समय बाइक समेत खाई में गिर गए थे।

बुधवार को पार्थिव देह को एयरप्लेन से जयपुर लाने के बाद सड़क मार्ग से टोंक रवाना किया।

जवान के सम्मान में सिरोली मोड़ तिराहा (घाड़ थाना क्षेत्र) से पैतृक गांव दौलतपुरा तक 15 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। गार्ड ऑफ ऑनर दिया देकर सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। छोटे बेटे धीरज ने मुखाग्नि दी।

सीआरपीएफ इंस्पेक्टर भंवरलाल मीणा की पत्नी लादी देवी (52) से आखिरी बार एक दिन 19 जनवरी की रात 8 बजे बात हुई थी।

इस साल बेटे की शादी करने की तैयारी चल रही थी। एक महीने की छुट्टी लेकर घर आने की बात कही थी। लेकिन अगले दिन 20 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान हादसा हो गया। बाइक समेत खाई में गिर जाने से निधन हो गया।

# 25 हजार का इनामी मादक पदार्थ तस्कर कंवरलाल नाम बदलकर निजी अस्पताल में था भर्ती

## एएनटीएफ पहुंची तो उड़े होश



जयपुर, 21 जनवरी (एजेंसियां)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने गठन के बाद अपनी 25वीं बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के टॉप-10 में शामिल कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर कंवरलाल को गिरफ्तार किया है। आइजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी को उदयपुर के एक निजी अस्पताल से पकड़ा गया, जहां वह छद्म नाम से इलाज करवा रहा था। यह कार्रवाई एएनटीएफ के ऑपरेशन की सिल्वर जुबली मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि, चार साल से फरार आरोपी कंवरलाल पुत्र ओंकारलाल, निवासी सांगरिया, चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया है। कंवरपाल की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित गया था। आइजी ने बताया कि आरोपी कंवरलाल पूरे मारवाड़ और मेवाड़ क्षेत्र में अफीम और डोडा चूरा की तस्करी का प्रमुख सूत्रधार था। वह मध्यप्रदेश के नीमच- मंदसौर क्षेत्र से मादक पदार्थ मंगवाकर अपने ठिकानों पर भंडारण करता और वहां से राजस्थान के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता था। कई छोटे तस्कर सीधे उसी से माल लेते थे। मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक डील के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में कंवरलाल के पैरों में चोट आई है और वह इलाज के लिए उदयपुर आने वाला है। इसके बाद एएनटीएफ टीम ने उदयपुर और चित्तौड़गढ़ के अस्पतालों की निगरानी शुरू की।

जांच में सामने आया कि आरोपी जेपी अस्पताल में 'दिनेश' के नाम से इलाज करवा रहा है। एम्बुलेंस की गतिविधियों पर नजर रखते हुए टीम ने अस्पताल में दबिश दी और पट्टियां बदलवाते समय कंवरलाल को गिरफ्तार कर लिया। कंवरलाल ग्राहकों को कभी सीधे अपने गोदाम नहीं ले जाता था। वह ढाबे पर मिलकर खुद वाहन चलाकर माल भरवाता और लौट आता था। कई लोगों को उसने अपना नाम दिनेश और रमेश बताया हुआ था, जिससे उसकी असली पहचान छिपी रही। फरारी के दौरान वह दूर रहकर परिजन के जरिये ग्राहकों से सौदे तय करता था।

# विराट कोहली नहीं रहे नंबर 1 बल्लेबाज
## 352 रन ठोकने वाला डैरिल मिचेल बना वनडे का नया किंग

खेल डेस्क, 21 जनवरी (एजेंसियां)। वनडे बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग आईसीसी ने जारी कर दी है, जिसमें विराट कोहली के लिए खबर अच्छी नहीं है. नई रैंकिंग में विराट कोहली नंबर 1 बल्लेबाज नहीं रहे. उनकी जगह भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में 352 रन ठोकने वाले डैरिल मिचेल वनडे के नए नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं. ताजा रैंकिंग में डैरिल मिचेल के रेटिंग पॉइंट में भी बंपर उछाल आया है. वहीं नंबर 1 से नंबर 2 बने विराट के रेटिंग पॉइंट में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है.



### डैरिल मिचेल बने वनडे के नंबर 1 बल्लेबाज

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में न्यूजीलैंड के डैरिल मिचेल 845 रेटिंग पॉइंट के साथ वनडे के नए नंबर वन बल्लेबाज बने हैं. उनके रेटिंग में 51 पॉइंट का उछाल आया है. पिछली रैंकिंग में वो 794 रेटिंग पॉइंट के साथ वनडे बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थे.

### एक हफ्ते में विराट कोहली से छिन गई नंबर 1 की कुर्सी

विराट कोहली की बात करें तो वो पिछली रैंकिंग में जहां 795 रेटिंग पॉइंट के साथ वनडे के नंबर 1 बल्लेबाज थे. वहीं ताजा रैंकिंग में भी उनके 795 रेटिंग पॉइंट तो हैं मगर अब उनकी रैंकिंग नंबर 2 है. विराट पिछले हफ्ते ही रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर नंबर 1 बने थे. लेकिन, डैरिल मिचेल ने एक ही हफ्ते में उनसे नंबर 1 की कुर्सी छिन ली.

### नई रैंकिंग में टॉप 5 में 3 भारतीय

आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए विराट कोहली के नंबर 1 की पोजिशन छिनने का दर्द जरूर है, लेकिन, एक बड़ी बात ये है कि नई रैंकिंग में टॉप 5 में से 3 बल्लेबाज भारत के हैं. विराट कोहली तो नंबर 2 की पोजिशन पर हैं ही, उनके अलावा रोहित शर्मा चौथे और शुभमन गिल 5वें नंबर पर हैं.

### केएल राहुल ने नई रैंकिंग में ली श्रेयस अय्यर की जगह

विराट, रोहित और गिल जहां टॉप 5 में हैं. वहीं केएल राहुल भी एक स्थान की छलांग लगाकर टॉप 5 में पहुंच चुके हैं. नई रैंकिंग में केएल राहुल 11वें से 10वें स्थान पर आ गए हैं. केएल राहुल ने 10वें नंबर पर अपने ही साथी खिलाड़ी श्रेयस अय्यर को रिप्लेस किया है. अय्यर 10वें से 11वें स्थान पर खिसक गए हैं.

# अंडर19 विश्व कप: ना वैभव सूर्यवंशी, ना समीर मिन्हास, विल मालाचेक ने जड़ा सबसे तेज शतक

विंडहोक, 21 जनवरी (एजेंसियां)। बीते कुछ महीने से अंडर 19 क्रिकेट में काफी तूफानी पारियां देखने को मिल रही है. पहले वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वनडे में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा. फिर सूर्यवंशी का बनाया सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड पाकिस्तान के समीर मिन्हास ने ब्रेक किया. अब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज विल मालाचेक ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा है. 18 साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने जापान के खिलाफ सबसे तेज शतक जड़ा और ऐसा करते हुए अंडर 19 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के बल्लेबाज का कायम किया रिकॉर्ड तोड़ा.

ऑस्ट्रेलिया के विल मालाचेक ने जापान के खिलाफ 20 जनवरी 2026 को खेले अंडर 19 वर्ल्ड कप के मुकाबले में 55 गेंदों पर 102 रन बनाए, जिसमें 5 छक्कों के अलावा 12 चौके शामिल रहे. इस दौरान उन्होंने अपना शतक 51 गेंदों पर पूरा किया था, जो कि अंडर 19 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड है. पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के कासिम अकरम के नाम था, जो कि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 2022 के अंडर 19 वर्ल्ड कप में बनाया था. कासिम अकरम ने तब 63 गेंदों पर शतक लगाया था. लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई ओपनर विल मालाचेक ने 12 गेंदें कम खेलकर कासिम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ दिया.



51 गेंदों वाले शतक के साथ विल मालाचेक, अंडर 19 वनडे वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. वहीं, अंडर 19 वनडे के इतिहास में ऐसा करने वाले वो दूसरे बल्लेबाज हैं. अंडर 19 वनडे में सबसे तेज शतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड पाकिस्तान के ओपनर समीर मिन्हास के नाम है, जो कि उन्होंने 41 गेंदों पर जड़ा था. भारत के वैभव सूर्यवंशी अंडर 19 वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं. उन्होंने 52 गेंदों पर अपना सैंकड़ा पूरा किया था.

### ऑस्ट्रेलिया ने जापान को कितने बड़े अंतर से हराया?

विल मालाचेक के शतक के दम ऑस्ट्रेलिया ने जापान को 125 गेंद बचे रहते ही 8 विकेट से हरा दिया. जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन बनाए. जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 202 रन के लक्ष्य को 29.2 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया. विल मालाचेक को 51 गेंदों पर अंडर 19 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक जमाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

# यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग : अभिषेक बच्चन की लीग में खेलेंगे स्मिथ-मार्श जैसे सितारे, 4 दिग्गज क्रिकेटर बने टीमों के मालिक

एम्स्टर्डम, 21 जनवरी (एजेंसियां)। यूरोपियन T20 प्रीमियर लीग के लिए इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने को है और इस लीग के जल्दी ही शुरू होने के पूरे आसार बन चुके हैं. बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन के सह-स्वामित्व वाली इस यूरोपिन टी20 लीग में खेलने के लिए स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श जैसे दुनिया भर के क्रिकेट के चुनिंदा स्टार तैयार हैं. वहीं कुछ क्रिकेट से जुड़े कई बड़े दिग्गजों को इस लीग में मालिक के तौर पर जोड़ा गया है. वो फ्रेंचाइजी मालिक के तौर पर इस लीग का हिस्सा होंगे.

### 26 अगस्त से शुरू होगा ईटीपीएल

6 टीमों वाली यूरोपियन T20 प्रीमियर लीग के 26 अगस्त से शुरू होने के आसार हैं. इसके फ्रेंचाइजी मालिकों के तौर पर जिन दिग्गज क्रिकेटरों के नाम फाइनल हैं, उनमें काइल मिल्स, स्टीव वॉ, ग्लेन मैक्सवेल और नाथन मैकुलम के नाम शामिल हैं.



ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के इन पूर्व क्रिकेटरों को 20 जनवरी को सिडनी में ईटीपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों के रूप में पेश किया गया.

ईटीपीएल के मालिक अभिषेक बच्चन ने ऑस्ट्रेलिया से क्रिकबज से बात की. वो लीग के आगाज को लेकर काफी उत्साहित दिखे. उन्होंने कहा ऐसा लग रहा है जैसे 26 अगस्त बस आने ही वाला है. उसी दिन ईटीपीएल की शुरुआत होने वाली है. हम सिडनी में पहली तीन टीमों – एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग – की घोषणा करने आए हैं. उन्होंने आगे कहा कि अगले महीने के अंत तक हम अगली तीन टीमों की घोषणा कर सकेंगे. हम पिछले दो सालों से इस पर काम कर रहे थे और हमें बेहद खुशी है कि सब कुछ योजना के मुताबिक हो पाया है.

### पहली 3 टीमों का मालिकाना हक किस-किस के पास?

ईटीपीएल से बतौर मालिक जुड़ने वाले खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के क्रिकेटरों के अलावा पांच बार के वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर और ओलंपिक गोल्ड मेडल विनर जेमी ड्वायर और सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस के पूर्व सीईओ टिम थॉमस भी शामिल हैं. ये दोनों ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के साथ एम्स्टर्डम फ्रेंचाइजी के मालिक हैं.

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान नाथन मैकुलम और न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज काइल मिल्स एडिनबर्ग टीम के मालिक होंगे. बेलफास्ट टीम को ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, और एनआरएमए के पूर्व ग्रुप सीईओ रोहन लुंड प्रमोट करेंगे. इनके अलावा दूसरे रणनीतिक साझेदारों की घोषणा भा जल्द ही की जाएगी.

मैक्सवेल ने कहा कि वह आयरिश फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं. उन्होंने कहा कि आयरिश वॉल्व्स के साथ जुड़कर मैं बहुत खुश हूं, जहां हम मस्ती, पारिवारिक माहौल और निडर होकर खेलने का माहौल तैयार करेंगे.

### 6 टीम और 34 मैचों वाला होगा ईटीपीएल

ईटीपीएल, आईसीसी की ओर से मान्यता प्राप्त एक ग्लोबल मल्टी कंट्री लीग है, जिसे नीदरलैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड के क्रिकेट बोर्डों का समर्थन हासिल है. ये 6 टीमों की 34 मैचों की प्रतियोगिता होगी. ईटीपीएल को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन इसे एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था.

# अमेलिया वाल्वेर्डे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच बनीं
## एएफसी एशियाई कप से पहले हुई नियुक्ति



नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कोस्टा रिका की अमेलिया वाल्वेर्डे को भारतीय सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच बनाया। 39 वर्ष की अमेलिया अंताल्या में भारतीय टीम के शिविर में पहुंच गई हैं। भारतीय टीम मार्च में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही हैं।

15 बरस पहले कोचिंग करियर की शुरुआत करने वाली अमेलिया 2015 से 2023 तक कोस्टा रिका महिला टीम की कोच रहीं। उनके कार्यकाल में कोस्टा रिका ने 2015 और 2023 फीफा महिला विश्व कप में भाग लिया। वह 2015 विश्व कप में 28 वर्ष की थी और सबसे युवा मुख्य कोच रहीं। इससे पहले वह कोस्टा रिका सीनियर और अंडर 20 महिला टीमों की कोच रहीं। उनके साथ गोलकीपिंग कोच एली अविला और स्ट्रेंथ तथा कंडीशनिंग कोच जोस सांचेज भी टीम से जुड़ेंगे।

# 213 रन ठोकने वाली दिल्ली कैपिटल्स की तूफानी बल्लेबाज पर जुर्माना

वडोदरा, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स की स्टार बल्लेबाज लिजेल ली पर जुर्माना लगाया गया है. इतना ही नहीं डब्ल्यूपीएल 2026 में अब तक 213 रन ठोक चुकी इस खिलाड़ी के खाते में जुर्माने के साथ एक डिमेरिट अंक भी जोड़े गए हैं. लेकिन, बड़ा सवाल ये है कि लिजेल ली से गलती क्या हुई? कब हुई? ये पूरा मामला डब्ल्यूपीएल 2026 में 20 जनवरी को दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले मुकाबले से जुड़ा है.

वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की इनिंग के 11वें ओवर में बल्लेबाजी कर रहीं लिजेल ली को आउट दे दिया गया. वो मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अमनजोत कौर की गेंद पर स्टंप हुई थीं. मामला थोड़ा नजदीकी था तो उन्हें आउट देने से पहले थर्ड अंपायर ने कैमरों के कई एंगल जांचे. थर्ड अंपायर का ऐसा मानना रहा कि जब गेंद ने विकेट की बेल्स को उड़ाया उस वक्त लिजेल ली का बल्ला हवा में था.



### लिजेल ली ने मानी गलती, 10% जुर्माने के साथ मिली ये सजा

लिजेल ली को जब आउट दिया गया वो डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने एक और अर्धशतक के करीब थीं. वो 28 गेंदों में 46 रन बनाकर पूरे विस्फोटक मिजाज में खेल रही थीं. ऐसे में जब उन्हें थर्ड अंपायर ने आउट दिया तो उन्होंने उस फैसले पर थोड़ी नाराजगी जाहिर की, जिसके क्रिकेट की रूल बुक की आचार संहिता के तहत गलत पाया गया.

डब्ल्यूपीएल की ओर से जारी मीडिया एडवाइजरी ने बताया गया कि लिजेल ली लेवल 1 के तहत दोषी पाई गई हैं और उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है. लिजेल ली पर इस गलती के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. जबकि एक डिमेरिट अंक भी उनके खाते में जोड़े गए हैं. लेवल 1 के तहत दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों के मामले में मैच रेफरी का फैसला ही अंतिम होता है.

### डब्ल्यूपीएल 2026 के 5 मैचों में जमाए 213 रन

लिजेल ली की तूफानी इनिंग की मुंबई इंडियंस को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है 28 गेंदों पर 46 रन वाली पारी के बाद उनके डबल्यूपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले 5 मैचों में 213 रन हो गए हैं. इस दौरान लिजेल ली ने 2 अर्धशतक लगाए हैं.

# ऋषभ पंत की इंजरी है बेहद गंभीर
## आईपीएल 2026 से पहले टेंशन में एलएसजी

लखनऊ, 21 जनवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के सुपरस्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के ठीक पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे. जिसके कारण ही वो पूरे वनडे सीरीज से ही बाहर हो गए. अब ऋषभ पंत को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है. जिसको देखकर आईपीएल 2026 से पहले लखनऊ सुपर जांयट्स की टीम भी टेंशन में आ सकती है.

भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से ठीक 1 दिन पहले टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंजरी को हुई. अभ्यास के दौरान अचानक पंत को दर्द शुरू हुआ. जिसके बाद उनका मेडिकल टेस्ट हुआ. बीसीसीआई ने उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया था. पंत जिसके बाद दोबारा फिट होने का प्रयास कर रहे हैं. इस बीच न्यूज 24 के रिपोर्टर वैभव भोला की रिपोर्ट के अनुसार पंत की इंजरी पर बड़ा खुलासा हुआ है. जिससे फैंस को झटका लग सकता है.



वैभव भोला की रिपोर्ट के अनुसार ऋषभ पंत को टियर 2 की इंजरी हुई है. उनको रिब में दिक्कत है. जिसके कारण लगातार 15 दिनों तक उन्हें दर्द हो रहा है. कुछ दिनों बाद ही उनका दर्द कम होगा. जिसके बाद ही पंत बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जा सकेंगे. पंत की इस इंजरी से उनको बड़ी समस्या आ सकती है. कमबैक करने में अब पंत को समय लग सकता है.

ऐसे में वो आईपीएल 2026 के कुछ मुकाबले भी मिस कर सकते हैं. हालांकि फिलहाल इसको लेकर रिपोर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जाने के बाद ही पता चलेगा. पंत हाल के समय में बहुत ज्यादा इंजर्ड हो रहे हैं. जिसके कारण भी उन्हें हर बार रिकवरी में पहले से ज्यादा समय लग रहा है. हालांकि पंत टीम इंडिया की टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, ऐसे में टी20 वर्ल्ड कप 2026 पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा.

इंजरी के कारण ही ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी 2025-26 में भी खेलते हुए नहीं नजर आएंगे. हालांकि आईपीएल 2026 के शुरुआती मैच मिस करने के बाद वो लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए नजर आ सकते हैं. पिछले सीजन बल्ले के साथ पंत ने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया था. ऐसे में इस बार वो कप्तानी के साथ ही साथ बल्लेबाजी में भी तहलका मचाना चाहेंगे. जिससे वो अपनी टीम को आसानी से प्लेऑफ में एंट्री कर सके. लखनऊ की टीम अपने पहले आईपीएल ट्रॉफी की तलाश कर रही है.

# 710 मैच में 2000 से ज्यादा विकेट लेने वाले क्रिकेटर नॉर्मन गिफर्ड की मौत
## सबसे ज्यादा उम्र में ओडीआई कप्तानी का रिकॉर्ड

लंदन, 21 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड की क्रिकेट टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर है. 22 जनवरी से इस दौरे की शुरुआत हो रही है, जिसके पहले मैच में अगर इंग्लैंड के खिलाड़ी काली पट्टी बांधे मैदान पर उतरें तो हैरानी नहीं होनी चाहिए. ऐसा वो नॉर्मन गिफर्ड के निधन पर शोक जताने के लिए कर सकते हैं. इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नॉर्मन गिफर्ड का निधन 85 साल की उम्र में हुआ. नॉर्मन गिफर्ड ने अपने जीवन के 28 साल क्रिकेट को दिए, इस दौरान उन्होंने 1107 मुकाबले खेले, जिसमें से 17 इंटरनेशनल मैच शामिल रहे.

नॉर्मन गिफर्ड के क्रिकेट करियर की शुरुआत 1960 में हुई थी. वो 22 सालों तक वूर्सेस्टरशर के लिए क्रिकेट खेले. इसके अलावा काउंटी क्रिकेट में उन्होंने वार्विकशर का भी प्रतिनिधित्व किया. गिफर्ड का इंटरनेशनल डेब्यू टेस्ट मैच से साल 1964 में हुआ था. उन्होंने अपना पहला टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था. जबकि आखिरी टेस्ट 1973 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला.



नॉर्मन गिफर्ड के नाम वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा उम्र में कप्तानी करने का रिकॉर्ड भी दर्ज है. जिस सीरीज में उनका ODI डेब्यू हुआ, उसी सीरीज में उन्होंने कप्तानी भी की. वही उनके करियर की पहली और आखिरी सीरीज भी रही. नॉर्मन गिफर्ड ने 1985 में 44 साल और 359 दिन की उम्र में शारजाह में खेली 4 देशों की वनडे सीरीज में डेब्यू किया था. गिफर्ड को इस सीरीज में डेविड गावर की जगह मौका मिला था. वो सबसे ज्यादा उम्र में डेब्यू करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं. नॉर्मन गिफर्ड ने जिस वनडे इंटरनेशनल में डेब्यू किया, उसी में उन्होंने कप्तानी भी की. 44 साल और 359 दिन की उम्र में ही वनडे इंटरनेशनल में कप्तानी करने वाले वो दुनिया के सबसे उम्रदराज कप्तान भी बने. ये रिकॉर्ड आज भी कायम है. गिफर्ड ने अपना पहला वनडे मैच 24 मार्च 1985 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था.

# आरसीबी - आआर को डेडलाइन : 27 जनवरी तक बेंगलुरु और जयपुर मुकाबले मामले में देनी होगी जानकारी, इन 18 मैदानों पर हो सकते हैं मैच

नई दिल्ली, 21 जनवरी (एजेंसियां)। आईपीएल के दिन करीब आ रहे हैं. 26 मार्च से नए सीजन का बिगुल बज जाएगा. लेकिन, उससे पहले एक सवाल है. क्या मुकाबले बेंगलुरु और जयपुर में होंगे? इसे लेकर आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स से जवाब मांगा है. गवर्निंग काउंसिल की तरफ से दोनों फ्रेंचाइजियों को इस मामले में जवाब देने के लिए 27 जनवरी तक की मोहलत दी गई है. दैनिक जागरण की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ही फ्रेंचाइजियों को संबंधित स्टेट क्रिकेट बोर्ड से बात कर 27 जनवरी तक नतीजे पर पहुंचना होगा.

आईपीएल 2026 का आयोजन 26 मार्च से शुरू होकर 31 मई तक होगा. हालांकि, अभी टी20 लीग के शेड्यूल का ऐलान नहीं हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल मैचों के कार्यक्रमों का ऐलान तमिलनाडु, असम और बंगाल में इलेक्शन की तारीख के सामने आ जाने के बाद होगा. रिपोर्ट में कहा गया कि भले ही आरसीबी ये दिखाने की कोशिश करे कि सबकुछ ठीक है और वो चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच कराना चाहती है. लेकिन ऐसा है नहीं. बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि कर्नाटक सरकार ने चिन्नास्वामी पर हुई घटना के बाद एक कानून पास किया है, जिसके मुताबिक जहां पर कोई बड़ा मैच या कार्यक्रम होता है और उस दौरान उसके आसपास कोई घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार आयोजक होगा. ऐसा कहा जा रहा है कि आरसीबी के मालिक इस बात से डरे हुए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक आरसीबी अपने 5 मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में कराना चाहती है. लेकिन, उसके लिए नियमों के मुताबिक उसे मुंबई इंडियंस से एनओसी लेनी होगी. अगर कोई फ्रेंचाइजी किसी दूसरे फ्रेंचाइजी के शहर में अपने मैच कराना चाहती है तो उसके लिए आईपीएल के नियमों के मुताबिक उसे एनओसी लेनी होती है. आरसीबी का प्लान रायपुर में भी 2 मैच कराने का है.

### इन शहरों में खेले जा सकते हैं आईपीएल मुकाबले

दिल्ली, लखनऊ, मुंबई (वानखेड़े), कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, न्यू चंडीगढ़, नवी मुंबई (डीवाई पाटिल), तिरुअनंतपुरम, हैदराबाद, धर्मशाला, विशाखापत्तनम, गुवाहाटी, जयपुर, बेंगलुरु, पुणे, रायपुर, रांची.

# सिंधू, श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में



जकार्ता, 21 जनवरी (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत अपने अपने मुकाबले जीतकर इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए । पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने जापान की मनामी सुइजू को 53 मिनट में 22 . 20, 21 . 18 से हराया । वहीं विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे को 21 . 15, 21 . 23, 24 . 22 से शिकस्त दी ।

श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा जिन्होंने आयरलैंड के एन एंगुयेन को 21 . 14, 21 . 15 से हराया । किरण जार्ज को पहले दौर में इंडोनेशिया के एक जाकी उबेदिल्लाह के हाथों 17 . 21, 14 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा । महिला एकल में आकर्षि कश्यप भी पहले दौर में जूली डावाल जाकोबसेन से 21 . 8, 20 . 22, 17 . 21 से हार गई ।

# ब्लेज़ ने इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और एआई पहल के लिए तेलंगाना से किया एमओयू



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कैलिफोर्निया स्थित ब्लेज़ ने तेलंगाना सरकार के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। डब्ल्यूईएफ 2026 के दौरान ब्लेज़ के सह-संस्थापक एवं सीईओ दिनाकर मुनगाला के साथ हुई बैठक में यह समझौता संपन्न हुआ। ब्लेज़ हैदराबाद में पहले से ही एक आर एंड डी एवं इंजीनियरिंग केंद्र संचालित कर रही है, जिसे आगे विस्तार देने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना को एआई डेटा सेंटर हब बनाने का लक्ष्य राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास की आधारशिला है। उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही तेलंगाना एआई इनोवेशन हब शुरू कर रही है।

## सरगैड ने तेलंगाना के साथ एमओयू किया 1 हजार करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिका स्थित ऑपरेटर-नेतृत्व वाले औद्योगिक एवं निवेश मंच सरगैड ने तेलंगाना में दीर्घकालिक और चरणबद्ध निवेश व औद्योगिक इकोसिस्टम विकास पहल के लिए रुचि दिखाई है। कंपनी ने अगले 3 से 5 वर्षों में लगभग 1,000 करोड़ रुपये तक के निवेश का संकेत दिया है। कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ श्रीनिवास थोता ने डब्ल्यूईएफ 2026 के दौरान मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाले 'तेलंगाना राइजिंग' प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। सरगैड को एयरोस्पेस, रक्षा, ऑटोमोटिव और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है। बैठक के दौरान कंपनी ने राज्य में एविएशन एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा स्थापित करने में रुचि जताई। मुख्यमंत्री ने बताया कि तेलंगाना तीन आर्थिक क्षेत्रों क्योर , प्योर और रेयर का विकास कर रहा है। उन्होंने वारंगल और आदिलाबाद में प्रस्तावित हवाई अड्डों का उल्लेख करते हुए इनमें से किसी एक स्थान पर एमआरओ स्थापित करने का सुझाव दिया। आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी भी बैठक में उपस्थित थे।

## न्यूक्लुर प्रोडक्ट्स ने तेलंगाना में 6 हजार करोड़ की एसएमआर परियोजना के लिए ईओआई सौंपी



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। न्यूक्लुर प्रोडक्ट्स ने तेलंगाना में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर आधारित परियोजना विकसित करने के लिए अभिरुचि पत्र प्रस्तुत किया है। यह परियोजना लगभग 300 मेगावाट क्षमता की होगी, जिसमें 600 मिलियन यूरो (करीब 6,000 करोड़ रुपये) का निवेश प्रस्तावित है। यह कंपनी स्लोवाकिया स्थित आईक्यू कैपिटल और भारत की ग्रीन हाउस एनवायरो का संयुक्त उपक्रम है। कंपनी प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाले तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर ईओआई सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सतत, स्वच्छ और उन्नत ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और 2047 तक नेट-जीरो लक्ष्य प्राप्त करना राज्य की प्राथमिकता है।

# एल ओरियल हैदराबाद में खोलेगा दुनिया का पहला ब्यूटी-टेक हब




हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाले 'तेलंगाना राइजिंग' प्रतिनिधिमंडल ने ब्यूटी-टेक क्षेत्र में एक बड़ी वैश्विक निवेश उपलब्धि हासिल की है। एल ओरियल नवंबर 2026 में हैदराबाद में दुनिया का पहला ब्यूटी-टेक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करेगा। यह घोषणा एल ओरियल के सीईओ निकोलस हिएरोनिमस के साथ बैठक के दौरान की गई। यह केंद्र कंपनी के लिए वैश्विक नवाचार, तकनीक, डेटा और सप्लाई चेन हब के रूप में कार्य करेगा। आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि हैदराबाद अब केवल आईटी या हेल्थ-टेक ही नहीं, बल्कि ब्यूटी-टेक जैसे नए क्षेत्रों में भी वैश्विक पहचान बना रहा है। विशेष मुख्य सचिव संजय कुमार ने एल ओरियल को भविष्य में तेलंगाना में विनिर्माण निवेश की संभावनाएं तलाशने का भी आमंत्रण दिया। एल ओरियल के सीईओ ने राज्य में भविष्य में विनिर्माण इकाई स्थापित करने में रुचि व्यक्त की।

# बीआरएस विधायक पर हमले की केटी रामाराव ने की निंदा

## कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने बुधवार को कांग्रेस सांसद मल्लु रवि द्वारा आलमपुर विधायक और बीआरएस नेता विजयुडु के साथ किए गए मौखिक दुर्व्यवहार और शारीरिक हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह घटना कांग्रेस की डराने-धमकाने वाली राजनीति को उजागर करती है।




केटी रामाराव ने कहा कि एक निर्वाचित विधायक पर हमला संविधान और कानून के शासन के प्रति कांग्रेस की अवहेलना को दर्शाता है। उन्होंने सांसद मल्लु रवि से तत्काल माफी मांगने की मांग की और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से इस मामले में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का सामना राजनीतिक रूप से किया जाना चाहिए, न कि धमकियों या हिंसा के जरिए। साथ ही चेतावनी दी कि बीआरएस अपने नेताओं पर हो रहे हमलों पर चुप नहीं बैठेगी।

यह घटना मंगलवार को जोगुलम्बा गडवाल जिले के वड्डेपल्ली मंडल स्थित पैपाड गांव में सीसी सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखने के दौरान हुई। कार्यक्रम में प्रोटोकॉल को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद सांसद मल्लु रवि और विधायक विजयुडु के बीच कहासुनी हुई। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में सांसद को विधायक के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करते देखा गया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप कर दोनों नेताओं और उनके समर्थकों को अलग करना पड़ा।

## एक दिन में तीन किसानों की आत्महत्या

### बीआरएस ने सरकार को ठहराया जिम्मेदार

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में एक ही दिन में तीन किसानों की आत्महत्या को लेकर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अविभाजित आंध्र प्रदेश काल के कृषि संकट की याद दिलाती है। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मृत किसानों के परिजनों को तत्काल 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की।

आदिलाबाद, मेदक और जयशंकर भूपालपल्ली जिलों से किसानों की आत्महत्या की खबरें सामने आई हैं। मृतकों की पहचान आदिलाबाद के जाधव अंकुश, मेदक के देवसोथ सर्वेश और भूपालपल्ली के कोडेला सदानंदम के रूप में हुई है।

एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए केटी रामाराव ने कहा कि बढ़ते कर्ज और अधूरे वादों के कारण किसान हताश हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फसल ऋण माफी, रायथु भरोसा निवेश सहायता और उर्वरक आपूर्ति जैसी योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों की फसल और आमदनी प्रभावित हुई है।

बीआरएस नेता ने दावा किया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद पिछले दो वर्षों में करीब 900 किसानों ने आत्महत्या की है, लेकिन सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे हिम्मत न हारें। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार को किसानों की परेशानियों का मुआवजा देना होगा और बीआरएस किसानों के हित में संघर्ष जारी रखेगी।

## बेगमपेट फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार पलटी, तीन घायल



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार सुबह बेगमपेट फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के कारण कुछ समय के लिए फ्लाईओवर पर यातायात प्रभावित रहा। पलटी हुई कार की वजह से सड़क का एक हिस्सा बाधित हो गया, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सामान्य कराने के प्रयास किए। दुर्घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि हादसा तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी में नुकसान से परेशान युवक ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। यादद्री-भुवनगिरी जिले के चौटुप्पल में मंगलवार रात ऑनलाइन सट्टेबाजी में भारी आर्थिक नुकसान झेलने के बाद 27 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बालागोनी पवन कुमार के रूप में हुई है, जो चौटुप्पल के वलीगोंडा रोड पर पशु आहार का व्यवसाय करता था। बताया गया है कि वह पिछले कुछ वर्षों से ऑनलाइन सट्टेबाजी का आदी हो गया था, जिसके चलते उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

पुलिस के अनुसार, सट्टेबाजी में हुए नुकसान के कारण पवन कर्ज में डूब गया था। इस बात की जानकारी मिलने पर उसके पिता श्रीनिवास ने कर्ज चुकाया था और उसे दोबारा सट्टेबाजी न करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पवन ने कथित तौर पर फिर से सट्टेबाजी की और दोबारा नुकसान उठाया, जिससे वह नए कर्ज में फंस गया।

आर्थिक दबाव और परिवार को स्थिति बताने के डर से पवन ने घर में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय सामने आई जब उसके पिता घर लौटे। दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ा, जहां पवन को लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलने पर चौटुप्पल पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ईएपीसीईटी 2026 का विस्तृत कार्यक्रम जनवरी के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह में जारी होगा

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना इंजीनियरिंग, कृषि और फार्मेसी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीजी ईएपीसीईटी) 2026 का विस्तृत कार्यक्रम इस महीने के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह में जारी होने की संभावना है। तेलंगाना उच्च शिक्षा परिषद (टीजीसीएचई) जनवरी के अंतिम सप्ताह में सीईटी समिति की बैठक आयोजित करेगी, जिसमें टीजी ईएपीसीईटी सहित अन्य सीईटी परीक्षाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेएनटीयू) - हैदराबाद टीजी ईएपीसीईटी का विस्तृत कार्यक्रम जारी करेगा।






# एससीआर ने संक्रांति के दौरान संभाली रिकॉर्ड भीड़, 209 विशेष ट्रेनें चलाईं

## एक करोड़ यात्रियों को गंतव्यों तक पहुँचाया गया



हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संक्रांति पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने व्यापक और प्रभावी प्रबंध किए। नववर्ष के बाद लगातार पर्व अवकाश और सप्ताहांत आने से पूरे ज़ोन में यात्री आवागमन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। बड़ी संख्या में लोगों के अपने गृहनगरों की ओर जाने से प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। इस स्थिति को भांपते हुए दक्षिण मध्य रेलवे ने समय रहते ठोस कदम उठाए और 7 जनवरी से 18 जनवरी, 2026 के बीच नियमित ट्रेनों के अलावा 209 विशेष ट्रेनों का संचालन किया। ये विशेष ट्रेनें सिकंदराबाद, विकाराबाद, चर्लपल्ली, काचीगुडा, लिंगमपल्ली, तिरुपति, तिरुचनूर और नांदेड़ जैसे प्रमुख स्टेशनों से रवाना होकर विजयवाड़ा, काकीनाडा, अनाकापल्ली, मछलीपट्टनम, नरसापुर, श्रीकाकुलम, बेंगलुरु सहित अन्य महत्वपूर्ण गंतव्यों तक चलाई गईं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस अवधि में विशेष ट्रेनों सहित कुल मिलाकर लगभग एक करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुँचाया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में करीब 10 लाख अधिक है। यह न केवल यात्रियों की बढ़ती मांग को दर्शाता है, बल्कि दक्षिण मध्य रेलवे की सुदृढ़ योजना और कुशल संचालन को भी रेखांकित करता है।

त्योहार के दौरान कई स्टेशनों पर रिकॉर्ड स्तर की भीड़ दर्ज की गई। सिकंदराबाद स्टेशन पर जहां सामान्यतः प्रतिदिन औसतन 1.3 लाख यात्री होते हैं, वहीं इस दौरान यह संख्या 2 लाख के पार पहुंच गई। काचीगुडा स्टेशन पर यात्रियों की संख्या दैनिक औसत से दोगुने से अधिक होकर 68,500 रही। लिंगमपल्ली स्टेशन पर औसत 35,000 के मुकाबले 56,000 यात्री दर्ज किए गए, जबकि चर्लपल्ली स्टेशन पर यह संख्या 25,000 से बढ़कर 36,500 तक पहुंच गई। इसके अलावा विजयवाड़ा, राजमहेंद्रवरम, गुंटूर और तिरुपति जैसे स्टेशनों पर भी असाधारण भीड़ देखी गई। भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे ने बहुस्तरीय उपाय अपनाए।

## गणतंत्र दिवस समारोह के तहत आरपीएफ ब्रास बैंड की देशभक्ति प्रस्तुति

### बेगमपेट स्टेशन पर रेल यात्रियों में भरा देशप्रेम का जोश




हैदराबाद , 21 जनवरी(स्वतंत्र वार्ता )। गणतंत्र दिवस समारोह-2026 के उपलक्ष्य में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), हैदराबाद (सिकंदराबाद मंडल) द्वारा बुधवार को बेगमपेट रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ब्रास बैंड का भव्य प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों एवं आम नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। यह प्रस्तुति शाम 6 बजे से प्लेटफॉर्म नंबर-02 की ओर सर्कुलेटिंग एरिया में आयोजित की गई, जहां आरपीएफ ब्रास बैंड ने देशभक्ति से ओत-प्रोत स्वदेशी धुनों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की आयुक्त श्रीदेवी, एएससी-II हैदराबाद डिवीजन, सभी स्टेशन सुपरवाइज़र एवं रेलवे स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरपीएफ निरीक्षक एस. कल्पना तथा एसआईपीएफ सैयदा ताहसीन ने बैंडोबस्त की व्यवस्था संभाली और अधिकारियों व आमजन का स्वागत किया। अतिथियों ने आरपीएफ ब्रास बैंड का उत्साहवर्धन किया। आरपीएफ ब्रास बैंड की प्रस्तुति को यात्रियों और आम लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम ने गणतंत्र दिवस के माहौल को और भी देशभक्ति से सराबोर कर दिया और स्टेशन परिसर में उत्सव का वातावरण बना रहा।

# रश्मि ग्रुप ने तेलंगाना के साथ 12,500 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर किए

हैदराबाद, 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. तेलंगाना सरकार के तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल और भारतीय औद्योगिक समूह रश्मि ग्रुप के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर सहमति हुई है।

कंपनी राज्य में स्टील निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 12,500 करोड़ निवेश करेगी, जिससे 12,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। रश्मि ग्रुप के प्रमोटर सज्जन कुमार पटवाड़ी और निदेशक संजिब कुमार पटवाड़ी ने डब्ल्यूईएफ 2026 के दौरान प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर तेलंगाना में स्टील प्लांट लगाने की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी, जो कि 1966 में स्थापित हुई थी, अपने डकटाइल आयरन पाइप्स के लिए दुनिया भर में जानी जाती है और यह अपनी उत्पादकता से एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका, उत्तर व दक्षिण अमेरिका के 40 से अधिक देशों में निर्यात करती है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने निवेश सुनिश्चित करने पर उद्योग और आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू को बधाई दी और कहा कि यह निवेश राज्य की तेज़ विकास यात्रा को और मजबूती देगा। श्रीधर बाबू ने बताया कि तेलंगाना ने विविध औद्योगिक परिदृश्य के साथ निर्माण क्षेत्र (मैन्युफैक्चरिंग) में प्रगति के लिए प्रतिबद्ध नीतियाँ बनाई हैं और सरकार आवश्यक समर्थन, कोयला आपूर्ति लिंक सहित सभी सुविधाएँ प्रदान करेगी। रश्मि ग्रुप के निदेशक संजिब कुमार ने कहा कि यह स्टील संयंत्र मज़दूर-सघन उत्पादन वाला होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में सहायक होगा। बैठक के दौरान ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग, सर्कुलर इकोनॉमी तथा ऊर्जा दक्षता जैसे क्षेत्रों में संभावित साझेदारी पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें कंपनी ने राज्य सरकार के सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों के अनुरूप सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

# तेलंगाना महिला सुरक्षा विंग ने परोपकारी संस्थाओं के साथ की अहम बैठक

## महिला सुरक्षा पहलों को मज़बूत करने पर हुआ मंथन



हैदराबाद , 21 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस के महिला सुरक्षा विंग ने बुधवार को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े नेताओं, गैर-सरकारी संगठनों और परोपकारी संस्थाओं के साथ एक उच्चस्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य राज्य भर में महिला सुरक्षा पहलों को सशक्त बनाने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में समाधान की कमियों, बड़े स्तर पर लागू की जा सकने वाली पहलों और प्रभावी साझेदारी मॉडल पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किस प्रकार के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सुरक्षित आवागमन, न्याय तक पहुंच और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए टिकाऊ एवं परिणामोन्मुख कार्यक्रम विकसित किए जा सकते हैं। महिला सुरक्षा विंग की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने बैठक के दौरान उन प्रमुख क्षेत्रों को रेखांकित किया, जहां सीएसआर साझेदारियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इनमें अपराध की रोकथाम, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली, पीड़ितों का पुनर्वास तथा क्षमता निर्माण शामिल हैं।उन्होंने महिला सुरक्षा विंग की मौजूदा पहलों की भी जानकारी दी, जिनमें "भरोसा सेंटर', कौशल विकास कार्यक्रम, सर्वाइवर सपोर्ट सर्विसेज, सामुदायिक जागरूकता अभियान और तकनीक आधारित सुरक्षा पहलें प्रमुख हैं। बैठक को महिला सुरक्षा के लिए एक मजबूत सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसमें महिला सुरक्षा विंग, कॉर्पोरेट जगत, नागरिक समाज, सुरक्षा परिषदों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.